8. उभयपक्ष की साक्ष्य समाप्ति के पश्चात बहस अन्तिम सुनी गयी । बहस के दौरान प्रार्थी की ओर से उनके विद्वान प्रतिनिधि ने दलील दी कि प्रार्थी की नियुक्ति एवं सेवा समाप्ति, दोनों ही मौखिक थीं । प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा काम किया, इस तथ्य को दोनों पक्ष स्वीकार करते हैं । जनगणना अधिनियम की धारा 4, 11 एवं 18 को उन्होंने उद्धृत किया । धारा 4 में जनगणना कार्य के लिए किनको *नियुक्त किया जायेगा* व किस प्रकार से पर्यवेक्षण *किया जायेगा*, इसका उपबंध है । धारा 11 में जनगणना कार्य की सूचना को हटाने या नष्ट करने या उन्हें कूट-रचित बनाने या अन्य कोई ऐसा ही अनुचित कृत्य करता है तो उसके लिए क्या दण्ड हो सकता है, इसके प्रावधान हैं तथा धारा 18 में नियम बनाने की शक्तियों का उल्लेख है । आगे इसी अधिनियम में दैनिक वेतन भोगी/आकस्मिक *श्रमिक* (केजुअल लेबर) के पद का उल्लेख हुआ है । उनके द्वारा संविधान के अनुच्छेद 53, 73 एवं 299 को भी उद्धृत किया गया है । जो अनुबन्ध निष्पादित किया जाना बताया जा रहा है उसमें तो प्रार्थी ने केवल हस्ताक्षर ही किये, बाकी सभी इबारत तो अप्रार्थी द्वारा ही भरी गयी है एवं कोई भी अनुबन्ध दोनों पक्षकारों का एक साथ हस्ताक्षर करने पर ही पूर्ण होता है । इस मामले में अनुबन्ध में जहाँ एक ओर प्रार्थी ने कोटा में हस्ताक्षर किये तो भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से वी.एस. सिसोदिया, निदेशक ने हस्ताक्षर किये जबकि वी.एस. सिसोदिया कोटा में उपस्थित नहीं होकर जयपुर में थे, अत: ऐसा अनुबन्ध विधिसम्मत नहीं कहा जा सकता है एवं इस मामले में अनुबन्ध के प्रावधान लागू भी नहीं होते हैं । प्रार्थी को तो रोजगार चाहिए था, अत: जहाँ पर भी अप्रार्थी ने हस्ताक्षर *करवाये*, वहाँ उसने हस्ताक्षर कर दिये । प्रार्थी का पद 30-11-93 तक उपलब्ध होने के बावजूद भी उसकी सेवायें 30-6-92 को ही समाप्त कर दी गयी एवं जब प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा की सेवायें दी हैं तो उसे एक माह का नोटिस अथवा नोटिस अवधि का वेतन व मुआवजा देकर ही सेवायें समाप्त की जानी चाहिए थीं, अत: इन समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी का क्लेम स्वीकार किया जावे व इस सम्बन्ध में उसकी ओर से निम्नलिखित न्यायनिर्णय उद्धृत किये गये :-

"(1) सावित्री विजय बनाम भारत संघ-2008 (5) डब्ल्यू.एल.सी./राज./पृष्ठ 340—इस न्यायनिर्णय में जनगणना विभाग में नियुक्त कर्मचारी की सेवायें धारा 25-एफ की पालना किये जाने के बगैर समाप्त किये जाने पर मामले को औद्योगिक न्यायाधिकरण को भेजे जाने हेतु निर्देश दिये गये ।

(2) अनूप शर्मा बनाम अधिशासी अभियन्ता, पी.एच.डी. खण्ड I *पानीपत/हरियाणा*—2010(2)आर.एल.डब्ल्यू 1586(एस.सी)—इस मामले में धारा 25-एफ की पालना नहीं किये जाने पर कर्मचारी सेवा की निरन्तरता के साथ हकदार होंगे, ऐसा प्रतिपादित किया गया ।

(3) हरजिंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य भण्डारण निगम-2010 सीडीआर 401 (एस.सी.) के मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ नियोक्ता द्वारा "अन्त में आये प्रथम जाये" नियम का उल्लंघन करना सिद्ध हो जाता है तो फिर 240 दिन की अवधि तक कार्य करने की पूर्व शर्त अपेक्षित नहीं है ।

(4) कमिश्नर केन्द्रीय विद्यालय संघठन एवं अन्य बनाम अनिल कुमार सिंह व अन्य-(2003)10 एस.सी.सी.284—इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदात्मक नियुक्ति हुई है तो ऐसे कर्मकार की संविदा समाप्त होने की तिथि तक ही सेवा समाप्त नहीं की जानी चाहिए अपितु नियमित भरती तक उसकी सेवायें रखी जानी चाहिए थीं, अतः इस मामले में प्रार्थीगण को नियमित नियुक्ति हेतु आवेदन करने की अनुमति दी गयी ।

(5) राजस्थान राज्य बनाम गिरिराज प्रसाद एवं अन्य—2008 डब्ल्यू. एल.सी.(राज.) यू.सी. पृष्ठ 730—इस मामले में अंशकालीन कर्मकार को भी धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी माना गया ।"

9. इसके विपरीत अप्रार्थी की ओर से यह दलील दी गयी कि सर्वप्रथम तो प्रार्थी ने अपनी सेवा में नियुक्ति तथा समाप्ति दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से बतायी है वह सर्वथा असत्य है, अपितु प्रार्थी की नियुक्ति लिखित अनुबन्ध के आधार पर हुई थी एवं यह लिखित अनुबन्ध स्वयं प्रार्थी के द्वारा हस्ताक्षरित है एवं ऐसे अनुबन्ध पर प्रार्थी ने अपने हस्ताक्षर होना भी स्वीकार किया है । अतः अब प्रार्थी उस अनुबन्ध से परे जाकर यदि कोई कथन करता है तो वह कोई महत्व नहीं रखता है । प्रार्थी ने अनुबन्ध के तथ्यों को ही छिपा दिया है । प्रार्थी ने यह विवाद भी करीबन 10-11 वर्ष की देरी से उठाया है । इसके अलावा जनगणना का कार्य तो भारत सरकार द्वारा प्रति 10 वर्ष में एक बार कराया जाता है एवं उसमें महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक राज्य में जनगणना कराने के लिए आकस्मिक रूप से जिन पदों की जितने समय के लिए आवश्यकता होती है, वही स्वीकृति जारी होती है एवं उस स्वीकृति के अनुसरण में ही राज्य स्तर पर जनगणना निदेशक द्वारा प्रत्येक जिले के लिए अनुबन्ध के आधार पर संविदाकर्मी रखे जाते हैं । प्रार्थी को भी संविदा के आधार पर रखा गया था । औ.वि. अधिनियम की धारा 2(oo)(बीबी) में जहाँ किसी कर्मकार की संविदा के अनविनिकरण के कारण संविदा तिथि समाप्त होने पर सेवा समाप्त कर दी गयी है तो वह छंटनी की तारीफ में नहीं आता । अतः इस परिभाषा से ही यह स्पष्ट है कि इस मामले में प्रार्थी की छंटनी नहीं की गयी अपितु इसकी सेवायें संविदा समाप्त होने के साथ ही स्वतः समाप्त हो गयी थीं । इसके अलावा अप्रार्थी की ओर से एक दलील यह भी दी गयी कि जनगणना निदेशक द्वारा जो पत्र दि. 30-11-93 को जारी किया गया था वह केवल उन्हीं कर्मकारों के सम्बन्ध में था जो पहले से ही नियमित रूप से नियुक्त होकर जनगणना के कार्य में लगे हुए थे, अन्यथा आकस्मिक रूप से या संविदा के आधार पर रखे गये संविदाकर्मियों की तो सेवायें 30-6-92 के पश्चात जारी नहीं रखने का स्वयं जनगणना निदेशक का तार दिनांक 4-3-92 का है जिसमें स्पष्ट कर दिया गया था कि क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जून, 92 तक ही काम कर पायेगें एवं इसी अनुसरण में निदेशक, जनगणना राजस्थान द्वारा पूरे राजस्थान राज्य में क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया । अतः जब प्रार्थी का ना तो कोई कार्य शेष रहा एवं ना ही कोई स्वीकृति थी तो फिर कैसे इसे और आगे रखा जाता । इसके अलावा जनगणना विभाग किसी उद्योग की श्रेणी में भी नहीं आता है क्योंकि वहाँ पर कोई औद्योगिक एवं व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित नहीं होती है, यह राज्य का एक सार्वभौमिक कर्तव्य है । प्रार्थी स्वच्छ हाथों से न्यायाधिकरण के समक्ष नहीं आया है, अतः प्रार्थी का क्लेम स्टेटमेन्ट खारिज किया जावे । पूर्व में भी इस न्यायाधिकरण द्वारा इसी प्रकार के कुछ प्रकरण खारिज किये जा चुके हैं । उक्त दलीलों के अलावा निम्न न्यायदृष्टांत भी अप्रार्थी की ओर से उद्दृत किये गये हैं :—

"(1) 1996 लेब.आई.सी. पृष्ठ 915(एस.सी.)—सुल्तान सिंह बनाम हरियाणा राज्य—इस मामले में जहाँ राज्य सरकार ने किसी औद्योगिक विवाद को औद्योगिक विवाद नहीं मानते हुए रेफर करने से इन्कार कर दिया तो माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सरकार के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया गया ।

(2) प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स बनाम श्रम न्यायालय कोजीकोड एवं अन्य—2000 लेब.आई.सी. 649 (केरला उ. न्या.)—इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदा से नवीनीकरण नहीं होने के कारण सेवायें समाप्त हो गयी हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(3) श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए एवं अन्य—आर.एल.डब्ल्यू. 2003 (1) राज. पृष्ठ 171- इस न्यायनिर्णय में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ कर्मकार संविदा पर निश्चित अवधि के लिए नियुक्त हुआ, उसने वह संविदा स्वीकार की एवं संविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात सेवा समाप्त हुई तो कर्मकार सेवा में नियुक्त किये जाने का अधिकारी नहीं हो सकता ।

(4) अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा—2001(3)राज. पृष्ठ 1465—इस मामले में भी जहाँ अस्थायी रूप से या तदर्थ संविदा के आधार पर नियुक्ति हुई है तो सेवा समाप्ति के उपरान्त कोई लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं माना गया ।

(5) अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेश कुमार के. भट्ट— 2000 लेब.आई.सी. 818 (गुजरात उ. न्या.)— इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी विशेष अवधि के लिए नियुक्ति हुई हो तो उस अवधि के समाप्त होने पर उस सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(6) एस.एम. निलाजकर बनाम टेलीकॉम डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कर्नाटका—2003(97) एफ.एल.आर. 608—इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी योजना के समाप्त होने के साथ ही कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो वह छंटनी की परिधि में नहीं आता है ।

(7) नवोदय विद्यालय बनाम श्रीमती के.आर. हेमावेती—2000 लेब. आई.सी. 3745(कर्नाटक उ.न्या.)- इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ अस्थायी नियुक्ति संविदा के अधीन निश्चित अवधि के लिए हुई है तो 240 दिन से ज्यादा काम करने पर भी उसकी सेवा अवधि समाप्त होने पर सेवा से पृथक किया जाना छंटनी की परिभाषा में नहीं आता ।"

10. हमने उभयपक्ष द्वारा दी गयी दलीलों तथा उद्धृत किये गये न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धांतों पर मनन किया ।

11. जहाँ तक प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत "सावित्री विजय" के निर्णय का सवाल है, इस निर्णय में तो मात्र सरकार को विवाद अधिनिर्णय के लिए निर्देशित किये जाने का आदेश दिया गया । अब हस्तगत मामले में प्रार्थी की सेवायें किस प्रकार की थीं, क्या वह नियमित रूप से भरती की नियमित प्रक्रिया से गुजरकर नियुक्त हुआ या उसे दैनिक अनुबन्ध पर या अवधि विशेष के लिए अनुबंधित किया गया ? इस सम्बन्ध में प्रार्थी की ओर से दलील दी गयी कि प्रार्थी को सेवा में मौखिक रूप से नियुक्त किया गया एवं मौखिक रूप से हटाया गया। अप्रार्थी की ओर से इसका खण्डन किया जाकर प्रार्थी द्वारा संविदा के रूप में नियुक्त होने के संविदा-प्रपत्र की ओर न्यायाधिकरण का ध्यान आकृष्ट किया गया । इस संविदा-पत्र का अवलोकन करने पर यह पाया जाता है कि इसमें प्रार्थी/प्रार्थीया को कम्पायलर/चेकर/आकस्मिक श्रमिक/दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के रूप में संविदा निष्पादन की तिथि से लेकर 29-2-92 तक व उसके बाद में एक और संविदा-पत्र के द्वारा 30-6-92 तक रखा गया । अत: ऐसे में जब किसी नियोजन के सम्बन्ध में लिखित रूप से दस्तावेजात पक्षकारों के मध्य निष्पादित हुए हैं तो ऐसे में उन दस्तावेजात से परे जाकर कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार नहीं की जा सकती एवं ना ही अब यह प्रार्थी ऐसे दस्तावेज का खण्डन कर सकता है । स्वयं प्रार्थी ने अपनी जिरह में स्वीकार किया है मुझे कांट्रेक्ट पर रखा गया तथा एक अनुबन्ध समाप्त होने पर दूसरा अनुबन्ध-पत्र भरवाया गया मैंने 30-6-92 तक ही काम किया तथा जितने दिन काम किया उतने दिनों का वेतन मिल चुका है । अनुबन्ध हमने नहीं पढ़ा, बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर दिये । इस सम्बन्ध में न्यायाधिकरण का इतना ही कहना पर्याप्त है कि जहाँ एक व्यक्ति जनगणना विभाग में कार्य करने जा रहा है एवं उसने एक बार या दो बार अनुबन्ध अप्रार्थी के साथ किया है एवं वह बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर रहा है जबकि प्रार्थी उम्रयाप्ता व्यक्ति है तो क्या उससे ऐसी अपेक्षा की जा सकती है? इस सम्बन्ध में उत्तर नकारात्मक ही होगा । कोई भी व्यक्ति बिना पढ़े अनुबन्ध पर शायद ही हस्ताक्षर करेगा, यदि उसे अनुबन्ध की शर्तें मंजूर नहीं थी तो । अत: अब उस अनुबन्ध के सम्बन्ध में यह अभिकथन करना कि उसके खाली कागज पर हस्ताक्षर करा लिये गये एवं उसने अनुबन्ध नहीं पढ़ा, इस प्रकार की दलीलें स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है एवं यदि इस प्रकार की दलीलें किसी लिखित अनुबन्ध के सम्बन्ध में स्वीकार कर ली जायेंगी तो फिर अनुबन्ध की प्रत्येक शर्त या इबारत के खण्डन में मौखिक दलील आयेंगी एवं लिखित अनुबन्ध का कोई अर्थ नहीं रहेगा, जबकि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 में जहाँ कोई लिखित दस्तावेज निष्पादित किया गया है तो उस दस्तावेज के कन्टेन्ट्स (अर्न्तवस्तु) के सम्बन्ध में कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार किये जाने का निषेध है । अत: प्रार्थी की ओर से इस अनुबन्ध के खण्डन में जो मौखिक दलील दी गयी वह किसी भी रूप में स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है ।

12. प्रार्थी की ओर से यह दलील कि उसके अनुबन्ध की तिथि दिनांक 31-12-93 तक थी एवं उसे बीच में हटा दिया गया, इस सम्बन्ध में अप्रार्थी की ओर से महापंजीयक, जनगणना के तार की फोटोप्रति प्रदर्शित करवायी गयी है । इसमें यह वर्णित किया गया कि जो आयोजना से भिन्न या अस्थायी प्रकृति के पद थे, उन्हें समाप्त किये जाने के निर्देश हैं एवं इसी के अनुसरण में जनगणना निदेशालय, राजस्थान द्वारा 30-6-92 को ऐसे पदों को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया एवं उसी के तहत प्रार्थी का अनुबन्ध समाप्त कर सेवायें समाप्त की गयी तो इस सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त है कि निदेशक, जनगणना विभाग द्वारा पूर्व में वर्ष 90 में जो पद सृजित किये गये थे, वे जनगणना कार्य के लिए ही थे एवं जैसे ही जनगणना कार्य पूरा हो गया एवं उन पदों की आवश्यकता नहीं रही तो अनुबन्ध समाप्त कर दिया गया, इसमें किसी प्रकार की कोई दुर्भावना लेशमात्र भी नहीं थी एवं यह कार्य ना केवल राजस्थान अपितु पूरे भारतवर्ष में किया गया, अत: इसे विभेदात्मक या भेदभावपूर्वक भी नहीं कहा जा सकता है ।

13. अप्रार्थी की ओर से जो न्यायनिर्णय "प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स/प्रा. लि. कालीकट बनाम श्रम न्यायलय, कोजीकोड" का उद्धृत किया गया है एवं अन्य न्यायनिर्णय "श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए, अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेशकुमार के. भट्ट" जो उद्धृत किये गये हैं, इन सभी में यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि जहाँ कोई नियुक्ति अनुबन्ध के तहत हुई है तो फिर उस अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर या निश्चित अवधि समाप्त होने के फलस्वरूप यदि सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी नहीं माना जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम की पालना किया जाना अपेक्षित नहीं है । हस्तगत मामले में भी प्रार्थी की अनुबन्ध के तहत सेवायें समाप्त हुई है तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी की तारीफ में नहीं लिया जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना किया जाना लाजिमी नहीं कहा जा सकता ।

14. इस सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय का न्यायनिर्णय "सैक्रेट्री, स्टेट ऑफ कर्नाटका एवं अन्य बनाम उमादेवी एवं अन्य—(2006) 4 एस.सी.सी. पृष्ठ 1" का भी महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय के कुछ अंश इस प्रकार के विवाद के सम्बन्ध में निम्नानुसार हैं :—

"Service Law—Casual Labour/Temporary Employee—Status and rights of—Unequal bargaining power—Effect—Held, such employees do not have any right to regular or permanent public employment—Further, temporary, contractual, casual, ad hoc or daily-wage pubic employment must be deemed to be accepted by the employee concerned fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it—Reasons for, discussed in detail—Labour Law."

"Phenomenon of 'litigious employment' which had arisen due to issuance of such directions by High Courts, and even Supreme Court, highlighted—Held, merely because an employee had continued under cover of an order of the court, under 'litigious employment' or had been continued beyond the term of his appointment by the State or its instrumentalities, he would not be entitled

to any right to be absorbed or made permanent in service, merely on the strength of such continuance, if the original appointment was not made by following a due process of selections as envisaged by the relevant rules--It is further not open to the court to prevent regular recruitment at the instance of such employees—Unsustainability of claim to permanence on basis of long continuance in irregular or illegal public employment, discussed in detail."

इसी न्यायनिर्णय के पैरा 30 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जो टिप्पणी की गयी है वह भी महत्वपूर्ण है जो निम्नानुसार है:—

"Their Lordships cautioned that if directions are given to re-engage such persons in any other work or appoint them against existing vacancies, 'the judicial process would become another mode of recruitment dehors the rules'."

इसी न्यायनिर्णय में आगे पैरा नं. 45 एवं 47 के कुछ अंश भी निम्नानुसार हैं :—

"While directing that appointments, temporary or casual, be regularised or made permanent, the courts are swayed by the fact that the person concerned has worked for some time and in some cases for a considerable length of time. It is not as if the person who accepts an engagement either temporary or casual in nature, is not aware of the nature of his employment. He accepts the employment with open eyes. It may be true that he is not in a position to bargain- not at arm's length---since he might have been searching for some employment so as to eke out his livelihood and accepts whatever he gets. But on that ground alone, it would not be appropriate to jettison the constitutional scheme of appointment and to take the view that a person who has temporarily or casually got employed should be directed to be continued permanently. By doing so, it will be creating another mode of public appointment which is not permissible. If the court were to void a contractual employment of this nature on the ground that the parties were not having equal bargaining power, that too would not enable the court to grant any relief to that employee. A total embargo on such casual or temporary employment is not possible, given the exigencies of administration and if imposed, would only mean that some people who at least get employment temporarily, contractually or casually, would not be getting even that employment when securing of such employment brings at least some succour to them. After all, innumerable citizens of our vast country are in search of employment and one is not compelled to accept a casual or temporary employment if one is not inclined to go in for such an employment. It is in that context that one has to proceed on the basis that the employment was accepted fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it. In other words, even while accepting the employment, the person concerned knows the nature of his employment. It is not an appointment to a post in the real sense of the term. The claim acquired by him in the post in which he is temporarily employed or the interest in that post cannot be considered to be of such a magnitude as to enable the giving up of the procedure established, for making regular appointments to available posts in the services of the State. The argument that since one has been working for some time in the post, it will not be just to discontinue him, even though he was aware of the nature of the employment when he first took it up, is not (sic) one that would enable the jettisoning of the procedure established by law for public employment and would have to fail when tested on the touchstone of constitutionality and equality of opportunity enshrined in Article 14 of the Constitutions."

"When a person enters a temporary employment or gets engagement as a contractual or casual worker and the engagement is not based on a proper selection as recognised by the relevant rules or procedure, he is aware of the consequences of the appointment being temporary, casual or contractual in nature. Such a person cannot invoke the theory of legitimate expectation for being confirmed in the post when an appointment to the post could be made only by following a proper procedure for selection and in cases concerned, in consultation with the Public Service Commission. Therefore, the theory of legitimate expectation cannot be successfully advanced by temporary, contractual or casual employees."

15. इसके अलावा "राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर बनाम सदासुख गूर्जर-आर.एल.डब्ल्यू. 2002(4) राज. पृष्ठ 2500" के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह प्रतिपादित किया कि जहाँ कर्मकार की अनुबन्ध के तहत निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति हुई है एवं अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर एवं अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने पर कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान की पालना अपेक्षित नहीं है ।

16. इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) में "छंटनी" की परिभाषा में जो कर्मकार की सेवायें समाप्त करना बताया गया है, उसके अपवाद (बीबी) में यह वर्णित है कि जहां वर्तमान कर्मकार की संविदा के नवीनीकरण के अभाव में सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता ।

17. अतः उपरोक्त विधिक स्थिति एवं न्यायनिर्णयों के आलोक में यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि जहाँ संविदाकर्मी की सेवायें संविदा के तहत समाप्त हो चुकी हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता । इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ऊपर उद्धृत किये गये "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में इस दलील को भी अस्वीकृत कर दिया गया कि अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करते समय कर्मकार ने उसे पढ़ा ही नहीं, आदि बाबत आपत्तियां इस निर्णय के आलोक में किंचित मात्र स्वीकार योग्य नहीं रहती है ।

18. इसके अलावा "मोह. राजमोहम्मद बनाम औ.न्या. एवं श्रम न्यायालय, बारंगल एवं अन्य-2003(2) एल.एल.जे. पृष्ठ 1149"

के मामले में माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जनगणना विभाग के सम्बन्ध में निम्न निष्कर्ष निकाला गया है:-

"The Census Department of the Government of India cannot be said to be an Industry under Section 2(j) of the Industrial Disputes Act, as the functions and activities carried on by the said Department is purely severeign functions and welfare of the entire nation depends on the information collected, tabulated and prepared by the said department. Hence, the respondent cannot be called to be an Industry within the meaning of Section 2(j) of the Industrial Disputes Act. The function of enumeration of Census work is purely a sovereign function."

19. इसके अलावा एक और न्यायनिर्णय "रामलत बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य-2011(130) एफ.एल.आर. (इला.उ.न्या.) पृष्ठ 484" का महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय में भी माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कुष्ठ उन्मूलन योजना समाप्त हो जाने पर उस योजना में लगे कर्मकारों द्वारा राज्य के अन्य विभाग में समायोजन किये जाने की याचिका पर निम्नानुसार निष्कर्ष दिया गया है :-

"Appointment—Under the National Leprosy Eradication Programme launched by Central Government—Non-extention of scheme—work refused—Writ Court directed the State to take policy decision for their absorption in any other medical or non-medical department—Approach to State Government—Absorption refused—Legality of Rightly observed that the absorption of the petitioners against post available in other medical health department would only amount to back door entry which is legally not permissible—No interference warranted—Petition dismissed."

20. अत: ऊपर वर्णित न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धान्तों की विधिक स्थिति आदि के विवेचन के उपरान्त यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रार्थी एक संविदा के अधीन नियुक्त कर्मी था ना कि मौखिक रूप से उसे सेवा में नियोजित किया गया एवं ना ही उसे मौखिक रूप से हटाया गया, अपितु संविदा समाप्त होने के उपरान्त उसकी सेवायें समाप्त हुई, अत: ऐसे में उसकी सेवायें समाप्त होना किसी भी रूप में "छंटनी" की परिधि में नहीं आता है । प्रार्थी की संविदा निष्पादन के सम्बन्ध में दी गयी दलीलें भी ऊपर किये गये विवेचन व माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में दिये गये निर्णय से स्वत: सार रहित हो जाती हैं एवं माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने तो ऊपर उद्धृत किये गये न्यायनिर्णय में भारत सरकार के जनगणना विभाग को "उद्योग" की श्रेणी में ही नहीं माना है एवं इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) के अपवाद (बीबी) के तहत जहाँ सेवायें अनुबन्ध के समाप्ति के कारण समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी की परिधि में नहीं लाया जा सकता है एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना भी अपेक्षित नहीं है । प्राथी स्वयं ने अनुबन्ध निष्पादित किये जाने के तथ्य को स्वीकार किया है । अनुबन्ध के तहत ही उसने अपनी सेवायें दी हैं । अब उस अनुबन्ध की वैधता का विनिश्चय इस मामले में नहीं किया जा सकता है कि वह अनुबन्ध वैध था या अवैध क्योंकि वह अनुबन्ध अब समाप्त हो चुका है । इसके अलावा प्रार्थी द्वारा अपना विवाद भी करीबन 10 वर्ष की देरी से उठाया गया है जिसका भी कोई संतोषप्रद कारण प्रकट नहीं किया गया है । प्रार्थी की सेवायें अप्रार्थी द्वारा मनमाने तरीके से या भेदभावपूर्वक समाप्त नहीं की जाकर पूरे भारत वर्ष के अन्य जनगणना कर्मियों के साथ समाप्त की गयी है । यह प्रार्थी व अन्य प्रार्थीगण में से कोई यदि भरती की नियमित प्रक्रिया से गुजरे तो वे उस भरती प्रक्रिया में शामिल किये जाने योग्य भी नहीं थे क्योंकि कुछ प्रार्थीगण तो अधिकतम आयु सीमा से भी काफी ऊपर की आयु सीमा तक पहुँच चुके थे । अत: इन सभी तथ्यों एवं ऊपर किये गये विवेचन का समेकित सार यही है कि प्रार्थी की इस मामले में सेवा समाप्ति जो 30-6-92 को अप्रार्थी द्वारा की गयी है, वह अनुबन्ध की समाप्ति के फलस्वरूप की गयी है एवं ऐसे में प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं बनता है ।

परिणामस्वरूप भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासंगिक आदेश क्रमांक एल-42012/170/2000-आईआर (डीयू)/ दिनांक 28-9-2000 एवं अग्रेषित पत्र दिन. 31-7-2001 के जरिये सम्प्रेषित निर्देश/रेफ्रेन्स को इसी अनुरूप उत्तरित किया जाता है कि हस्तगत मामले में अप्रार्थी निदेशक, जनगणना विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रार्थी हरिराम की जो सेवायें समाप्त की गयी हैं, वह अनुबन्ध के तहत ही की गयी है एवं ऐसे में उनका यह कृत्य उचित एवं वैद्य था । अत: प्रार्थी हरिराम किसी प्रकार का कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

प्रकाश चन्द्र पगारीया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2013

का.आ. 348.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डायरेक्टर, सेन्सस ऑपरेशन, जयपुर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण कोटा के पंचाट (संदर्भ संख्या 21/2001) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 6-1-2013 को प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल-42012/169/2000-आईआर (डीयू)]
सुमति सकलानी, अनुभाग अधिकारी

New Delhi, the 15th January, 2013

S.O. 348.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 21/2001) of Industrial Tribunal Kota as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the The Director, Census Operations, Jaipur and their workman, which was received by the Central Government on 6-1-2013.

[No. L-42012/169/2000-IR (DU)]
SUMATI SAKLANI, Section Officer

अनुबन्ध

औद्योगिक न्यायाधिकरण/केन्द्रीय/कोटा/राजस्थान

पीठासीन अधिकारी: श्री प्रकाश चन्द्र पगारीया, आर.एच.जे.एस.
निर्देश प्रकरण क्रमांक औ.न्या./केन्द्रीय/-21/2001
दिनांक स्थापित : 9-8-2001

प्रसंग : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश क्रमांक एल-42012/169/2000-आई.आर./डीयू/दिनांक 28-9-2000 एवं अग्रेषित पत्र दि. 6-8-2001 निर्देश/विवाद अन्तर्गत धारा 10(1)(घ) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

मध्य

अनवर अहमद पुत्र मोहम्मद शकूर, निवासी हिरण बाजार, इमली का चौक वार्ड नं. 31 चन्द्रघटा, कोटा।

—प्रार्थी श्रमिक

एवं

डॉयरेक्टर, सेन्सस ऑपरेशन, 6-बी झालाना डूँगरी, जयपुर।

—अप्रार्थी नियोजक

उपस्थित

प्रार्थी श्रमिक की ओर से प्रतिनिधि :— श्री एस.एल. सोनगरा

अप्रार्थी नियोजक की ओर से प्रतिनिधि:— श्री सी.बी. सोरल

अधिनिर्णय दिनांक : 21-11-2012

अधिनिर्णय

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश दि. 28-9-2000 एवं अग्रेषित पत्र दिनांक 6-8-2001 के द्वारा निम्न निर्देश/विवाद,औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे तुदपरान्त "अधिनियम" से सम्बोधित किया जावेगा) की धारा 10(1)(घ) के अन्तर्गत इस न्यायाधिकरण को अधिनिर्णयार्थ सम्प्रेषित किया गया है:-

"Whether the termination of Sh. Anwar Ahmed S/o Sh. Mohammed Shakoor Musalman by the management of Census Department, Jaipur w.e.f. 30-6-92 is legal and justified? If not, to what relief the dispuntant is entitled and from which date ?"

2. निर्देश/विवाद, न्यायाधिकरण में प्राप्त होने पर पंजीबद्ध उपरान्त पक्षकारों को नोटिस/सूचना जारी का विधिवत् अवगत करवाया गया।

3. इस अधिनिर्णय से इस न्यायाधिकरण में ऊपर वर्णित प्रकरण सं. औ. न्या./केन्द्रीय/-21/2001 का निस्तारण किया जा रहा है। हालांकि इसी प्रकार के अन्य और प्रकरण भी इस न्यायाधिकरण में लम्बित हैं एवं उन प्रकरणों में भी अप्रार्थी जो इस प्रकरण में है, वही है तथा उन प्रकरणों के तथ्य भी इस प्रकरण के तथ्यों से मिलते-जुलते हैं, साक्ष्य भी प्राय: समान रूप से आयी है एवं बहस भी पक्षकारों ने सभी प्रकरणों को समेकित करते हुए ही की है, अत: सभी प्रकरणों का हालांकि अलग-अलग रूप से निस्तारण किया जा रहा है परन्तु प्रकरणों के तथ्य, पक्षकारों की साक्ष्य एवं दी गयी दलीलों आदि को देखते हुए सभी में विवेचन प्राय: समान ही है एवं उसी अनुरूप इस प्रकरण के अलावा अन्य कुल 12 प्रकरण हैं, उनका भी आज ही निस्तारण किया जा रहा है।

4. इस प्रकरण में प्रार्थी ने अपने आपको दैनिक वेतन भोगी श्रमिक बताया है एवं उसने अपनी नियुक्ति तिथि 24-4-1991 एवं हटाने की तिथि 30-6-92 बतायी है। प्रार्थी ने सेवा में नियोजन व समाप्ति, दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से किया जाना बताया है। विशेष रूप से यहाँ यह उल्लेख करना भी समीचीन होगा कि प्राय: सभी प्रकरणों में दलीलें व साक्ष्य भी जिस रूप में आयी है उसमें बहस के दौरान पक्षकारों के विद्वान प्रतिनिधिगण ने यह अभिकथन किया कि चूँकि सभी प्रकरणों में साक्ष्य मौखिक व दस्तावेजों एक जैसी ही है, अत: किसी भी एक प्रकरण की दस्तावेजी साक्ष्य जिसमें कि उभयपक्ष द्वारा पेशशुदा सभी दस्तावेज प्रदर्शित हुए हैं, उसको इस प्रकरण के विनिश्चय के लिए आधारभूत माना जावे। अत: इस अभिकथन को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में उभयपक्ष की सभी प्रकरण में आयी हुई दस्तावेजी साक्ष्य को समेकित करते हुए मौखिक साक्ष्य के आलोक में उसका विवेचन व विश्लेषण कर विनिश्चय का आधार माना जा रहा है।

5. प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित किया कि उसे अप्रार्थी विभाग द्वारा दिनांक 24-4-1991 से दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के पद पर सेवा में नियोजित किया गया। नियुक्ति आदेश मौखिक था, लिखित में कोई आदेश नहीं दिया गया। बाद में सहायक निदेशक, जनगणना, कोटा कार्यालय समाप्त हो गया एवं उसका कार्य निदेशक जनगणना, राजस्थान जयपुर द्वारा किया जा रहा है। यह कार्य भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा महापंजीयक के तहत करवाया जाता है जिसमें जिला स्तर पर सहायक निदेशक व राज्य स्तर पर निदेशक जनगणना का कार्य करते हैं। इस कार्य के लिए कर्मकारों की नियुक्ति, पदों की स्वीकृति महापंजीयक, जनगणना, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा की जाती है जिसमें प्रार्थी श्रमिक के आकस्मिक श्रमिक के पद की स्वीकृति भी दिनांक 21-12-93 तक जारी की गयी थी। प्रार्थी श्रमिक ने अपनी नियुक्ति तिथि से 30-6-92 तक लगातार 240 दिन से अधिक समय तक कार्य किया है एवं प्रार्थी के पद की स्वीकृति भी महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा 30-11-93 तक बढ़ा दी गयी थी परन्तु इसके बावजूद भी प्रार्थी को 1-7-92 से कार्य पर आने से मना कर दिया एवं 1-7-92 को जब प्रार्थी कार्य पर गया तो उसकी सेवायें समाप्त कर दी गयी। इस सम्बन्ध में उसे कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया, मौखिक रूप से सेवा समाप्त की गयी। प्रार्थी की सेवा समाप्ति छंटनी की तारीफ में आता है एवं सेवा समाप्ति से पहले प्रार्थी की वरिष्ठता सूची का कोई प्रकाशन भी नहीं किया गया, अन्त में आये पहले जाये सिद्धांत की पालना भी नहीं की गयी तथा छंटनी के आज्ञापक प्रावधानों की पालना भी नहीं की गयी, कार्यदिवसों की संख्या भी कम करने के लिए उसमें कृत्रिम रूप से कमी दिखाई गयी। प्रार्थी की सेवायें दिनांक 30-6-92 को समाप्त करना व सेवा समाप्ति से पहले धारा 25-एफ, जी, एच की पालना नहीं करना

विधिसम्मत नहीं है । प्रार्थी द्वारा इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर बेंच में एक रिटयाचिका संख्या 4295/92 प्रस्तुत की गयी जो दिनांक 9-5-97 को निर्णित की गयी एवं प्रार्थी को समझौता अधिकारी के यहाँ कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया । समझौता अधिकारी के यहाँ वार्ता असफल हुई । फिर प्रार्थी ने पुन: एक रिटयाचिका माननीय उच्च न्यायालय में 2479/99 प्रस्तुत की जिसमें सरकार को औद्योगिक विवाद रेफर करने का आदेश दिया गया एवं उस आदेश के अनुसरण में भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा यह विवाद इस न्यायाधिकरण को रेफर किया गया । अत: प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट के माध्यम से उसके दैनिक वेतन भोगी श्रमिक/आकस्मिक श्रमिक पद से अप्रार्थी द्वारा दिनांक 30-6-92 से मौखिक रूप से सेवायें समाप्त करना अवैध घोषित करने के साथ ही लगातार सेवा में माने जाने व पिछले वेतन व परिलाभों व सेवा की निरन्तरता के साथ सेवा में बहाल किये जाने के अनुतोष की मांग की है ।

6. अप्रार्थी द्वारा इसका जवाब पेश किया गया जिसमें वर्णित किया गया कि केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्येक 10 वर्ष में जनगणना का कार्य करवाया जाता है । वर्ष 1991 में भी पूरे देश में राजस्थान सहित जनगणना का कार्य करवाया गया । जनगणना के बढ़े हुए अतिरिक्त कार्य के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के पद अल्पावधि के लिए उपलब्ध करवाये जाते हैं एवं वे पद जनगणना कार्य पूरा होने के साथ की समाप्त हो जाते हैं । भारत के महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा भी अपने आदेश दिनांक 6-11-90 के द्वारा कुल 1864 पद 1-3-91 से 29-2-92 तक की अवधि के लिए स्वीकृति किये गये एवं पदों को बाद में तार दिनांक 4-3-92 के द्वारा जून, 92 तक जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी । अत: प्रार्थी का यह कथन असत्य है कि इसकी नियुक्ति मौखिक रूप से की गयी, अपितु इन पद हेतु विज्ञापन के अनुसार साक्षात्कार के आधार पर अनुबन्ध पर प्रार्थी पर नियुक्ति आकस्मिक श्रमिक के पद पर की गयी थी । प्रार्थी का प्रथम अनुबन्ध इसकी नियुक्ति तिथि से 29-2-92 तक व दूसरा अनुबन्ध 3-3-92 से 30-6-92 तक हस्ताक्षरित किया गया था । प्रार्थी का यह कथन भी गलत है कि उसके पद की स्वीकृति 21-12-93 तक ही जारी की गयी । सभी क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जिसमें कोटा कार्यालय भी सम्मिलित है, 30-6-92 को ही बन्द कर दिये गये थे एवं अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार पद समाप्ति के साथ ही प्रार्थी को सेवा से पृथक कर दिया गया था । प्रार्थी को अनुबन्ध में वर्णित समेकित वेतन रु. 750 प्रतिमाह पर अनुबन्धित किया गया था वे उसने स्वयं ने अपनी इच्छा से अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये, अत: मौखिक रूप से नियुक्ति किये जाने का तथ्य असत्य व भ्रामक है । इसके अलावा महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा केवल नियमित पदों की स्वीकृति 31-12-93 तक जारी की गयी थी जबकि दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के पद तो 30-6-92 तक ही उपलब्ध थे । चूंकि प्रार्थी अनुबन्ध के आधार पर अनुबन्धित था, अत: वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाना या हटाने से पहले क्षतिपूर्ति दिया जाना कतई आवश्यक नहीं था एवं वैसे भी जनगणना का कार्य "उद्योग" की श्रेणी में नहीं आता है, ऐसा "भवानीशंकर गौतम बनाम निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, राज. जयपुर-प्रकरण सं. औ.न्या/केन्द्रीय/21/99" के मामले के दिये गये निर्णय से भी स्पष्ट है । इसके अलावा अपने जवाब में अप्रार्थी ने प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित तथ्यों को अस्वीकार करते हुए अन्त में प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट को खारिज किये जाने की प्रार्थना की है ।

7. इसके पश्चात् साक्ष्य प्रार्थी में प्रार्थी श्रमिक अनवर अहमद का शपथ-पत्र पेश किया गया, अप्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी एवं साक्ष्य अप्रार्थी में गवाह एच.सी.शर्मा का शपथ-पत्र पेश हुआ, प्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी । प्रलेखीय साक्ष्य में उभयपक्ष की ओर से कुछ प्रदर्श जिनमें कि महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 30-11-93 की प्रति, रेफ्रेन्स की प्रति, उभयपक्ष के मध्य निष्पादित संविदा-प्रपत्र, महापंजीयक कार्यालय से जारी तार की फोटोप्रति एवं इसके अनुसरण में निदेशक, निदेशालय, जनगणना राजस्थान, जयपुर द्वारा समस्त क्षेत्रीय जनगणना/सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 से समाप्त करने के पत्र व भारत सरकार के महापंजीयक जनगणना द्वारा जनगणना कार्य हेतु प्रत्येक राज्य के निदेशालय हेतु स्वीकृत पदों का संख्या आदि के पत्र हैं, को प्रदर्शित करवाया गया । हालाँकि सभी प्रकरण में ये पत्र प्रदर्शित नहीं हुए परन्तु चूंकि सभी के लिए यह सामग्री आधारभूत है, अत: सभी प्रकरणों के विनिश्चय के लिए इन्हें भी आधार माना गया है ।

8. उभयपक्ष की साक्ष्य समाप्ति के पश्चात् बहस अन्तिम सुनी गयी । बहस के दौरान प्रार्थी की ओर से उनके विद्वान प्रतिनिधि ने दलील दी कि प्रार्थी की नियुक्ति एवं सेवा समाप्ति, दोनों ही मौखिक थीं । प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा काम किया, इस तथ्य को दोनों पक्ष स्वीकार करते हैं । जनगणना अधिनियम की धारा 4, 11 एवं 18 को उन्होंने उद्धृत किया । धारा 4 में जनगणना कार्य के लिए किनको नियुक्त किया जायेगा व किस प्रकार से पर्यवेक्षण किया जायेगा, इसका उपबंध है । धारा 11 में जनगणना कार्य की सूचना को हटाने या नष्ट करने या उन्हें कूट-रचित बनाने या अन्य कोई ऐसा ही अनुचित कृत्य करता है तो उसके लिए क्या दण्ड हो सकता है, इसके प्रावधान हैं तथा धारा 18 में नियम बनाने की शक्तियों का उल्लेख है । आगे इसी अधिनियम में दैनिक वेतन भोगी/आकस्मिक श्रमिक (केजुअल लेबर) के पद का उल्लेख हुआ है । उनके द्वारा संविधान के अनुच्छेद 53, 73 एवं 299 को भी उद्धृत किया गया है । जो अनुबन्ध निष्पादित किया जाना बताया जा रहा है उसमें तो प्रार्थी ने केवल हस्ताक्षर ही किये, बाकी सभी इबारत तो अप्रार्थी द्वारा ही भरी गयी है एवं कोई भी अनुबन्ध दोनों पक्षकारों का एक साथ हस्ताक्षर करने पर ही पूर्ण होता है । इस मामले में अनुबन्ध में जहाँ एक ओर प्रार्थी ने कोटा में हस्ताक्षर किये तो भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से वी.एस. सिसोदिया, निदेशक ने हस्ताक्षर किये जबकि वी.एस. सिसोदिया कोटा में उपस्थित नहीं होकर जयपुर में थे, अत: ऐसा अनुबन्ध विधिसम्मत नहीं कहा जा सकता है एवं इस मामले में अनुबन्ध के प्रावधान लागू भी नहीं होते हैं । प्रार्थी को तो रोजगार चाहिए था, अत: जहाँ पर भी अप्रार्थी ने हस्ताक्षर करवाये, वहाँ उसने हस्ताक्षर कर दिये । प्रार्थी का पद 30-11-93 तक उपलब्ध होने के बावजूद भी उसकी सेवायें 30-6-92 को ही समाप्त कर दी गयी एवं जब प्रार्थी ने 240 दिन से

ज्यादा की सेवायें दी हैं तो उसे एक माह का नोटिस अथवा नोटिस अवधि का वेतन व मुआवजा देकर ही सेवायें समाप्त की जानी चाहिए थीं, अतः इन समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी का क्लेम स्वीकार किया जावे व इस सम्बन्ध में उसकी ओर से निम्नलिखित न्यायनिर्णय उद्धृत किये गये :-

"(1) सावित्री विजय बनाम भारत संघ-2008 (5) डब्ल्यू.एल.सी./राज./पृष्ठ 340—इस न्यायनिर्णय में जनगणना विभाग में नियुक्त कर्मचारी की सेवायें धारा 25-एफ की पालना किये जाने के बगैर समाप्त किये जाने पर मामले को औद्योगिक न्यायाधिकरण को भेजे जाने हेतु निर्देश दिये गये ।

(2) अनूप शर्मा बनाम अधिशासी अभियन्ता, पी.एच.डी. खण्ड I पानीपत/हरियाणा—2010(2)आर.एल.डब्ल्यू. 1586(एस.सी)—इस मामले में धारा 25-एफ की पालना नहीं किये जाने पर कर्मचारी सेवा की निरन्तरता के साथ हकदार होंगे, ऐसा प्रतिपादित किया गया ।

(3) हरजिंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य भण्डारण निगम-2010 सीडीआर 401 (एस.सी.) के मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ नियोक्ता द्वारा "अन्त में आये प्रथम जाये" नियम का उल्लंघन करना सिद्ध हो जाता है तो फिर 240 दिन की अवधि तक कार्य करने की पूर्व शर्त अपेक्षित नहीं है ।

(4) कमिश्नर केन्द्रीय विद्यालय संघठन एवं अन्य बनाम अनिल कुमार सिंह व अन्य-(2003)10 एस.सी.सी.284—इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदात्मक नियुक्ति हुई है तो ऐसे कर्मकार की संविदा समाप्त होने की तिथि तक की सेवा समाप्त नहीं की जानी चाहिए अपितु नियमित भरती तक उसकी सेवायें रखी जानी चाहिए थीं, अतः इस मामले में प्रार्थीगण को नियमित नियुक्ति हेतु आवेदन करने की अनुमति दी गयी ।

(5) राजस्थान राज्य बनाम गिरिराज प्रसाद एवं अन्य—2008 डब्ल्यू. एल.सी.(राज.) यू.सी. पृष्ठ 730—इस मामले में अंशकालीन कर्मकार को भी धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी माना गया ।"

9. इसके विपरीत अप्रार्थी की ओर से यह दलील दी गयी कि सर्वप्रथम तो प्रार्थी ने अपनी सेवा में नियुक्ति तथा समाप्ति दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से बतायी है वह सर्वथा असत्य है, अपितु प्रार्थी की नियुक्ति लिखित अनुबन्ध के आधार पर हुई थी एवं यह लिखित अनुबन्ध स्वयं प्रार्थी के द्वारा हस्ताक्षरित है एवं ऐसे अनुबन्ध पर प्रार्थी ने अपने हस्ताक्षर होना भी स्वीकार किया है । अतः अब प्रार्थी उस अनुबन्ध से परे जाकर यदि कोई कथन करता है तो वह कोई महत्व नहीं रखता है । प्रार्थी ने अनुबन्ध के तथ्यों को ही छिपा दिया है । प्रार्थी ने यह विवाद भी करीबन 10-11 वर्ष की देरी से उठाया है । इसके अलावा जनगणना का कार्य तो भारत सरकार द्वारा प्रति 10 वर्ष में एक बार कराया जाता है एवं उसमें महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक राज्य में जनगणना कराने के लिए आकस्मिक रूप से जिन पदों की जितने समय के लिए आवश्यकता होती है, वही स्वीकृति जारी होती है एवं उस स्वीकृति के अनुसरण में ही राज्य स्तर पर जनगणना निदेशक द्वारा प्रत्येक जिले के लिए अनुबन्ध के आधार पर संविदाकर्मी रखे जाते हैं । प्रार्थी को भी संविदा के आधार पर रखा गया था । औ.वि. अधिनियम की धारा 2(oo)(बीबी) में जहाँ किसी कर्मकार की संविदा के अनविनिकरण के कारण संविदा तिथि समाप्त होने पर सेवा समाप्त कर दी गयी है तो वह छंटनी की तारीफ में नहीं आता । अतः इस परिभाषा से ही यह स्पष्ट है कि इस मामले में प्रार्थीया की छंटनी नहीं की गयी अपितु इसकी सेवायें संविदा समाप्त होने के साथ ही स्वतः समाप्त हो गयी थी । इसके अलावा अप्रार्थी की ओर से एक दलील यह भी दी गयी कि जनगणना निदेशक द्वारा जो पत्र दि. 30-11-93 को जारी किया गया था वह केवल उन्हीं कर्मकारों के सम्बन्ध में था जो पहले से ही नियमित रूप से नियुक्त होकर जनगणना के कार्य में लगे हुए थे, अन्यथा आकस्मिक रूप से या संविदा के आधार पर रखे गये संविदाकर्मियों की तो सेवायें 30-6-92 के पश्चात् जारी नहीं रखने का स्वयं जनगणना निदेशक का तार दिनांक 4-3-92 का है जिसमें स्पष्ट कर दिया गया था कि क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जून, 92 तक ही काम कर पायेंगे एवं इसी अनुसरण में निदेशक, जनगणना राजस्थान द्वारा पूरे राजस्थान राज्य में क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया । अतः जब प्रार्थी का ना तो कोई कार्य शेष रहा एवं ना ही कोई स्वीकृति थी तो फिर कैसे इसे और आगे रखा जाता । इसके अलावा जनगणना विभाग किसी उद्योग की श्रेणी में भी नहीं आता है क्योंकि वहाँ पर कोई औद्योगिक एवं व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित नहीं होती है, यह राज्य का एक सार्वभौमिक कर्तव्य है । प्रार्थीया स्वच्छ हाथों से न्यायाधिकरण के समक्ष नहीं आया है, अतः प्रार्थीया का क्लेम स्टेटमेन्ट खारिज किया जावे । पूर्व में भी इस न्यायाधिकरण द्वारा इसी प्रकार के कुछ प्रकरण खारिज किये जा चुके हैं । उक्त दलीलों के अलावा निम्न न्यायदृष्टांत भी अप्रार्थी की ओर से उद्धृत किये गये हैं : -

"(1) 1996 लेब.आई.सी. पृष्ठ 915(एस.सी.)—सुल्तान सिंह बनाम हरियाणा राज्य—इस मामले में जहाँ राज्य सरकार ने किसी औद्योगिक विवाद को औद्योगिक विवाद नहीं मानते हुए रेफर करने से इन्कार कर दिया तो माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सरकार के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया गया ।

(2) प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स बनाम श्रम न्यायालय कोजीकोड एवं अन्य—2000 लेब.आई.सी. 649 (केरला उ. न्या.)—इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदा के नवीनीकरण नहीं होने के कारण सेवायें समाप्त हो गयी हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(3) श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए एवं अन्य—आर.एल.डब्ल्यू. 2003 (1) राज. पृष्ठ 171—इस न्यायनिर्णय में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ कर्मकार संविदा पर निश्चित अवधि के लिए नियुक्त हुआ, उसने वह संविदा स्वीकार की एवं संविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात् सेवा समाप्त हुई तो कर्मकार सेवा में नियुक्त किये जाने का अधिकारी नहीं हो सकता ।

(4) अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बांसवाड़ा—2001(3)राज. पृष्ठ 1465—इस मामले में भी जहाँ अस्थायी रूप से या तदर्थ संविदा के आधार पर नियुक्ति हुई है तो सेवा समाप्ति के उपरान्त कोई लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं माना गया ।

(5) अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेश कुमार के. भट्ट—2000 लेब.आई.सी. 818 (गुजरात उ. न्या.)— इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी विशेष अवधि के लिए नियुक्ति हुई हो तो उस अवधि के समाप्त होने पर उस सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(6) एस.एम. निलाजकर बनाम टेलीकॉम डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कर्नाटका—2003(97) एफ.एल.आर. 608—इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी योजना के समाप्त होने के साथ ही कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो वह छंटनी की परिधि में नहीं आता है ।

(7) नवोदय विद्यालय बनाम श्रीमती के.आर. हेमावेत्ती—2000 लेब. आई.सी. 3745(कर्नाटक उ.न्या.)—इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ अस्थायी नियुक्ति संविदा के अधीन निश्चित् अवधि के लिए हुई है तो 240 दिन से ज्यादा काम पर भी उसकी सेवा अवधि समाप्त होने पर सेवा से पृथक किया जाना छंटनी की परिभाषा में नहीं आता ।"

10. हमने उभयपक्ष द्वारा दी गयी दलीलों तथा उद्धृत किये गये न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धांतों पर मनन किया ।

11. जहाँ तक प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत "*सावित्री विजय*" के निर्णय का सवाल है, इस निर्णय में तो मात्र सरकार को विवाद अधिनिर्णय के लिए निर्देशित किये जाने का आदेश दिया गया । अब हस्तगत मामले में प्रार्थी की सेवायें किस प्रकार की थीं, क्या वह नियमित रूप से भरती की नियमित प्रक्रिया से गुजरकर नियुक्त हुआ या उसे दैनिक अनुबन्ध पर या अवधि विशेष के लिए अनुबंधित किया गया ? इस सम्बन्ध में प्रार्थी की ओर से दलील दी गयी कि प्रार्थी को सेवा में मौखिक रूप से नियुक्त किया गया एवं मौखिक रूप से हटाया गया । अप्रार्थी की ओर से इसका खण्डन किया जाकर प्रार्थी द्वारा संविदा के रूप में नियुक्त होने के संविदा-प्रपत्र की ओर न्यायाधिकरण का ध्यान आकृष्ट किया गया । इस संविदा-पत्र का अवलोकन करने पर यह पाया जाता है कि इसमें प्रार्थी/प्रार्थीया को कम्पायलर/चेकर/आकस्मिक श्रमिक/दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के रूप में संविदा निष्पादन की तिथि से लेकर 29-2-92 तक व उसके बाद में एक और संविदा-पत्र के द्वारा 30-6-92 तक रखा गया । अत: ऐसे में जब किसी नियोजन के सम्बन्ध में लिखित रूप से दस्तावेजात पक्षकारों के मध्य निष्पादित हुए हैं तो ऐसे में उन दस्तावेजात से परे जाकर कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार नहीं की जा सकती एवं ना ही अब यह प्रार्थी ऐसे दस्तावेज का खण्डन कर सकता है । स्वयं प्रार्थी ने अपनी जिरह में स्वीकार किया है मुझे कांट्रेक्ट पर रखा गया तथा एक अनुबन्ध समाप्त होने पर दूसरा अनुबन्ध-पत्र भरवाया गया मैंने 30-6-92 तक ही काम किया तथा जितने दिन काम किया उतने दिनों का वेतन मिल चुका है । अनुबन्ध हमने नहीं पढ़ा, बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर दिये । इस सम्बन्ध में न्यायाधिकरण का इतना ही कहना पर्याप्त है कि जहाँ एक व्यक्ति जनगणना विभाग में कार्य करने जा रहा है एवं उसने एक बार या दो बार अनुबन्ध अप्रार्थी के साथ किया है एवं वह बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर रहा है जबकि प्रार्थी उम्रयाप्ता व्यक्ति है तो क्या उससे ऐसी अपेक्षा की जा सकती है? इस सम्बन्ध में उत्तर नकारात्मक ही होगा । कोई भी व्यक्ति बिना पढ़े अनुबन्ध पर शायद ही हस्ताक्षर करेगा, यदि उसे अनुबन्ध की शर्तें मंजूर नहीं थी तो । अत: अब उस अनुबन्ध के सम्बन्ध में यह अभिकथन करना कि उसके खाली कागज पर हस्ताक्षर करा लिये गये एवं उसने अनुबन्ध नहीं पढ़ा, इस प्रकार की दलीलें स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है एवं यदि इस प्रकार की दलीलें किसी लिखित अनुबन्ध के सम्बन्ध में स्वीकार कर ली जायेंगी तो फिर अनुबन्ध की प्रत्येक शर्त या इबारत के खण्डन में मौखिक दलील आयेंगी एवं लिखित अनुबन्ध का कोई अर्थ नहीं रहेगा, जबकि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 में जहां कोई लिखित दस्तावेज निष्पादित किया गया है तो उस दस्तावेज के कन्टेन्ट्स (अन्तर्वस्तु) के सम्बन्ध में कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार किये जाने का निषेध है । अत: प्रार्थी की ओर से इस अनुबन्ध के खण्डन में जो मौखिक दलील दी गयी वह किसी भी रूप में स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है ।

12. प्रार्थी की ओर से यह दलील कि उसके अनुबन्ध की तिथि दिनांक 31-12-93 तक थी एवं उसे बीच में हटा दिया गया, सम्बन्ध में अप्रार्थी की ओर से महापंजीयक, जनगणना के तार की फोटोप्रति प्रदर्शित करवायी गयी है । इसमें यह वर्णित किया गया कि जो आयोजना से भिन्न या अस्थायी प्रकृति के पद थे, उन्हें समाप्त किये जाने के निर्देश हैं एवं इसी के अनुसरण में जनगणना निदेशालय, राजस्थान द्वारा 30-6-92 को ऐसे पदों को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया एवं उसी के तहत प्रार्थी का अनुबन्ध समाप्त कर सेवायें समाप्त की गयी तो इस सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त है कि निदेशक, जनगणना विभाग द्वारा पूर्व में वर्ष 90 में जो पद सृजित किये गये थे, वे जनगणना कार्य के लिए ही थे एवं जैसे ही जनगणना कार्य पूरा हो गया एवं उन पदों की आवश्यकता नहीं रही तो अनुबन्ध समाप्त कर दिया गया, इसमें किसी प्रकार की कोई दुर्भावना लेशमात्र भी नहीं थी एवं यह कार्य ना केवल राजस्थान अपितु पूरे भारतवर्ष में किया गया, अत: इसे विभेदात्मक या भेदभावपूर्वक भी नहीं कहा जा सकता है ।

13. अप्रार्थी की ओर से जो न्यायनिर्णय "प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. कालीकट बनाम श्रम न्यायालय, कोजीकोड" का उद्धृत किया गया है एवं अन्य न्यायनिर्णय "श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए, अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेशकुमार के. भट्ट" जो उद्धृत किये गये हैं, इन सभी में यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि जहाँ कोई नियुक्ति अनुबन्ध के तहत हुई है तो फिर उस अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर या निश्चित् अवधि समाप्त होने के फलस्वरूप यदि

सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी नहीं माना जा सकता एवं ऐसे म

धारा 25-एफ अधिनियम की पालना किया जाना अपेक्षित नहीं है । हस्तगत मामले में भी प्रार्थी की अनुबन्ध के तहत सेवायें समाप्त हुई है तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी की तारीफ में नहीं लिया जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना किया जाना लाजिमी नहीं कहा जा सकता ।

14. इस सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय का न्यायनिर्णय "सैक्रेट्री, स्टेट ऑफ कर्नाटका एवं अन्य बनाम उमादेवी एवं अन्य—(2006) 4 एस.सी.सी. पृष्ठ 1" का भी महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय के कुछ अंश इस प्रकार के विवाद के सम्बन्ध में निम्नानुसार है :—

"Service Law—Casual Labour/Temporary Employee—Status and rights of—Unequal bargaining power—Effect—Held, such employees do not have any right to regular or permanent public employment—Further, temporary, contractual, casual, ad hoc or daily-wage public employment must be deemed to be accepted by the employee concerned fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it—Reasons for, discussed in detail—Labour Law."

"Phenomenon of 'litigious employment' which had arisen due to issuance of such directions by High Courts, and even Supreme Court, highlighted—Held, merely because an employee had continued under cover of an order of the court, under 'litigious employment' or had been continued beyond the term of his appointment by the State or its instrumentalities, he would not be entitled to any right to be absorbed or made permanent in service, merely on the strength of such continuance, if the original appointment was not made by following a due process of selections as envisaged by the relevant rules—It is further not open to the court to prevent regular recruitment at the instance of such employees—Unsustainability of claim to permanence on basis of long continuance in irregular or illegal public employment, discussed in detail."

इसी न्यायनिर्णय के पैरा 30 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जो टिप्पणी की गयी है वह भी महत्वपूर्ण है जो निम्नानुसार है:—

"Their Lordships cautioned that if directions are given to re-engage such persons in any other work or appoint them against existing vacancies, 'the judicial process would become another mode of recruitment dehors the rules'."

इसी न्यायनिर्णय में आगे पैरा नं. 45 एवं 47 के कुछ अंश भी निम्नानुसार है:—

"While directing that appointments, temporary or casual, be regularised or made permanent, the courts are swayed by the fact that the person concerned has worked for some time and in some cases for a considerable length of time. It is not as if the person who accepts an engagement either temporary or casual in nature, is not aware of the nature of his employment. He accepts the employment with open eyes. It may be true that he is not in a position to bargain–not at arm's length–since he might have been searching for some employment so as to eke out his livelihood and accepts whatever he gets. But on that ground alone, it would not be appropriate to jettison the constitutional scheme of appointment and to take the view that a person who has temporarily or casually got employed should be directed to be continued permanently. By doing so, it will be creating another mode of public appointment which is not permissible. If the court were to void a contractual employment of this nature on the ground that the parties were not having equal bargaining power, that too would not enable the court to grant any relief to that employee. A total embargo on such casual or temporary employment is not possible, given the exigencies of administration and if imposed, would only mean that some people who at least get employment temporarily, contractually or casually, would not be getting even that employment when securing of such employment brings at least some succour to them. After all, innumerable citizens of our vast country are in search of employment and one is not compelled to accept a casual or temporary employment if one is not inclined to go in for such an employment. It is in that context that one has to proceed on the basis that the employment was accepted fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it. In other words, even while accepting the employment, the person concerned knows the nature of his employment. It is not an appointment to a post in the real sense of the term. The claim acquired by him in the post in which he is temporarily employed or the interest in that post cannot be considered to be of such a magnitude as to enable the giving up of the procedure established, for making regular appointments to available posts in the services of the State. The argument that since one has been working for some time in the post, it will not be just to discontinue him, even though he was aware of the nature of the employment when he first took it up, is not (sic) one that would enable the jettisoning of the procedure established by law for public employment and would have to fail when tested on the touchstone of constitutionality and equality of opportunity enshrined in Article 14 of the Constitutions."

"When a person enters a temporary employment or gets engagement as a contractual or casual worker and the engagement is not based on a proper selection as recognised by the relevant rules or procedure, he is aware of the consequences of the appointment being temporary, casual or contractual in nature. Such a person cannot invoke the theory of legitimate expectation for being confirmed in the post when an appointment to the post could be made only by following a proper procedure for selection and in cases concerned, in consultation with the Public Service Commission. Therefore, the theory of

legitimate expectation cannot be successfully advanced by temporary, contractual or casual employees."

15. इसके अलावा "राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर बनाम सदासुख गूर्जर-आर.एल.डब्ल्यू. 2002(4) राज. पृष्ठ 2500" के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह प्रतिपादित किया कि जहाँ कर्मकार की अनुबन्ध के तहत निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति हुई है एवं अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर एवं अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने पर कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान की पालना अपेक्षित नहीं है ।

16. इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) में "छंटनी" की परिभाषा में जो कर्मकार की सेवायें समाप्त करना बताया गया है, उसके अपवाद (बीबी) में यह वर्णित है कि जहां वर्तमान कर्मकार की संविदा के नवीनीकरण के अभाव में सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता ।

17. अत: उपरोक्त विधिक स्थिति एवं न्यायनिर्णयों के आलोक में यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि जहाँ संविदाकर्मी की सेवायें संविदा के तहत समाप्त हो चुकी हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता । इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ऊपर उद्‌धृत किये गये "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में इस दलील को भी अस्वीकृत कर दिया गया कि अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करते समय कर्मकार ने उसे पढ़ा ही नहीं, आदि बाबत आपत्तियां इस निर्णय के आलोक में किंचित मात्र स्वीकार योग्य नहीं रहती है ।

18. इसके अलावा "मोह., राजमोहम्मद बनाम औ.न्या. एवं श्रम न्यायालय, वारंगल एवं अन्य-2003(2) एल.एल.जे. पृष्ठ 1149" के मामले में माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जनगणना विभाग के सम्बन्ध में निम्न निष्कर्ष निकाला गया है:-

"The Census Department of the Government of India cannot be said to be an Industry under Section 2(j) of the Industrial Disputes Act, as the functions and activities carried on by the said Department is purely sovereign functions and welfare of the entire nation depends on the information collected, tabulated and prepared by the said department. Hence, the respondent cannot be called to be an Industry within the meaning of Section 2(j) of the Industrial Disputes Act. The function of enumeration of Census work is purely a sovereign function."

19. इसके अलावा एक और न्यायनिर्णय "रामलत बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य-2011(130) एफ.एल.आर. (इला.उ.न्या.) पृष्ठ 484" का महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय में भी माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कुष्ठ उन्मूलन योजना समाप्त हो जाने पर उस योजना में लगे कर्मकारों द्वारा राज्य के अन्य विभाग में समायोजन किये जाने की याचिका पर निम्नानुसार निष्कर्ष दिया गया है :-

"Appointment—Under the National Leprosy Eradication Programme launched by Central Government—Non-extention of scheme—work refused—Writ Court directed the State to take policy decision for their absorption in any other medical or non-medical department— Approach to State Government—Absorption refused— Legality of Rightly observed that the absorption of the petitioners against post available in other medical health department would only amount to back door entry which is legally not permissible—No interference warranted—Petition dismissed."

20. अत: ऊपर वर्णित न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धांतों की विधिक स्थिति आदि के विवेचन के उपरान्त यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रार्थी एक संविदा के अधीन नियुक्त कर्मी था ना कि मौखिक रूप से उसे सेवा में नियोजित किया गया एवं ना ही उसे मौखिक रूप से हटाया गया, अपितु संविदा समाप्त होने के उपरान्त उसकी सेवायें समाप्त हुई, अत: ऐसे में उसकी सेवायें समाप्त होना किसी भी रूप में "छंटनी" की परिधि में नहीं आता है । प्राथी की संविदा निष्पादन के सम्बन्ध में दी गयी दलीलें भी ऊपर किये गये विवेचन व माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में दिये गये निर्णय से स्वत: सार रहित हो जाती हैं एवं माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने तो ऊपर उद्‌धृत किये गये न्यायनिर्णय में भारत सरकार के जनगणना विभाग को "उद्योग" की श्रेणी में ही नहीं माना है एवं इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) के अपवाद (बीबी) के तहत जहाँ सेवायें अनुबन्ध के समाप्ति के कारण समाप्त हो जाती है तो उसे 'छंटनी' की परिधि में नहीं लाया जा सकता है एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना भी अपेक्षित नहीं है । प्राथी स्वयं ने अनुबन्ध निष्पादित किये जाने के तथ्य को स्वीकार किया है । अनुबन्ध के तहत ही उसने अपनी सेवायें दी हैं । तब उस अनुबन्ध की वैधता का विनिश्चय इस मामले में नहीं किया जा सकता है कि वह अनुबन्ध वैध था या अवैध क्योंकि वह अनुबन्ध अब समाप्त हो चुका है । इसके अलावा प्राथी द्वारा अपना विवाद भी करीबन 10 वर्ष की देरी से उठाया गया है जिसका भी कोई संतोषप्रद कारण प्रकट नहीं किया गया है । प्राथी की सेवायें अप्रार्थी द्वारा मनमाने तरीके से या भेदभावपूर्वक समाप्त नहीं की जाकर पूरे भारत वर्ष के अन्य जनगणना कर्मियों के साथ समाप्त की गयी है । यह प्राथी व अन्य प्रार्थीगण में से कोई यदि भर्ती की नियमित प्रक्रिया से गुजरे तो वे उस भर्ती प्रक्रिया में शामिल किये जाने योग्य भी नहीं थे क्योंकि कुछ प्रार्थीगण तो अधिकतम आयु-सीमा से भी काफी ऊपर की आयु सीमा तक पहुंच चुके थे । अत: इन सभी तथ्यों एवं ऊपर किये गये विवेचन का समेकित सार यही है कि प्रार्थी की इस मामले में सेवा समाप्ति जो 30-6-92 को अप्रार्थी द्वारा की गयी है, वह अनुबन्ध की समाप्ति के फलस्वरूप की गयी है एवं ऐसे में प्राथी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं बनता है ।

परिणामस्वरूप भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश क्रमांक एल-42012/169/2000-आईआर (डीयू) दिनांक 28-9-2000 एवं अग्रेषित पत्र दिना. 6/8/2001 के जरिये सम्प्रेषित निर्देश/रेफ्रेन्स को इसी अनुरूप उत्तरित किया जाता है कि हस्तगत मामले में अप्रार्थी निदेशक, जनगणना विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रार्थी अनवर अहमद की जो सेवायें समाप्त की गयी है, वह अनुबन्ध के तहत ही की गयी है एवं ऐसे में उनका यह कृत्य उचित एवं वैद्य था । अत: प्रार्थी अनवर अहमद किसी प्रकार का कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

प्रकाश चन्द्र पगारीया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2013

का.आ. 349.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार डॉयरेक्टर, सेन्सस ऑप्रेशनस, जयपुर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कोटा के पंचाट (संदर्भ सं. 17/2002) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 06-01-2013 को प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल-42012/81/1998-आई आर (डी.यू.)]

सुमति सकलानी, अनुभाग अधिकारी

New Delhi, the 15th January, 2013

S.O. 349.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 17/2002) of Industrial Tribunal, Kota as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between The Director, Census Operations, Jaipur and their workman, which was received by the Central Government on 06-01-2013.

[No. L-42012/81/1998-IR (DU)]

SUMATI SAKLANI, Section Officer

अनुबन्ध

औद्योगिक न्यायाधिकरण/केन्द्रीय/कोटा/राजस्थान

पीठासीन अधिकारी: श्री प्रकाश चन्द्र पगारीया, आर.एच.जे.एस.

निर्देश प्रकरण क्रमांक औ.न्या./केन्द्रीय/-17/2002

दिनांक स्थापित : 10-5-2002

प्रसंग : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश क्रमांक एल-42012/81/98-आई.आर./डीयू/दिनांक 10-4-2002 एवं शुद्धिपत्र दिनांक 9-7-2002 निर्देश/विवाद अन्तर्गत धारा 10(1)(घ) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

मध्य

देवीलाल पुत्र नाथूलाल कोली, द्वारा मोहनलाल जी, सीनियर टीचर ग्राम एवं पोस्ट ओफिस दीगोद जिला कोटा ।

...प्रार्थी श्रमिक

एवं

डॉयरेक्टर, सेन्सस ऑपरेशन, 6-बी झालाना डूंगरी, जयपुर ।

...अप्रार्थी नियोजक

उपस्थित

प्रार्थी श्रमिक की ओर से प्रतिनिधि : श्री एस.एल.सोनगरा

अप्रार्थी नियोजक की ओर से प्रतिनिधि : श्री श्याम गुप्ता

अधिनिर्णय दिनांक : 21-11-2012

अधिनिर्णय

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश दि. 10-4-2002 एवं सपठित शुद्धिपत्र दिनांक 9-7-2002 के द्वारा निम्न निर्देश/विवाद, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे तुदपरान्त "अधिनियम" से सम्बोधित किया जावेगा) की धारा 10(1)(घ) के अन्तर्गत इस न्यायाधिकरण को अधिनिर्णयार्थ सम्प्रेषित किया गया है:—

"Whether the action of the Census Department through Director of Census Operation Rajasthan, Jaipur in discountinuing the services of Sh. Devi Lal S/o Shri Nathu Lal Koli C/o Sh. Mohan Lalji, Sr. Teacher, Village & Post Office Digod, Distt. Kota-324006 w.e.f. 30-6-92 is legal and justified? If not, to what relief the workman is entitled and from what date?"

2. निर्देश/विवाद, न्यायाधिकरण में प्राप्त होने पर पंजीबद्ध उपरान्त पक्षकारों को नोटिस/सूचना जारी का विधिवत अवगत करवाया गया ।

3. इस अधिनिर्णय से इस न्यायाधिकरण में ऊपर वर्णित प्रकरण सं. औ.न्या./केन्द्रीय/-17/2002 का निस्तारण किया जा रहा है । हालांकि इसी प्रकार के अन्य और प्रकरण भी इस न्यायाधिकरण में लम्बित हैं एवं उन प्रकरणों में भी अप्रार्थी जो इस प्रकरण में है, वही है तथा उन प्रकरणों के तथ्य भी इस प्रकरण के तथ्यों से मिलते-जुलते हैं, साक्ष्य भी प्राय: समान रूप से आयी है एवं बहस भी पक्षकारों ने सभी प्रकरणों को समेकित करते हुए ही की है, अत: सभी प्रकरणों का हालांकि अलग-अलग रूप से निस्तारण किया जा रहा है परन्तु प्रकरणों के तथ्य, पक्षकारों की साक्ष्य एवं दी गयी दलीलों आदि को देखते हुए सभी में विवेचन प्राय: समान ही है एवं उसी अनुरूप इस प्रकरण के अलावा अन्य कुल 12 प्रकरण हैं, उनका भी आज ही निस्तारण किया जा रहा है ।

4. इस प्रकरण में प्रार्थी ने अपने आपको कम्पायलर बताया है एवं उसने नियुक्ति तिथि 24-6-91 एवं हटाने की तिथि 30-6-92 बतायी है । प्रार्थी ने सेवा में नियोजन व समाप्ति, दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से किया जाना बताया है । विशेष रूप से यहां यह उल्लेख करना भी समीचीन होगा कि प्राय: सभी प्रकरणों मे दलीलें व साक्ष्य भी जिस रूप में आयी है उसमें बहस के दौरान पक्षकारों के विद्वान प्रतिनिधिगण ने यह अभिकथन किया कि चूंकि सभी प्रकरणों में साक्ष्य मौखिक व दस्तावेजों एक जैसी ही है, अत: किसी भी एक प्रकरण की दस्तावेजी साक्ष्य जिसमें कि उभयपक्ष द्वारा पेशशुदा सभी दस्तावेज प्रदर्शित हुए हैं, उसको इस प्रकरण के विनिश्चय के लिए आधारभूत माना जावे । अत: इस अभिकथन को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में उभयपक्ष की सभी प्रकरण में आयी हुई दस्तावेजी साक्ष्य को समेकित करते हुए मौखिक साक्ष्य के आलोक में उसका विवेचन व विश्लेषण कर विनिश्चय का आधार माना जा रहा है ।

5. प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित किया कि उसे अप्रार्थी विभाग द्वारा दिनांक 24-6-91 से कम्पलायर के पद पर सेवा में नियोजित किया गया । नियुक्ति आदेश मौखिक था, लिखित में कोई आदेश नहीं दिया गया । बाद में सहायक निदेशक, जनगणना, कोटा कार्यालय समाप्त हो गया एवं उसका कार्य निदेशक, जनगणना, राजस्थान जयपुर द्वारा किया जा रहा है । यह कार्य भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा महापंजीयक के तहत करवाया जाता है जिसमें

जिला स्तर पर सहायक निदेशक व राज्य स्तर पर निदेशक जनगणना का कार्य करते हैं । इस कार्य के लिए कर्मकारों की नियुक्ति, पदों की स्वीकृति महापंजीयक, जनगणना, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा की जाती है जिसमें प्रार्थी श्रमिक के कम्पालाईर के पद की स्वीकृति भी दिनांक 21-12-93 तक जारी की गयी थी । प्रार्थी श्रमिक ने अपनी नियुक्ति तिथि से 30-6-92 तक लगातार 240 दिन से अधिक समय तक कार्य किया है एवं प्रार्थी के पद की स्वीकृति भी महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा 30-11-93 तक बढ़ा दी गयी थी परन्तु इसके बावजूद भी प्रार्थी को 1-7-92 से कार्य पर आने से मना कर दिया एवं 1-7-92 को जब प्रार्थी कार्य पर गया तो उसकी सेवायें समाप्त कर दी गयीं । इस सम्बन्ध में उसे कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया, मौखिक रूप से सेवा समाप्त की गयी । प्रार्थी की सेवा समाप्ति छंटनी की तारीफ में आता है एवं सेवा समाप्ति से पहले प्रार्थी की वरिष्ठता सूची का कोई प्रकाशन भी नहीं किया गया, अन्त में आये पहले जाये सिद्धांत की पालना भी नहीं की गयी तथा छंटनी के आज्ञापक प्रावधानों की पालना भी नहीं की गयी, कार्यदिवसों की संख्या भी कम करने के लिए उसमें कृत्रिम रूप से कमी दिखाई गयी । प्रार्थी की सेवायें दिनांक 30-6-92 को समाप्त करना व सेवा समाप्ति से पहले धारा 25-एफ, जी, एच की पालना नहीं करना विधिसम्मत नहीं है । प्रार्थी द्वारा इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर बेंच में एक रिट याचिका संख्या 4295/92 प्रस्तुत की गयी जो दिनांक 9-5-97 को निर्णित की गयी एवं प्रार्थी को समझौता अधिकारी के यहां कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया । समझौता अधिकारी के यहां वार्ता असफल हुई । फिर प्रार्थी ने पुन: एक रिट याचिका माननीय उच्च न्यायालय में 2479/99 प्रस्तुत की जिसमें सरकार को औद्योगिक विवाद रेफर करने का आदेश दिया गया एवं उस आदेश के अनुसरण में भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा यह विवाद इस न्यायाधिकरण को रेफर किया गया । अत: प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट के माध्यम से उसके कम्पलाईर/चेकर पद से अप्रार्थी द्वारा दिनांक 30-6-92 से मौखिक रूप से सेवायें समाप्त करना अवैध घोषित करने के साथ ही लगातार सेवा में माने जाने व पिछले समस्त वेतन व परिलाभों व सेवा की निरन्तरता के साथ सेवा में बहाल किये जाने के अनुतोष की मांग की है ।

6. अप्रार्थी द्वारा इसका जवाब पेश किया गया जिसमें वर्णित किया गया कि केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्येक 10 वर्ष में जनगणना का कार्य करवाया जाता है । वर्ष 1991 में भी पूरे देश में राजस्थान सहित जनगणना का कार्य करवाया गया । जनगणना के बढ़े हुए अतिरिक्त कार्य के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के पद अल्पावधि के लिए उपलब्ध करवाये जाते हैं एवं वे पद जनगणना कार्य पूरा होने के साथ की समाप्त हो जाते हैं । भारत के महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा भी अपने आदेश दिनांक 6-11-90 के द्वारा कुल 1864 पद 1-3-91 से 29-2-92 तक की अवधि के लिए स्वीकृत किये गये एवं पदों को बाद में तार दिनांक 4-3-92 के द्वारा जून, 92 तक जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी । अत: प्रार्थी का यह कथन असत्य है कि इसकी नियुक्ति मौखिक रूप से की गयी, अपितु इस पद हेतु विज्ञापन के अनुसार साक्षात्कार के आधार पर अनुबन्ध पर प्रार्थी पर नियुक्ति कम्पलाईर के पद पर की गयी थी । प्रार्थी का प्रथम अनुबन्ध इसकी नियुक्ति तिथि से 29-2-92 तक व दूसरा अनुबन्ध 3-3-92 से 30-6-92 तक हस्ताक्षरित किया गया था । प्रार्थी का यह कथन भी गलत है कि उसके पद की स्वीकृति 21-12-93 तक ही जारी की गयी । सभी क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जिसमें कोटा कार्यालय भी सम्मिलित है, 30-6-92 को ही बन्द कर दिये गये थे एवं अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार पद समाप्ति के साथ ही प्रार्थी को सेवा से पृथक कर दिया गया था । प्रार्थी को अनुबन्ध में वर्णित समेकित वेतन रु. 900 प्रतिमाह पर अनुबन्धित किया गया था वे उसने स्वयं ने अपनी इच्छा से अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये, अत: मौखिक रूप से नियुक्ति किये जाने का तथ्य असत्य व भ्रामक है । इसके अलावा महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा केवल नियमित पदों की स्वीकृति 31-12-93 तक जारी की गयी थी जबकि कम्पलाईर के पद तो 30-6-92 तक ही उपलब्ध थे । चूंकि प्रार्थी अनुबन्ध के आधार पर अनुबन्धित था, अत: वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाना या हटाने से पहले क्षतिपूर्ति दिया जाना कतई आवश्यक नहीं था एवं वैसे भी जनगणना का कार्य "उद्योग" की श्रेणी में नहीं आता है, ऐसा "भवानीशंकर गौतम बनाम निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, राज. जयपुर-प्रकरण सं. औ.न्या./केन्द्रीय/21/99" के मामले के दिये गये निर्णय से भी स्पष्ट है । इसके अलावा अपने जवाब में अप्रार्थी ने प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित तथ्यों को अस्वीकार करते हुए अन्त में प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट को खारिज किये जाने की प्रार्थना की है ।

7. इसके पश्चात् साक्ष्य प्रार्थी में प्रार्थी श्रमिक देवीलाल का शपथ-पत्र पेश किया गया, अप्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी एवं साक्ष्य अप्रार्थी में गवाह एच.सी. शर्मा का शपथ-पत्र पेश हुआ, प्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी । प्रलेखीय साक्ष्य में उभयपक्ष की ओर से कुछ प्रदर्श जिनमें कि महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 30-11-93 की प्रति, रेफ्रेन्स की प्रति, उभयपक्ष के मध्य निष्पादित संविदा-प्रपत्र, महापंजीयक कार्यालय से जारी तार की फोटोप्रति एवं इसके अनुसरण में निदेशक, निदेशालय, जनगणना राजस्थान, जयपुर द्वारा समस्त क्षेत्रीय जनगणना/सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 से समाप्त करने के पत्र व भारत सरकार के महापंजीयक जनगणना द्वारा जनगणना कार्य हेतु प्रत्येक राज्य के निदेशालय हेतु स्वीकृत पदों की संख्या आदि के पत्र हैं, को प्रदर्शित करवाया गया । हालांकि सभी प्रकरण में ये पत्र प्रदर्शित नहीं हुए परन्तु चूंकि सभी के लिए यह सामग्री आधारभूत है, अत: सभी प्रकरणों के विनिश्चय के लिए इन्हें भी आधार माना गया है ।

8. उभयपक्ष की साक्ष्य समाप्ति के पश्चात् बहस अन्तिम सुनी गयी । बहस के दौरान प्रार्थी की ओर से उनके विद्वान प्रतिनिधि ने दलील दी कि प्रार्थी की नियुक्ति एवं सेवा समाप्ति, दोनों ही मौखिक थीं । प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा काम किया, इस तथ्य को दोनों पक्ष स्वीकार करते हैं । जनगणना अधिनियम की धारा 4, 11 एवं 18 को उन्होंने उद्धृत किया । धारा 4 में जनगणना कार्य के लिए किनको नियुक्त किया जायेगा व किस प्रकार से पर्यवेक्षण किया जायेगा, इसका उपबंध है । धारा 11 में जनगणना कार्य की सूचना को हटाने या नष्ट करने या उन्हें कूट-रचित बनाने या अन्य कोई ऐसा ही

अनुचित कृत्य करता है तो उसके लिए क्या दण्ड हो सकता है, इसके प्रावधान हैं तथा धारा 18 में नियम बनाने की शक्तियों का उल्लेख है। आगे इसी अधिनियम में कम्पलाईर के पद का उल्लेख हुआ है। उनके द्वारा संविधान के अनुच्छेद 53, 73 एवं 299 को भी उद्धृत किया गया है। जो अनुबन्ध निष्पादित किया जाना बताया जा रहा है उसमें तो प्रार्थी ने केवल हस्ताक्षर ही किये, बाकी सभी इबारत तो अप्रार्थी द्वारा ही भरी गयी है एवं कोई भी अनुबन्ध दोनों पक्षकारों का एक साथ हस्ताक्षर करने पर ही पूर्ण होता है। इस मामले में अनुबन्ध में जहां एक ओर प्रार्थी ने कोटा में हस्ताक्षर किये तो भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से वी.एस. सिसोदिया, निदेशक ने हस्ताक्षर किये जबकि वी.एस. सिसोदिया कोटा में उपस्थित नहीं होकर जयपुर में थे, अतः ऐसा अनुबन्ध विधिसम्मत नहीं कहा जा सकता है एवं इस मामले में अनुबन्ध के प्रावधान लागू भी नहीं होते हैं। प्रार्थी को तो रोजगार चाहिए था, अतः जहां पर भी अप्रार्थी ने हस्ताक्षर करवाये, वहां उसने हस्ताक्षर कर दिये। प्रार्थी का पद 30-11-93 तक उपलब्ध होने के बावजूद भी उसकी सेवायें 30-6-92 को ही समाप्त कर दी गयी एवं जब प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा की सेवायें दी हैं तो उसे एक माह का नोटिस अथवा नोटिस अवधि का वेतन व मुआवजा देकर ही सेवायें समाप्त की जानी चाहिए थीं, अतः इन समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी का क्लेम स्वीकार किया जावे व इस सम्बन्ध में उसकी ओर से निम्नलिखित न्यायनिर्णय उद्धृत किये गये :-

"(1) सावित्री विजय बनाम भारत संघ-2008 (5) डब्ल्यू.एल.सी/राज./पृष्ठ 340-इस न्यायनिर्णय में जनगणना विभाग में नियुक्त कर्मकारों की सेवायें धारा 25-एफ की पालना किये जाने के बगैर समाप्त किये जाने पर मामले को औद्योगिक न्यायाधिकरण को भेजे जाने हेतु निर्देश दिये गये।

(2) अनूप शर्मा बनाम अधिशासी अभियन्ता, पी.एच.डी. खण्ड I पानीपत/हरियाणा-2010(2)आर.एल.डब्ल्यू. 1586(एस.सी.)-इस मामले में धारा 25-एफ की पालना नहीं किये जाने पर कर्मचारी सेवा की निरन्तरता के साथ हकदार होंगे, ऐसा प्रतिपादित किया गया।

(3) हरजिंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य भण्डारण निगम-2010 सीडीआर 401 (एस.सी.) के मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहां नियोक्ता द्वारा "अन्त में आये प्रथम जाये" नियम का उल्लंघन करना सिद्ध हो जाता है तो फिर 240 दिन की अवधि तक कार्य करने की पूर्व शर्त अपेक्षित नहीं है।

(4) कमिश्नर केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं अन्य बनाम अनिल कुमार सिंह व अन्य-(2003)10 एस.सी.सी.284-इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहां संविदात्मक नियुक्ति हुई है तो ऐसे कर्मकार की संविदा समाप्त होने की तिथि तक की सेवा समाप्त नहीं की जानी चाहिए अपितु नियमित भरती तक उसकी सेवायें रखी जानी चाहिए थीं, अतः इस मामले में प्रार्थीगण को नियमित नियुक्ति हेतु आवेदन करने की अनुमति दी गयी।

(5) राजस्थान राज्य बनाम गिरिराज प्रसाद एवं अन्य-2008 डब्ल्यू. एल.सी.(राज.) यू.सी. पृष्ठ 730-इस मामले में अंशकालीन कर्मकार को भी धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी माना गया।"

9. इसके विपरीत अप्रार्थी की ओर से यह दलील दी गयी कि सर्वप्रथम तो प्रार्थी ने अपनी सेवा में नियुक्ति तथा समाप्ति दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से बतायी है वह सर्वथा असत्य है, अपितु प्रार्थी की नियुक्ति लिखित अनुबन्ध के आधार पर हुई थी एवं यह लिखित अनुबन्ध स्वयं प्रार्थी के द्वारा हस्ताक्षरित है एवं ऐसे अनुबन्ध पर प्रार्थी ने अपने हस्ताक्षर होना भी स्वीकार किया है। अतः अब प्रार्थी उस अनुबन्ध से परे जाकर यदि कोई कथन करता है तो वह कोई महत्व नहीं रखता है। प्रार्थी ने अनुबन्ध के तथ्यों को ही छिपा दिया है। प्रार्थी ने यह विवाद भी करीबन 10-11 वर्ष की देरी से उठाया है। इसके अलावा जनगणना का कार्य भारत सरकार द्वारा प्रति 10 वर्ष में एक बार कराया जाता है एवं उसमें महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक राज्य में जनगणना कराने के लिए आकस्मिक रूप से जिन पदों की जितने समय के लिए आवश्यकता होती है, वही स्वीकृति जारी होती है एवं उस स्वीकृति के अनुसरण में ही राज्य स्तर पर जनगणना निदेशक द्वारा प्रत्येक जिले के लिए अनुबन्ध के आधार पर संविदाकर्मी रखे जाते हैं। प्रार्थी को भी संविदा के आधार पर रखा गया था। औ.वि. अधिनियम की धारा 2(oo)(बीबी) में जहां किसी कर्मकार की संविदा के अनविनिकरण के कारण संविदा तिथि समाप्त होने पर सेवा समाप्त कर दी गयी है तो वह छंटनी की तारीफ में नहीं आता। अतः इस परिभाषा से ही यह स्पष्ट है कि इस मामले में प्रार्थी की छंटनी नहीं की गयी अपितु इसकी सेवायें संविदा समाप्त होने के साथ ही स्वतः समाप्त हो गयी थी। इसके अलावा अप्रार्थी की ओर से एक दलील यह भी दी गयी कि जनगणना निदेशक द्वारा जो पत्र दि. 30-11-93 को जारी किया गया था वह केवल उन्हीं कर्मकारों के सम्बन्ध में था जो पहले से ही नियमित रूप से नियुक्त होकर जनगणना के कार्य में लगे हुए थे, अन्यथा आकस्मिक रूप से या संविदा के आधार पर रखे गये संविदाकर्मियों की तो सेवायें 30-6-92 के पश्चात् जारी नहीं रखने का स्वयं जनगणना निदेशक का तार दिनांक 4-3-92 का है जिसमें स्पष्ट कर दिया गया था कि क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जून, 92 तक ही काम कर पाएंगे एवं इसी अनुसरण में निदेशक, जनगणना राजस्थान द्वारा पूरे राजस्थान राज्य में क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया। अतः जब प्रार्थी का ना तो कोई कार्य शेष रहा एवं ना ही कोई स्वीकृति थी तो फिर कैसे इसे और आगे रखा जाता। इसके अलावा जनगणना विभाग किसी उद्योग की श्रेणी में भी नहीं आता है क्योंकि वहां पर कोई औद्योगिक एवं व्यवसायिक गतिविधियां संचालित नहीं होती हैं, यह राज्य का एक सार्वभौमिक कर्तव्य है। प्रार्थी स्वच्छ हाथों से न्यायाधिकरण के समक्ष नहीं आया है, अतः प्रार्थी का क्लेम स्टेटमेन्ट खारिज किया जावे। पूर्व में भी इस न्यायाधिकरण द्वारा इसी प्रकार के कुछ प्रकरण खारिज किये जा चुके हैं। उक्त दलीलों के अलावा निम्न न्यायदृष्टांत भी अप्रार्थी की ओर से उद्धृत किये गये हैं :-

"(1) 1996 लेब.आई.सी. पृष्ठ 915 (एस.सी.)-सुल्तान सिंह बनाम हरियाणा राज्य-इस मामले में जहां राज्य सरकार ने किसी औद्योगिक विवाद को औद्योगिक विवाद नहीं मानते हुए रेफर करने के इन्कार कर दिया तो माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सरकार के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया गया।

(2) प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स बनाम श्रम न्यायालय कोजीकोड एंव अन्य-2000 लेब.आई.सी. 649 (केरला उ. न्या.)-इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहां संविदा के नवीनीकरण नहीं होने के कारण सेवायें समाप्त हो गयी हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(3) श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए एवं अन्य-आर.एल.डब्ल्यू. 2003 (1) राज. पृष्ठ 171-इस *न्यायनिर्णय* में प्रतिपादित किया गया कि जहां कर्मकार संविदा पर निश्चित अवधि के लिए नियुक्त हुआ, उसने वह संविदा स्वीकार की एवं संविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात् सेवा समाप्त हुई तो कर्मकार सेवा में नियुक्त किये जाने का अधिकारी नहीं हो सकता ।

(4) अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बांसवाड़ा-2001 (3)राज. पृष्ठ 1465-इस मामले में भी जहां अस्थायी रूप से या तदर्थ संविदा के आधार पर नियुक्ति हुई है तो सेवा समाप्ति के उपरान्त कोई लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं माना गया ।

(5) अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेश कुमार के. भट्ट-2000 लेब.आई.सी. 818 (गुजरात उ. न्या.)- इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहां किसी विशेष अवधि के लिए नियुक्ति हुई हो तो उस अवधि के समाप्त होने पर उस सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(6) एस.एम. निलाजकर बनाम टेलीकॉम डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कर्नाटका-2003 (97) एफ.एल.आर. 608-इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहां किसी योजना के समाप्त होने के साथ ही कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो वह छंटनी की परिधि में नहीं आता है ।

(7) नवोदय विद्यालय बनाम श्रीमती के.आर. हेमावेत्ती-2000 लेब. आई.सी. 3745 (कर्नाटक उ. न्या.)-इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहां अस्थायी नियुक्ति संविदा के अधीन निश्चित अवधि के लिए हुई है तो 240 दिन से ज्यादा काम करने पर भी उसकी सेवा अवधि समाप्त होने पर सेवा से पृथक किया जाना छंटनी की परिभाषा में नहीं आता ।"

10. हमने उभयपक्ष द्वारा दी गयी दलीलों तथा उद्धृत किये गये न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धांतों पर मनन किया ।

11. जहाँ तक प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत "सावित्री विजय" के निर्णय का सवाल है, इस निर्णय में तो मात्र सरकार को विवाद अधिनिर्णय के लिए निर्देशित किये जाने का आदेश दिया गया । अब हस्तगत मामले में प्रार्थी की सेवायें किस प्रकार की थीं, क्या वह नियमित रूप से भरती की नियमित प्रक्रिया से गुजरकर नियुक्त हुआ या उसे दैनिक अनुबन्ध पर या अवधि विशेष के लिए अनुबंधित किया गया ? इस सम्बन्ध में प्रार्थी की ओर से दलील दी गयी कि प्रार्थी को सेवा में मौखिक रूप से नियुक्त किया गया एवं मौखिक रूप से हटाया गया । अप्रार्थी की ओर से इसका खण्डन किया जाकर प्रार्थी द्वारा संविदा के रूप में नियुक्त होने के संविदा-प्रपत्र की ओर न्यायाधिकरण का ध्यान आकृष्ट किया गया । इस संविदा-पत्र का अवलोकन करने पर यह पाया जाता है कि इसमें प्रार्थी/प्रार्थीया को कम्पलाईर/चेकर/आकस्मिक श्रमिक/दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के रूप में संविदा निष्पादन की तिथि से लेकर 29-2-92 तक व उसके बाद में एक और संविदा-पत्र के द्वारा 30-6-92 तक रखा गया । अत: ऐसे में जब किसी नियोजन के सम्बन्ध में लिखित रूप से दस्तावेजात पक्षकारों के मध्य निष्पादित हुए हैं तो ऐसे में उन दस्तावेजात से परे जाकर कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार नहीं की जा सकती एवं ना ही अब यह प्रार्थी ऐसे दस्तावेज का खण्डन कर सकता है । स्वयं प्रार्थी ने अपनी जिरह में स्वीकार किया है मुझे कांट्रेक्ट पर रखा गया तथा एक अनुबन्ध समाप्त होने पर दूसरा अनुबन्ध-पत्र भरवाया गया मैंने 30-6-92 तक ही काम किया तथा जितने दिन काम किया उतने दिनों का वेतन मिल चुका है । अनुबन्ध हमने नहीं पढ़ा, बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर दिये । इस सम्बन्ध में *न्यायाधिकरण* का इतना ही कहना पर्याप्त है कि जहां एक व्यक्ति जनगणना विभाग में कार्य करने जा रहा है एवं उसने एक बार या दो बार अनुबन्ध अप्रार्थी के साथ किया है एवं वह बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर रहा है जबकि प्रार्थी उम्रप्राप्त व्यक्ति है तो क्या उससे ऐसी अपेक्षा की जा सकती है? इस सम्बन्ध में उत्तर नकारात्मक ही होगा । कोई भी व्यक्ति बिना पढ़े अनुबन्ध पर शायद ही हस्ताक्षर करेगा, यदि उसे अनुबन्ध की शर्तें मंजूर नहीं थी तो । अत: अब उस अनुबन्ध के सम्बन्ध में यह अभिकथन करना कि उसके खाली कागज पर हस्ताक्षर करा लिये गये एवं उसने अनुबन्ध नहीं पढ़ा, इस प्रकार की दलीलें स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती हैं एवं यदि इस प्रकार की दलीलें किसी लिखित अनुबन्ध के सम्बन्ध में स्वीकार कर ली जायेंगी तो फिर अनुबन्ध की प्रत्येक शर्त या इबारत के खण्डन में मौखिक दलील आयेंगी एवं लिखित अनुबन्ध का कोई अर्थ नहीं रहेगा, जबकि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 में जहां कोई लिखित दस्तावेज निष्पादित किया गया है तो उस दस्तावेज के कन्टेन्ट्स (अन्तर्वस्तु) के सम्बन्ध में कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार किये जाने का निषेध है । अत: प्रार्थी की ओर से इस अनुबन्ध के खण्डन में जो मौखिक दलील दी गयी वह किसी भी रूप में स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है ।

12. प्रार्थी की ओर से यह दलील कि उसके अनुबन्ध की तिथि दिनांक 31-12-93 तक थी एवं उसे बीच में हटा दिया गया, इस सम्बन्ध में अप्रार्थी की ओर से महापंजीयक, जनगणना के तार की फोटोप्रति प्रदर्शित करवायी गयी है । इसमें यह वर्णित किया गया कि जो आयोजना से भिन्न या अस्थायी प्रकृति के पद थे, उन्हें समाप्त किये जाने के निर्देश हैं एवं इसी के अनुसरण में जनगणना निदेशालय, राजस्थान द्वारा 30-6-92 को ऐसे पदों को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया एवं उसी तहत प्रार्थी का अनुबन्ध समाप्त कर सेवायें समाप्त की गयी तो इस सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त है कि निदेशक, जनगणना विभाग द्वारा पूर्व में वर्ष 90 में जो पद सृजित किये गये थे, वे जनगणना कार्य के लिए ही थे एवं जैसे ही जनगणना कार्य पूरा हो गया एवं उन पदों की आवश्यकता नहीं रही तो अनुबन्ध समाप्त कर दिया गया, इसमें किसी प्रकार की कोई दुर्भावना लेशमात्र भी नहीं थी एवं यह कार्य ना केवल राजस्थान अपितु पूरे भारत वर्ष में

किया गया, अत: इसे विभेदात्मक या भेदभावपूर्वक भी नहीं कहा जा सकता है ।

13. अप्रार्थी की ओर से जो न्यायनिर्णय "प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स (प्रा.) लि. कालीकट बनाम श्रम न्यायालय, कोजीकोड" को उद्धृत किया गया है एवं अन्य न्यायनिर्णय "श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए, अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बांसवाड़ा अधिशासी अभियन्ता,भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेशकुमार के. भट्ट" जो उद्धृत किये गये हैं, इन सभी में यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि जहाँ कोई नियुक्ति अनुबन्ध के तहत हुई है तो फिर उस अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर या निश्चित अवधि समाप्त होने के फलस्वरूप यदि सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी नहीं माना जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम की पालना किया जाना अपेक्षित नहीं है। हस्तगत मामले में भी प्रार्थी की अनुबन्ध के तहत सेवायें समाप्त हुई हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी की तारीफ में नहीं लिया जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना किया जाना लाजिमी नहीं कहा जा सकता ।

14. इस सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय का न्यायनिर्णय "सैक्रेट्री, स्टेट आफ कर्नाटका एवं अन्य बनाम उमादेवी एवं अन्य-(2006) 4 एस.सी.सी. पृष्ठ 1" का भी महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय के कुछ अंश इस प्रकार के विवाद के सम्बन्ध में निम्नानुसार है :-

"Service Law–Casual Labour/Temporary Employee-Status and rights of–Unequal bargaining power– Effect– Held, such employees do not have any right to regular or permanent public employment– Further, temporary, contractual, casual, ad hoc or daily-wage pubic employment must be deemed to be accepted by the employee concerned fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it—Reasons for, discussed in detail– Labour Law."

"Phenomenon of "litigious employment" which had arisen due to issuance of such directions by High Courts, and even Supreme Court, hiqhlighted– Held, merely because an employee had continued under cover of an order of the court, under "litigious employment" or had been continued beyond the term of his appoinmtnet by the State or its instrumentalities, he would not be entitled to any right to be absorbed or made permanent in service, merely on the strength of such continuance, if the original appointment was not made by following a due process of selections as envisaged by the relevant rules– It is further not open to the court to prevent regular recruitment at the instance of such employees– Unsustainability of claim to permanence on basis of long continuance in irregular or illegal public employment, discussed in detail."

इसी न्यायनिर्णय के पैरा 30 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जो टिप्पणी की गयी है वह भी महत्वपूर्ण है जो निम्नानुसार है :-

"Their Lordships cautioned that if directions are given to re-engage such persons in any other work or appoint them against existing vacancies, "the judicial process would become another mode of recruitment dehors the rules."

इसी न्यायनिर्णय में आगे पेरा नं. 45 एवं 47 के कुछ अंश भी निम्नानुसार है :-

"While directing that appointments, temporary or casual, be regularised or made permanent, the courts are swayed by the fact that the person concerned has worked for some time and in some cases for a considerable length of time. It is not as if the person who accepts an engagement either temporary or casual in nature, is not aware of the nature of his employment. He accepts the employment with open eyes. It may be true that he is not in a position to bargain– not at arm's length- since he might have been searching for some employment so as to eke out his livelihood and accepts whatever he gets. But on that ground alone, it would not be appropriate to jettison the constitutional scheme of appointment and to take the view that a person who has temporarily or casually got employed should be directed to be continued permanently. By doing so, it will be creating another mode of public appointment which is not permissible. If the court were to void a contractual employment of this nature on the ground that the parties were not having equal bargaining power, that too would not enable the court to grant any relief to that employee. A total embargo on such casual or temporary employment is not possible, given the exigencies of administration and if imposed, would only mean that some people who at least get employment temporarily, contractually or casually, would not be getting even that employment when securing of such employment brings at least some succour to them, After all, innumerable citizens of our vast country are in search of employment and one is not compelled to accept a casual or temporary employment if one is not inclined to go in for such an emloyment. It is in that context that one has to proceed on the basis that the employment was accepted fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it. In other words, even while accepting the employment, the person concerned knows the nature of his employment. It is not an appointment to a post in the real sense of the term. The claim acquired by him in the post in which he is temporarily employed or the interest in that post cannot be considered to be of such a magnitude as to enable the giving up of the procedure established, for making regular appointments to available posts in the services of the State. The argument that since one has been working for some time in the post, it will not be just to discontinue him, even though he was aware of the nature of the employment when he first took it up, is not (sic) one that would enable the jettisoning of the procedure established by law for public employment and would have to fail when tested on the touchstone of constitutionality and equality of opportunity enshrined in Article 14 of the Constitutions."

"When a person enters a temoporary employment or gets engagement as a contractual or casual worker and

the engagement is not based on a proper selection as recognised by the relevant rules or procedure, he is aware of the consequences of the appointment being temporary, casual or contractual in nature. Such a person cannot invoke the theory of legitimate expectation for being confirmed in the post when an appointment to the post could be made only by following a proper procedure for selection and in cases concerned, in consultation with the Public Service Commission. Therefore, the theory of legitimate expectation cannot be successfully advanced by temporary, contractual or casual employees."

15. इसके अलावा "राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर बनाम सदासुख गूर्जर-आर.एल.डब्ल्यू. 2002(4) राज. पृष्ठ 2500" के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह प्रतिपादित किया कि जहां कर्मकार की अनुबंध के तहत निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति हुई है एवं अनुबंध का नवीनीकरण नहीं करने पर एवं अनुबंध की अवधि समाप्त होने पर कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान की पालना अपेक्षित नहीं है ।

16. इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) में "छंटनी" की परिभाषा में जो कर्मकार की सेवायें समाप्त करना बताया गया है, उसके अपवाद (बीबी) में यह भी वर्णित है कि जहाँ वर्तमान कर्मकार की संविदा के नवीनीकरण के अभाव में सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता ।

17. अत: उपरोक्त विधिक स्थिति एवं न्यायनिर्णयों के आलोक में यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि जहाँ संविदाकर्मी की सेवायें संविदा के तहत समाप्त हो चुकी हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता । इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ऊपर उद्धृत किये गये "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में इस दलील को भी अस्वीकृत कर दिया गया कि अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करते समय कर्मकार ने उसे पढ़ा ही नहीं, आदि बाबत आपत्तियाँ इस निर्णय के आलोक में किंचित मात्र स्वीकार योग्य नहीं रहती है ।

18. इसके अलावा "मोह, राजमोहम्मद बनाम औ.न्या. एवं श्रम न्यायालय, वारंगल एवं अन्य-2003(2) एल.एल.जे. पृष्ठ 1149" के मामले में माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जनगणना विभाग के सम्बन्ध में निम्न निष्कर्ष निकाला गया है:-

"The Census Department of the Government of India cannot be said to be an Industry under Section 2(j) of the Industrial Disputes Act, as the functions and activities carried on by the said Department is purely severeign functions and welfare of the entire natation depends on the information collected, tabulated and prepared by the said department. Hence, the respondent cannot be called to be an Industry within the meaning of Section 2(j) of the Industrial Disputes Act. The function of enumeration of Census work is purely a sovereign function."

19. इसके अलावा एक और न्यायनिर्णय "रामलत बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य-2011(130) एफ.एल.आर. (इला.उ.न्या.) पृष्ठ 484" का महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय में भी माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कुष्ठ उन्मूलन योजना समाप्त हो जाने पर उस योजना में लगे कर्मकारों द्वारा राज्य के अन्य विभाग में समायोजन किये जाने की याचिका पर निम्नानुसार निष्कर्ष दिया गया है :-

"Appointment- Under the National Leprosy Eradication Programme launched by Central Government Non-extention of scheme- work refused- Writ Court directed the State to take policy decision for their absorption in any other medical or non-medical department Approach to State Government - Absorption refused- Legality of Rightly observed that the absorption of the petitioners against post available in other medical health department would only amount to back door entry which is legally not permissible- No interference warranted- Petition dismissed."

20. अत: ऊपर वर्णित न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धांतों की विधिक स्थिति आदि के विवेचन के उपरान्त यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रार्थी एक संविदा के अधीन नियुक्त कर्मी था ना कि मौखिक रूप से उसे सेवा में नियोजित किया गया एवं ना ही उसे मौखिक रूप से हटाया गया, अपितु संविदा समाप्त होने के उपरान्त उसकी सेवायें समाप्त हुई, अत: ऐसे में उसकी सेवायें समाप्त होना किसी भी रूप में "छंटनी" की परिधि में नहीं आता है । प्रार्थी की संविदा निष्पादन के सम्बन्ध में दी गयी दलीलें भी ऊपर किये गये विवेचन व माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में दिये गये निर्णय से स्वत: सार रहित हो जाती हैं एवं माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने तो ऊपर उद्धृत किये गये न्यायनिर्णय में भारत सरकार के जनगणना विभाग को "उद्योग" की श्रेणी में ही नहीं माना है एवं इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) के अपवाद (बीबी) के तहत जहाँ सेवायें अनुबन्ध के समाप्ति के कारण समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी की परिधि में नहीं लाया जा सकता है एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना भी अपेक्षित नहीं है । प्रार्थी स्वयं ने अनुबन्ध निष्पादित किये जाने के तथ्य को स्वीकार किया है । अनुबन्ध के तहत ही उसने अपनी सेवायें दी हैं । अब उस अनुबन्ध की वैधता का विनिश्चय इस मामले में नहीं किया जा सकता है कि वह अनुबन्ध वैध था या अवैध क्योंकि वह अनुबन्ध अब समाप्त हो चुका है । इसके अलावा प्रार्थी द्वारा अपना विवाद भी करीबन 10 वर्ष की देरी से उठाया गया है जिसका भी कोई संतोषप्रद कारण प्रकट नहीं किया गया है । प्रार्थी की सेवायें अप्रार्थी द्वारा मनमाने तरीके से या भेदभावपूर्वक समाप्त नहीं की जाकर पूरे भारतवर्ष के अन्य जनगणना कर्मियों के साथ समाप्त की गयी है । यह प्रार्थी व अन्य प्रार्थीगण में से कोई यदि भर्ती की नियमित प्रक्रिया से गुजरे तो वे उस भर्ती प्रक्रिया में शामिल किये जाने योग्य भी नहीं थे क्योंकि कुछ प्रार्थीगण तो अधिकतम आयु सीमा से भी काफी ऊपर की आयु सीमा तक पहुँच चुके थे । अत: इन सभी तथ्यों एवं ऊपर किये गये विवेचन का समेकित सार यही है कि प्रार्थी की इस मामले में सेवा समाप्ति जो 30-6-92 को अप्रार्थी द्वारा की गयी है, वह अनुबन्ध की समाप्ति के फलस्वरूप की गयी है एवं ऐसे में प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं बनता है ।

परिणामस्वरूप भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश क्रमांक एल-42012/81/98-आई.आर(डीयू) दिनांक 10-4-2002 एवं सपठित शुद्धिपत्र दिनांक 9-7-2002 के जरिये सम्प्रेषित निर्देश/रेफ्रेन्स को इसी अनुरूप उत्तरित किया जाता है कि हस्तगत मामले में अप्रार्थी निदेशक, जनगणना विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रार्थी देवीलाल की जो सेवायें की गयी हैं, वह अनुबन्ध के तहत ही की गयी है एवं ऐसे में उनका यह कृत्य उचित एवं वैद्य था। अतः प्रार्थी देवीलाल किसी प्रकार का कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

प्रकाश चन्द्र पगारीया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2013

का.आ. 350.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार डॉयरेक्टर, सेन्सस ऑप्रेशनस, जयपुर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कोटा के पंचाट (संदर्भ सं. 25/2002) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 06-01-2013 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-42012/79/1998-आई आर (डी यू)]

सुमति सकलानी, अनुभाग अधिकारी

New Delhi, the 15th January, 2013

S.O. 350.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award (Ref. No. 25/2002) of Industrial Tribunal, Kota as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the Director, Census Oprations, Jaipur and their workman, which was received by the Central Government on 06-01-2013.

[No. L-42012/79/1998-IR (DU)]

SUMATI SAKLANI, Section Officer

अनुबन्ध

औद्योगिक न्यायाधिकरण/केन्द्रीय/कोटा/राजस्थान

पीठासीन अधिकारी: श्री प्रकाश चन्द्र पगारीया, आर.एच.जे.एस.

निर्देश प्रकरण क्रमांक औ.न्या./केन्द्रीय/25/2002

दिनांक स्थापित : 10-5-2002

प्रसंग : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश क्रमांक एल-42012/79/98-आई.आर.(डीयू) दिनांक 10-4-2002 निर्देश/विवाद अन्तर्गत धारा 10(1)(घ) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

मध्य

शम्भूलाल पुत्र बिरधीलाल तेली, द्वारा ओ.पी. खण्डेलवाल, 1-सी-18, राज. हाउसिंग बोर्ड कालोनी, तलवण्डी, कोटा

...प्रार्थी श्रमिक

एवं

डॉयरेक्टर, सेन्सस ऑपरेशन, 6-बी झालाना डूँगरी, जयपुर

...अप्रार्थी नियोजक

उपस्थित

प्रार्थी श्रमिक की ओर से प्रतिनिधि : श्री एस.एल.सोनगरा

अप्रार्थी नियोजक की ओर से प्रतिनिधि : श्री श्याम गुप्ता

अधिनिर्णय दिनांक : 21-11-2012

अधिनिर्णय

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश दि. 10-4-2002 के द्वारा निम्न निर्देश/विवाद, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे तुदपरान्त "अधिनियम" से सम्बोधित किया जावेगा) की धारा 10(1)(घ) के अन्तर्गत इस न्यायाधिकरण को अधिनिर्णयार्थ सम्प्रेषित किया गया है: -

"Whether the action of the Census Department through Director of Census Operation Rajasthan, Jaipur in discountinuing the services of Sh. Shamboo Lal S/o Shri Birdhi Lal Teli w.e.f. 30-6-92 is legal and justified? If not, to what relief the workman is entitled and from what date?"

2. निर्देश/विवाद, न्यायाधिकरण में प्राप्त होने पर पंजीबद्ध उपरान्त पक्षकारों को नोटिस/सूचना जारी का विधिवत अवगत करवाया गया।

3. इस अधिनिर्णय से इस न्यायाधिकरण में ऊपर वर्णित प्रकरण सं. औ.न्या./केन्द्रीय/25/2002 का निस्तारण किया जा रहा है। हालाँकि इसी प्रकार के अन्य और प्रकरण भी इस न्यायाधिकरण में लम्बित हैं एवं उन प्रकरणों में भी अप्रार्थी जो इस प्रकरण में है, वही है तथा उन प्रकरणों के तथ्य भी इस प्रकरण के तथ्यों से मिलते-जुलते हैं, साक्ष्य भी प्रायः समान रूप से आयी हैं एवं बहस भी पक्षकारों ने सभी प्रकरणों को समेकित करते हुए ही की हैं, अतः सभी प्रकरणों का हालाँकि अलग-अलग रूप से निस्तारण किया जा रहा है परन्तु प्रकरणों के तथ्य, पक्षकारों की साक्ष्य एवं दी गयी दलीलों आदि को देखते हुए सभी में विवेचन प्रायः समान ही है एवं उसी अनुरूप इस प्रकरण के अलावा अन्य कुल 12 प्रकरण हैं, उनका भी आज ही निस्तारण किया जा रहा है।

4. इस प्रकरण में प्रार्थी ने अपने आपको कम्पायलर बताया है एवं उसने अपनी नियुक्ति तिथि 15-7-91 एवं हटाने की तिथि 30-6-92 बतायी है। प्रार्थी ने सेवा में नियोजन व समाप्ति, दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से किया जाना बताया है। विशेष रूप से यहाँ यह उल्लेख करना भी समीचीन होगा कि प्रायः सभी प्रकरणों में दलीलें व साक्ष्य भी जिस रूप में आयी है उसमें बहस के दौरान पक्षकारों के विद्वान प्रतिनिधिगण ने यह अभिकथन किया कि चूँकि सभी प्रकरणों में साक्ष्य मौखिक व दस्तावेजी एक जैसी ही है, अतः किसी भी एक प्रकरण की दस्तावेजी साक्ष्य जिसमें कि उभयपक्ष द्वारा पेशशुदा सभी दस्तावेज प्रदर्शित हुए हैं, उसको इस प्रकरण के विनिश्चय के लिए आधारभूत माना जावे। अतः इस अभिकथन को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में उभयपक्ष की सभी प्रकरण में आयी हुई दस्तावेजी साक्ष्य को समेकित करते हुए मौखिक साक्ष्य के आलोक में उसका विवेचन व विश्लेषण कर विनिश्चय का आधार माना जा रहा है।

5. प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित किया कि उसे अप्रार्थी विभाग द्वारा दिनांक 15-7-91 से कम्पायलर के पद पर सेवा

में नियोजित किया गया । नियुक्ति आदेश मौखिक था, लिखित में कोई आदेश नहीं दिया गया । बाद में सहायक निदेशक, जनगणना, कोटा कार्यालय समाप्त हो गया एवं उसका कार्य निदेशक, जनगणना, राजस्थान जयपुर द्वारा किया जा रहा है । यह कार्य भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा महापंजीयक के तहत करवाया जाता है जिसमें जिला स्तर पर सहायक निदेशक व राज्य स्तर पर निदेशक जनगणना का कार्य करते हैं । इस कार्य के लिए कर्मकारों की नियुक्ति पदों की स्वीकृति महापंजीयक, जनगणना, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी की जाती है जिसमें प्रार्थी श्रमिक के कम्पलायर के पद की स्वीकृति भी दिनांक 21-12-93 तक जारी की गयी थी । प्रार्थी श्रमिक ने अपनी नियुक्ति तिथि से 30-6-92 तक लगातार 240 दिन से अधिक समय तक कार्य किया है एवं प्रार्थी के पद की स्वीकृति भी महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा 30-11-93 तक बढ़ा दी गयी थी परन्तु इसके बावजूद भी प्रार्थी को 1-7-92 से कार्य पर आने से मना कर दिया एवं 1-7-92 को जब प्रार्थी कार्य पर गया तो उसकी सेवायें समाप्त कर दी गयी । इस सम्बन्ध में उसे कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया, मौखिक रूप से सेवा समाप्त की गयी । प्रार्थी की सेवा समाप्ति छंटनी की तारीफ में आता है एवं सेवा समाप्ति से पहले प्रार्थी की वरिष्ठता सूची का कोई प्रकाशन भी नहीं किया गया, अन्त में आये पहले जाये सिद्धांत की पालना भी नहीं की गयी तथा छंटनी के आज्ञापक प्रावधानों की पालना भी नहीं की गयी, कार्यदिवसों की संख्या भी कम करने के लिए उसमें कृत्रिम रूप से कमी दिखाई गयी । प्रार्थी की सेवायें दिनांक 30-6-92 को समाप्त करना व सेवा समाप्ति से पहले धारा 25-एफजीएच की पालना नहीं करना विधिसम्मत नहीं है । प्रार्थी द्वारा इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर बेंच में एक रिटयाचिका संख्या 4295/92 प्रस्तुत की गयी जो दिनांक 9-5-97 को निर्णित की गयी एवं प्रार्थी को समझौता अधिकारी के यहाँ कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया । समझौता अधिकारी के यहाँ वार्ता असफल हुई । फिर प्रार्थी ने पुनः एक रिटयाचिका माननीय उच्च न्यायालय में 2479/99 प्रस्तुत की जिसमें सरकार को औद्योगिक विवाद रेफर करने का आदेश दिया गया एवं उस आदेश के अनुसरण में भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा यह विवाद इस न्यायाधिकरण को रेफर किया गया । अतः प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट के माध्यम से उसके कम्पलायर/चैकर पद से अप्रार्थी द्वारा दिनांक 30-6-92 से मौखिक रूप से सेवायें समाप्त करना अवैध घोषित करने के साथ ही लगातार सेवा में माने जाने व पिछले समस्त वेतन व परिलाभों व सेवा की निरन्तरता के साथ सेवा में बहाल किये जाने के अनुतोष की मांग की है ।

6. अप्रार्थी द्वारा इसका जवाब पेश किया गया जिसमें वर्णित किया गया कि केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्येक 10 वर्ष में जनगणना का कार्य करवाया जाता है । वर्ष 1991 में भी पूरे देश में राजस्थान सहित जनगणना का कार्य करवाया गया । जनगणना के बढ़े हुए अतिरिक्त कार्य के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के पद अल्पावधि के लिए उपलब्ध करवाये जाते हैं एवं वे पद जनगणना कार्य पूरा होने के साथ की समाप्त हो जाते हैं । भारत के महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा भी अपने आदेश दिनांक 6-11-90 के द्वारा कुल 1864 पद 1-3-91 से 29-2-92 तक की अवधि के लिए स्वीकृत किये गये एवं पदों को बाद में तार दिनांक 4-3-92 के द्वारा जून, 92 तक जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी । अतः प्रार्थी का यह कथन असत्य है कि इसकी नियुक्ति मौखिक रूप से की गयी, अपितु इन पदों हेतु विज्ञापन के अनुसार साक्षात्कार के आधार पर अनुबन्ध पर प्रार्थी पर नियुक्ति कम्पलायर के पद पर की गयी थी । प्रार्थी का प्रथम अनुबन्ध इसकी नियुक्ति तिथि से 29-2-92 तक व दूसरा अनुबन्ध 3-3-92 से 30-6-92 तक हस्ताक्षरित किया गया था । प्रार्थी का यह कथन भी गलत है कि उसके पद की स्वीकृति 21-12-93 तक ही जारी की गयी । सभी क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जिसमें कोटा कार्यालय भी सम्मिलित है, 30-6-92 को ही बन्द कर दिये गये थे एवं अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार पद समाप्ति के साथ ही प्रार्थी को सेवा से पृथक कर दिया गया था । प्रार्थी को अनुबन्ध में वर्णित समेकित वेतन रु. 900 प्रतिमाह पर अनुबन्धित किया गया था वे उसने स्वयं ने अपनी इच्छा से अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये, अतः मौखिक रूप से नियुक्ति किये जाने का तथ्य असत्य व भ्रामक है । इसके अलावा महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा केवल नियमित पदों की स्वीकृति 31-12-93 तक जारी की गयी थी जबकि कम्पलायर के पद तो 30-6-92 तक ही उपलब्ध थे । चूँकि प्रार्थी अनुबन्ध के आधार पर अनुबन्धित था, अतः वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाना या हटाने से पहले क्षतिपूर्ति दिया जाना कतई आवश्यक नहीं था एवं वैसे भी जनगणना का कार्य "उद्योग" की श्रेणी में नहीं आता है, ऐसा "भवानीशंकर गौतम बनाम निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, राज. जयपुर-प्रकरण सं. औ.न्या./केन्द्रीय/21/99" के मामले के दिये गये निर्णय से भी स्पष्ट है । इसके अलावा अपने जवाब में अप्रार्थी ने प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित तथ्यों को अस्वीकार करते हुए अन्त में प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट को खारिज किये जाने की प्रार्थना की है ।

7. इसके पश्चात साक्ष्य प्रार्थी में प्रार्थी श्रमिक शम्भूलाल का शपथ-पत्र पेश किया गया, अप्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी एवं साक्ष्य अप्रार्थी में गवाह एच.सी.शर्मा का शपथ-पत्र पेश हुआ, प्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी । प्रलेखीय साक्ष्य में उभयपक्ष की ओर से कुछ प्रदर्श जिनमें कि महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 30-11-93 की प्रति, रेफ्रेन्स की प्रति, उभयपक्ष के मध्य निष्पादित संविदा-प्रपत्र, महापंजीयक कार्यालय से जारी तार की फोटोप्रति एवं इसके अनुसरण में निदेशक, निदेशालय, जनगणना राजस्थान, जयपुर द्वारा समस्त क्षेत्रीय जनगणना/सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 से समाप्त करने के पत्र व भारत सरकार के महापंजीयक जनगणना द्वारा जनगणना कार्य हेतु प्रत्येक राज्य के निदेशालय हेतु स्वीकृत पदों का संख्या आदि के पत्र हैं, को प्रदर्शित करवाया गया । हालाँकि सभी प्रकरण में ये पत्र प्रदर्शित नहीं हुए परन्तु चूँकि सभी के लिए यह सामग्री आधारभूत है, अतः सभी प्रकरणों के विनिश्चय के लिए इन्हें भी आधार माना गया है ।

8. उभयपक्ष की साक्ष्य समाप्ति के पश्चात बहस अन्तिम सुनी गयी । बहस के दौरान प्रार्थी की ओर से उनके विद्वान प्रतिनिधि ने दलील दी कि प्रार्थी की नियुक्ति एवं सेवा समाप्ति, दोनों ही मौखिक थी । प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा काम किया, इस तथ्य को दोनों पक्ष स्वीकार करते हैं । जनगणना अधिनियम की धारा 4, 11 एवं 18 को उन्होंने उद्धृत किया । धारा 4 में जनगणना कार्य के लिए किनको नियुक्त किया जायेगा व किस प्रकार से पर्यवेक्षण किया जायेगा, इसका उपबंध है । धारा 11 में जनगणना कार्य की सूचना को हटाने

या नष्ट करने या उन्हें कूट-रचित बनाने या अन्य कोई ऐसा ही अनुचित कृत्य करता है तो उसके लिए क्या दण्ड हो सकता है, इसके प्रावधान हैं तथा धारा 18 में नियम बनाने की शक्तियों का उल्लेख है। आगे इसी अधिनियम में कम्पलायर के पद का उल्लेख हुआ है। उनके द्वारा संविधान के अनुच्छेद 53, 73 एवं 299 को भी उद्धृत किया गया है। जो अनुबन्ध निष्पादित किया जाना बताया जा रहा है उसमें तो प्रार्थी ने केवल हस्ताक्षर ही किये, बाकी सभी इबारत तो अप्रार्थी द्वारा ही भरी गयी है एवं कोई भी अनुबन्ध दोनों पक्षकारों का एक साथ हस्ताक्षर करने पर ही पूर्ण होता है। इस मामले में अनुबन्ध में जहाँ एक ओर प्रार्थी ने कोटा में हस्ताक्षर किये तो भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से वी.एस. सिसोदिया, निदेशक ने हस्ताक्षर किये जबकि वी.एस. सिसोदिया कोटा में उपस्थित नहीं होकर जयपुर में थे, अतः ऐसा अनुबन्ध विधिसम्मत नहीं कहा जा सकता है एवं इस मामले में अनुबन्ध के प्रावधान लागू भी नहीं होते हैं। प्रार्थी को तो रोजगार चाहिए था, अतः जहाँ पर भी अप्रार्थी ने हस्ताक्षर करवाये, वहाँ उसने हस्ताक्षर कर दिये। प्रार्थी का पद 30-11-93 तक उपलब्ध होने के बावजूद भी उसकी सेवायें 30-6-92 को ही समाप्त कर दी गयी एवं जब प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा की सेवायें दी हैं तो उसे एक माह का नोटिस अथवा नोटिस अवधि का वेतन व मुआवजा देकर ही सेवायें समाप्त की जानी चाहिए थीं, अतः इन समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी का क्लेम स्वीकार किया जावे व इस सम्बन्ध में उसकी ओर से निम्नलिखित न्यायनिर्णय उद्धृत किये गये :-

"(1) सावित्री विजय बनाम भारत संघ-2008 (5) डब्ल्यू.एल.सी. /राज./पृष्ठ 340-इस न्यायनिर्णय में जनगणना विभाग में नियुक्त कर्मकारों की सेवायें धारा 25-एफ की पालना किये जाने के बगैर समाप्त किये जाने पर मामले को औद्योगिक न्यायाधिकरण को भेजे जाने हेतु निर्देश दिये गये।

(2) अनूप शर्मा बनाम अधिशासी अभियन्ता, पी.एच.डी. खण्ड। पानीपत/हरियाणा-2010(2)आर.एल.डब्ल्यू. 1586(एस.सी.)-इस मामले में धारा 25-एफ की पालना नहीं किये जाने पर कर्मचारी सेवा की निरन्तरता के साथ हकदार होंगे, ऐसा प्रतिपादित किया गया।

(3) हरजिंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य भण्डारण निगम-2010 सीडीआर 401 (एस.सी.) के मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ नियोक्ता द्वारा "अन्त में आये प्रथम जाये" नियम का उल्लंघन करना सिद्ध हो जाता है तो फिर 240 दिन की अवधि तक कार्य करने की पूर्व शर्त अपेक्षित नहीं है।

(4) कमिश्नर केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं अन्य बनाम अनिल कुमार सिंह व अन्य-(2003)10 एस.सी.सी.284-इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदात्मक नियुक्ति हुई है तो ऐसे कर्मकार की संविदा समाप्त होने की तिथि तक की सेवा समाप्त नहीं की जानी चाहिए अपितु नियमित भर्ती तक उसकी सेवायें रखी जानी चाहिए थीं, अतः इस मामले में प्रार्थीगण को नियमित नियुक्ति हेतु आवेदन करने की अनुमति दी गयी।

(5) राजस्थान राज्य बनाम गिरिराज प्रसाद एवं अन्य-2008 डब्ल्यू. एल.सी.(राज.) यू.सी. पृष्ठ 730-इस मामले में अंशकालीन कर्मकार को भी धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी माना गया।"

9. इसके विपरीत अप्रार्थी की ओर से यह दलील दी गयी कि सर्वप्रथम तो प्रार्थी ने अपनी सेवा में नियुक्ति तथा समाप्ति दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से बतायी है यह सर्वथा असत्य है, अपितु प्रार्थी की नियुक्ति लिखित अनुबन्ध के आधार पर हुई थी एवं यह लिखित अनुबन्ध स्वयं प्रार्थी के द्वारा हस्ताक्षरित है एवं ऐसे अनुबन्ध पर प्रार्थी ने अपने हस्ताक्षर होना भी स्वीकार किया है। अतः अब प्रार्थी उस अनुबन्ध से परे जाकर यदि कोई कथन करता है तो वह कोई महत्व नहीं रखता है। प्रार्थी ने अनुबन्ध के तथ्यों को ही छिपा दिया है। प्रार्थी ने यह विवाद भी करीबन 10-11 वर्ष की देरी से उठाया है। इसके अलावा जनगणना का कार्य तो भारत सरकार द्वारा प्रति 10 वर्ष में एक बार कराया जाता है एवं उसमें महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक राज्य में जनगणना कराने के लिए आकस्मिक रूप से जिन पदों को जितने समय के लिए आवश्यकता होती है, वही स्वीकृति जारी होती है एवं उस स्वीकृति के अनुसरण में ही राज्य स्तर पर जनगणना निदेशक द्वारा प्रत्येक जिले के लिए अनुबन्ध के आधार पर संविदाकर्मी रखे जाते हैं। प्रार्थी को भी संविदा के आधार पर रखा गया था। औ.वि.अधिनियम की धारा 2(ओओ)(बीबी) में जहाँ किसी कर्मकार की संविदा के अनवीनीकरण के कारण संविदा तिथि समाप्त होने पर सेवा समाप्त कर दी गयी है तो वह छंटनी की तारीफ में नहीं आता। अतः इस परिभाषा से ही यह स्पष्ट है कि इस मामले में प्रार्थी की छंटनी नहीं की गयी अपितु इसकी सेवायें संविदा समाप्त होने के साथ ही स्वतः समाप्त हो गयी थी। इसके अलावा अप्रार्थी की ओर से एक दलील यह भी दी गयी कि जनगणना निदेशक द्वारा जो पत्र दि. 30-11-93 को जारी किया गया था वह केवल उन्हीं कर्मकारों के सम्बन्ध में था जो पहले से ही नियमित रूप से नियुक्त होकर जनगणना के कार्य में लगे हुए थे, अन्यथा आकस्मिक रूप से या संविदा के आधार पर रखे गये संविदाकर्मियों की तो सेवायें 30-6-92 के पश्चात जारी नहीं रखने का स्वयं जनगणना निदेशक का ही दिनांक 4-3-92 का है जिसमें स्पष्ट कर दिया गया था कि क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जून, 92 तक ही काम कर पायेंगे एवं इसी अनुसरण में निदेशक, जनगणना राजस्थान द्वारा पूरे राजस्थान राज्य में क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया। अतः जब प्रार्थी का ना तो कोई कार्य शेष रहा एवं ना ही कोई स्वीकृति थी तो फिर कैसे इसे और आगे रखा जाता। इसके अलावा जनगणना विभाग किसी उद्योग की श्रेणी में भी नहीं आता है क्योंकि वहाँ पर कोई औद्योगिक एवं व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित नहीं होती है, यह राज्य का एक सार्वभौमिक कर्तव्य है। प्रार्थी स्वच्छ हाथों से न्यायाधिकरण के समक्ष नहीं आया है, अतः प्रार्थी का क्लेम सादर खारिज किया जावे। पूर्व में भी इस न्यायाधिकरण द्वारा इसी प्रकार के कुछ प्रकरण खारिज किये जा चुके हैं। उक्त दलीलों के अलावा निम्न न्यायदृष्टांत भी अप्रार्थी की ओर से उद्धृत किये गये हैं :-

"(1) 1996 लेब.आई.सी. पृष्ठ 915 (एस.सी.)-सुल्तान सिंह बनाम हरियाणा राज्य-इस मामले में जहाँ राज्य सरकार ने किसी औद्योगिक विवाद को औद्योगिक विवाद नहीं मानते हुए रेफर करने के इन्कार कर दिया तो माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सरकार के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया गया।

(2) प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स बनाम श्रम न्यायालय कोजीकोड एंव अन्य-2000 लेब.आई.सी. 649 (केरला उ. न्या.)-इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहां संविदा के नवीनीकरण नहीं होने के कारण सेवायें समाप्त हो गयी हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(3) श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए एवं अन्य-आर.एल.डब्ल्यू. 2003 (1) राज. पृष्ठ 171-इस न्यायनिर्णय में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ कर्मकार संविदा पर निश्चित अवधि के लिए नियुक्त हुआ, उसने वह संविदा स्वीकार की एवं संविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात सेवा समाप्त हुई तो कर्मकार सेवा में नियुक्त किये जाने का अधिकारी नहीं हो सकता ।

(4) अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा-2001 (3)राज. पृष्ठ 1465-इस मामले में भी जहाँ अस्थायी रूप से या तदर्थ संविदा के आधार पर नियुक्ति हुई है तो सेवा समाप्ति के उपरान्त कोई लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं माना गया ।

(5) अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेश कुमार के. भट्ट-2000 लेब.आई.सी. 818 (गुजरात उ. न्या.)- इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी विशेष अवधि के लिए नियुक्ति हुई हो तो उस अवधि के समाप्त होने पर उस सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(6) एस.एम. निलाजकर बनाम टेलीकॉम डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कर्नाटिका-2003 (97) एफ.एल.आर. 608-इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी योजना के समाप्त होने के साथ ही कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो वह छंटनी की परिधि में नहीं आता है ।

(7) नवोदय विद्यालय बनाम श्रीमती के.आर. हेमावेत्ती-2000 लेब. आई.सी. 3745 (कर्नाटक उ.न्या.)-इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ अस्थायी नियुक्ति संविदा के अधीन निश्चित अवधि के लिए हुई है तो 240 दिन से ज्यादा काम करने पर भी उसकी सेवा अवधि समाप्त होने पर सेवा से पृथक किया जाना छंटनी की परिभाषा में नहीं आता ।"

10. हमने उभयपक्ष द्वारा दी गयी दलीलों तथा उद्धृत किये गये न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धांतों पर मनन किया ।

11. जहाँ तक प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत "सावित्री विजय" के निर्णय का सवाल है, इस निर्णय में तो मात्र सरकार को विवाद अधिनिर्णय के लिए निर्देशित किये जाने का आदेश दिया गया । अब हस्तगत मामले में प्रार्थी की सेवायें किस प्रकार की थीं, क्या वह नियमित रूप से भर्ती की नियमित प्रक्रिया से गुजरकर नियुक्त हुआ या उसे दैनिक अनुबन्ध पर या अवधि विशेष के लिए अनुबंधित किया गया ? इस सम्बन्ध में प्रार्थी की ओर से दलील दी गयी कि प्रार्थी को सेवा में मौखिक रूप से नियुक्त किया गया एवं मौखिक रूप से हटाया गया । अप्रार्थी की ओर से इसका खण्डन किया जाकर प्रार्थी द्वारा संविदा के रूप में नियुक्त होने के संविदा-प्रपत्र की ओर न्यायाधिकरण का ध्यान आकृष्ट किया गया । इस संविदा-पत्र का अवलोकन करने पर यह पाया जाता है कि इसमें प्रार्थी/प्रार्थीया को कम्पालायर/चेकर/आकस्मिक श्रमिक/दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के रूप में संविदा निष्पादन की तिथि से लेकर 29-2-92 तक व उसके बाद में एक और संविदा-पत्र के द्वारा 30-6-92 तक रखा गया । अत: ऐसे में जब किसी नियोजन के सम्बन्ध में लिखित रूप से दस्तावेजात पक्षकारों के मध्य निष्पादित हुए हैं तो ऐसे में उन दस्तावेजात से परे जाकर कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार नहीं की जा सकती एवं ना ही अब यह प्रार्थी ऐसे दस्तावेज का खण्डन कर सकता है । स्वयं प्रार्थी ने अपनी जिरह में स्वीकार किया है मुझे कांट्रेक्ट पर रखा गया तथा एक अनुबन्ध समाप्त होने पर दूसरा अनुबन्ध-पत्र भरवाया गया तथा मैंने 30-6-92 तक ही काम किया तथा जितने दिन काम किया उतने दिनों का वेतन मिल चुका है । अनुबन्ध हमने नहीं पढ़ा, बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर दिये । इस सम्बन्ध में न्यायाधिकरण का इतना ही कहना पर्याप्त है कि जहाँ एक व्यक्ति जनगणना विभाग में कार्य करने जा रहा है एवं उसने एक बार या दो बार अनुबन्ध अप्रार्थी के साथ किया है एवं वह बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर रहा है जबकि प्रार्थी उम्रयाप्ता व्यक्ति है तो क्या उससे ऐसी अपेक्षा की जा सकती है? इस सम्बन्ध में उत्तर नकारात्मक ही होगा । कोई भी व्यक्ति बिना पढ़े अनुबन्ध पर शायद ही हस्ताक्षर करेगा, यदि उसे अनुबन्ध की शर्तें मंजूर नहीं थी तो । अत: अब उस अनुबन्ध के सम्बन्ध में यह अभिकथन करना कि उसके खाली कागज पर हस्ताक्षर करा लिये गये एवं उसने अनुबन्ध नहीं पढ़ा, इस प्रकार की दलीलें स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है एवं यदि इस प्रकार की दलीलें किसी लिखित अनुबन्ध के सम्बन्ध में स्वीकार कर ली जायेंगी तो फिर अनुबन्ध की प्रत्येक शर्त या इबारत के खण्डन में मौखिक दलील आयेंगी एवं लिखित अनुबन्ध का कोई अर्थ नहीं रहेगा, जबकि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 में जहाँ कोई लिखित दस्तावेज निष्पादित किया गया है तो उस दस्तावेज के कन्टेन्ट्स (अन्तर्वस्तु) के सम्बन्ध में कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार किये जाने का निषेध है । अत: प्रार्थी की ओर से इस अनुबन्ध के खण्डन में जो मौखिक दलील दी गयी वह किसी भी रूप में स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है ।

12. प्रार्थी की ओर से यह दलील कि उसके अनुबन्ध की तिथि दिनांक 31-12-93 तक थी एवं उसे बीच में हटा दिया गया, इस सम्बन्ध में अप्रार्थी की ओर से महायंजीयक, जनगणना के तार की फोटोप्रति प्रदर्शित करवायी गयी है । इसमें यह वर्णित किया गया कि जो आयोजना से भिन्न या अस्थायी प्रकृति के पद थे, उन्हें समाप्त किये जाने के निर्देश हैं एवं इसी के अनुसरण में जनगणना निदेशालय, राजस्थान द्वारा 30-6-92 को ऐसे पदों को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया एवं उसी के तहत प्रार्थी का अनुबन्ध समाप्त कर सेवायें समाप्त की गयी तो इस सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त है कि निदेशक, जनगणना विभाग द्वारा पूर्व में वर्ष 90 में जो पद सृजित किये गये थे, वे जनगणना कार्य के लिए ही थे एवं जैसे ही जनगणना कार्य पूरा हो गया एवं उन पदों की आवश्यकता नहीं रही तो अनुबन्ध समाप्त कर दिया गया, इसमें किसी प्रकार की कोई दुर्भावना लेशमात्र भी नहीं थी एवं यह कार्य ना केवल राजस्थान अपितु पूरे भारत वर्ष में किया गया, अत: इसे विभेदात्मक या भेदभावपूर्वक भी नहीं कहा जा सकता है ।

13. अप्रार्थी की ओर से जो न्यायनिर्णय "प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स/प्रा. लि. कालीकट बनाम श्रम न्यायालय, कोजीकोड'

का उद्धृत किया गया है एवं अन्य न्यायनिर्णय "श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए, अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बांसवाड़ा, अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेशकुमार के. भट्ट" जो उद्धृत किये गये हैं, इन सभी में यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि जहां कोई नियुक्ति अनुबन्ध के तहत हुई है तो फिर उस अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर या निश्चित अवधि समाप्त होने के फलस्वरूप यदि सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी नहीं माना जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ अधि नियम की पालना किया जाना अपेक्षित नहीं है । हस्तगत मामले में भी प्रार्थी की अनुबन्ध के तहत सेवायें समाप्त हुई हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी की तारीफ में नहीं लिया जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना किया जाना लाजिमी नहीं कहा जा सकता ।

14. इस सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय का न्यायनिर्णय "सैक्रेट्री, स्टेट आफ कर्नाटका एवं अन्य बनाम उमादेवी एवं अन्य-(2006) 4 एस.सी.सी. पृष्ठ 1" का भी महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय के कुछ अंश इस प्रकार के विवाद के सम्बन्ध में निम्नानुसार है :-

"Service Law– Casual Labour/Temporary Employee– Status and rights of– Unequal bargaining power– Effect– Held, such employees do not have any right to regular or permanent public employment– Further, temporary, contractual, casual, ad hoc or daily-wage pubic employment must be deemed to be accepted by the employee concerned fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it– Reasons for, discussed in detail– Labour Law."

"Phenomenon of "litigious employment" which had arisen due to issuance of such directions by High Courts, and even Supreme Court, highlighted– Held, merely because an employee had continued under cover of an order of the court, under "litigious employment" or had been continued beyond the term of his appointment by the State or its instrumentalities, he would not be entitled to any right to be absorbed or made permanent in service, merely on the strength of such continuance, if the original appointment was not made by following a due process of selections as envisaged by the relevant rules– It is further not open to the court to prevent regular recruitment at the instance of such employees– Unsustainability of claim to permanence on basis of long continuance in irregular or illegal public employment, discussed in detail."

इसी न्यायनिर्णय के पैरा 30 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जो टिप्पणी की गयी है वह भी महत्वपूर्ण है जो निम्नानुसार है :-

"Their Lordships cautioned that if directions are given to re-engage such persons in any other work or appoint them against existing vacancies, "the judicial process would become another mode of recruitment dehors the rules."

इसी न्यायनिर्णय में आगे पैरा नं. 45 एवं 47 के कुछ अंश भी निम्नानुसार है :-

"While directing that appointments, temporary or casual, be regularised or made permanent, the courts are swayed by the fact that the person concerned has worked for some time and in some cases for a considerable length of time. It is not as if the person who accepts an engagement either temporary or casual in nature, is not aware of the nature of his employment. He accepts the employment with open eyes. It may be true that he is not in a position to bargain—not at arm's length– since he might have been searching for some employment so as to eke out his livelihood and accepts whatever he gets. But on that ground alone, it would not be appropriate to jettison the constitutional scheme of appointment and to take the view that a person who has temporarily or casually got employed should be directed to be continued permanently. By doing so, it will be creating another mode of public appointment which is not permissible. If the court were to void a contractual employment of this nature on the ground that the parties were not having equal bargaining power, that too would not enable the court to grant any relief to that employee. A total embargo on such casual or temporary employment is not possible, given the exigencies of administration and if imposed, would only mean that some people who at least get employment temporarily, contractually or casually, would not be getting even that employment when securing of such employment brings at least some succour to them. After all, innumerable citizens of our vast country are in search of employment and one is not compelled to accept a casual or temporary employment if one is not inclined to go in for such an employment. It is in that context that one has to proceed on the basis that the employment was accepted fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it. In other words, even while accepting the employment, the person concerned knows the nature of his employment. It is not an appointment to a post in the real sense of the term. The claim acquired by him in the post in which he is temporarily employed or the interest in that post cannot be considered to be of such a magnitude as to enable the giving up of the procedure established, for making regular appointments to available posts in the services of the State. The argument that since one has been working for some time in the post, it will not be just to discontinue him, even though he was aware of the nature of the employment when he first took it up, is not (sic) one that would enable the jettisoning of the procedure established by law for public employment and would have to fail when tested on the touchstone of constitutionality and equality of opportunity enshrined in Article 14 of the Constitutions."

"When a person enters a temoporary employment or gets engagement as a contractual or casual worker and the engagement is not based on a proper selection as recognised by the relevant rules or procedure, he is aware of the consequences of the appointment being temporary, casual or contractual in nature. Such a person cannot invoke the theory of legitimate expectation for being confirmed in the post when an appointment to the post could be made only by following a proper procedure for

selection and in cases concerned, in consultation with the Public Service Commission. Therefore, the theory of legitimate expectation cannot be successfully advanced by temporary, contractual or casual employees."

15. इसके अलावा "राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर बनाम सदासुख गूर्जर-आर.एल.डब्ल्यू. 2002(4) राज. पृष्ठ 2500" के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह प्रतिपादित किया कि जहां कर्मकार की अनुबंध के तहत निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति हुई है एवं अनुबंध का नवीनीकरण नहीं करने पर एवं अनुबंध की अवधि समाप्त होने पर कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान की पालना अपेक्षित नहीं है ।

16. इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) में "छंटनी" की परिभाषा में जो कर्मकार की सेवायें समाप्त करना बताया गया है, उसके अपवाद (बीबी) में यह भी वर्णित है कि जहां वर्तमान कर्मकार की संविदा के नवीनीकरण के अभाव में सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता ।

17. अत: उपरोक्त विधिक स्थिति एवं न्यायनिर्णयों के आलोक में यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि जहां संविदाकर्मी की सेवायें संविदा के तहत समाप्त हो चुकी हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता । इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ऊपर उद्धृत किये गये "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में इस दलील को भी अस्वीकृत कर दिया गया कि अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करते समय कर्मकार ने उसे पढ़ा ही नहीं, आदि बाबत आपत्तियां इस निर्णय के आलोक में किंचित मात्र स्वीकार योग्य नहीं रहती है ।

18. इसके अलावा "मोह. राजमोहम्मद बनाम औ.न्या. एवं श्रम न्यायालय, वारंगल एवं अन्य-2003(2) एल.एल.जे. पृष्ठ 1149" के मामले में माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जनगणना विभाग के सम्बन्ध में निम्न निष्कर्ष निकाला गया है:-

"The Census Department of the Government of India cannot be said to be an Industry under Section 2(j) of the Industrial Disputes Act, as the functions and activities carried on by the said Department is purely sovereign functions and welfare of the entire natation depends on the information collected, tabulated and prepared by the said department. Hence, the respondent cannot be called to be an Industry within the meaning of Section 2(j) of the Industrial Disputes Act. The function of enumeration of Census work is purely a sovereign function."

19. इसके अलावा एक और न्यायनिर्णय "रामलत बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य-2011(130) एफ.एल.आर. (इला.उ.न्या.) पृष्ठ 484" का महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय में भी माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कुष्ठ उन्मूलन योजना समाप्त हो जाने पर उस योजना में लगे कर्मकारों द्वारा राज्य के अन्य विभाग में समायोजन किये जाने की याचिका पर निम्नानुसार निष्कर्ष दिया गया है :-

"Appointment– Under the National Leprosy Eradication Programme launched by Central Government Non-extention of scheme– work refused– Writ Court directed the State to take policy decision for their absorption in any other medical or non-medical department Approach to State Government– Absorption refused Legality of Rightly observed that the absorption of the petitioners against post available in other medical health department would only amount to back door entry which is legally not permissible– No interference warranted– Petition dismissed."

20. अत: ऊपर वर्णित न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धातों की विधिक स्थिति आदि के विवेचन के उपरान्त यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रार्थी एक संविदा के अधीन नियुक्त कर्मी था ना कि मौखिक रूप से उसे सेवा में नियोजित किया गया एवं ना ही उसे मौखिक रूप से हटाया गया, अपितु संविदा समाप्त होने के उपरान्त उसकी सेवायें समाप्त हुई, अत: ऐसे में उसकी सेवायें समाप्त होना किसी भी रूप में "छंटनी" की परिधि में नहीं आता है । प्रार्थी की संविदा निष्पादन के सम्बन्ध में दी गयी दलीलें भी ऊपर किये गये विवेचन व माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में दिये गये निर्णय से स्वत: सार रहित हो जाती हैं एवं माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने तो ऊपर उद्धृत किये गये न्यायनिर्णय में भारत सरकार के जनगणना विभाग को "उद्योग" की श्रेणी में ही नहीं माना है एवं इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) के अपवाद (बीबी) के तहत जहाँ सेवायें अनुबन्ध के समाप्ति के कारण समाप्त हो जाती है तो उसे छंटनी की परिधि में नहीं लाया जा सकता है एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना भी अपेक्षित नहीं है । प्रार्थी स्वयं ने अनुबन्ध निष्पादित किये जाने के तथ्य को स्वीकार किया है । अनुबन्ध के तहत ही उसने अपनी सेवायें दी हैं । अब उस अनुबन्ध की वैधता का विनिश्चय इस मामले में नहीं किया जा सकता है कि वह अनुबन्ध वैध था या अवैध क्योंकि वह अनुबन्ध अब समाप्त हो चुका है । इसके अलावा प्रार्थी द्वारा अपना विवाद भी करीबन 10 वर्ष की देरी से उठाया गया है जिसका भी कोई संतोषप्रद कारण प्रकट नहीं किया गया है । प्रार्थी की सेवायें अप्रार्थी द्वारा मनमाने तरीके से या भेदभावपूर्वक समाप्त नहीं की जाकर पूरे भारत वर्ष के अन्य जनगणना कर्मियों के साथ समाप्त की गयी है । यह प्रार्थी व अन्य प्रार्थीगण में से कोई यदि भर्ती की नियमित प्रक्रिया से गुजरे तो वे उस भर्ती प्रक्रिया में शामिल किये जाने योग्य भी नहीं थे क्योंकि कुछ प्रार्थीगण तो अधिकतम आयु सीमा से भी काफी ऊपर की आयु सीमा तक पहुंच चुके थे । अत: इन सभी तथ्यों एवं ऊपर किये गये विवेचन का समेकित सार यही है कि प्रार्थी की इस मामले में सेवा समाप्ति जो 30-6-92 को अप्रार्थी द्वारा की गयी है, वह अनुबन्ध की समाप्ति के फलस्वरूप की गयी है एवं ऐसे में प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं बनता है ।

परिणामस्वरूप भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासंगिक आदेश क्रमांक एल-42012/79/98-आई.आर(डीयू) दिनांक 30-2-2002 के जरिये सम्प्रेषित निर्देश/रेफ्रेन्स को इसी अनुरूप उत्तरित किया जाता है कि हस्तगत मामले में अप्रार्थी निदेशक, जनगणना विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रार्थी शम्भूलाल की जो सेवायें समाप्त की गयी है, वह अनुबन्ध के तहत ही की गयी हैं एवं ऐसे में उनका यह कृत्य उचित एवं वैद्य था । अत: प्रार्थी शम्भूलाल किसी प्रकार का कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

प्रकाश चन्द्र पगारीया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2013

का.आ. 351.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डायरेक्टर, सेन्सस ऑपरेशन जयपुर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण कोटा के पंचाट (आईडी संख्या 19/2002) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 6-1-2013 को प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल-42012/77/1998-आईआर (डीयू)]
सुमति सकलानी, अनुभाग अधिकारी

New Delhi, the 15th January, 2013

S.O. 351.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award (Ref. 19/2002) of Industrial Tribunal, Kota as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the the Director, Census Operations, Jaipur and their workman, which was received by the Central Government on 6-1-2013.

[No. L-42012/77/1998-IR (DU)]

SUMATI SAKLANI, Section Officer

अनुबन्ध

औद्योगिक न्यायाधिकरण/केन्द्रीय/कोटा/राजस्थान

पीठासीन अधिकारी: श्री प्रकाश चन्द्र पगारीया, आर.एच.जे.एस.
निर्देश प्रकरण क्रमांक औ.न्या./केन्द्रीय/19/2002
दिनांक स्थापित : 10-5-2002

प्रसंग : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश क्रमांक एल-42012/77/98-आई.आर.(डीयू) दिनांक 10-4-2002 निर्देश/विवाद अन्तर्गत धारा 10(1)(घ) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

मध्य

नन्दकिशोर पुत्र मूलचन्द्र गूजर 1221 वार्ड नं. 33 किशोरपुरा, कोटा

— प्रार्थी श्रमिक

एवं

डॉयरेक्टर, सेन्सस ऑपरेशन, 6-बी झालाना डूँगरी, जयपुर

—अप्रार्थी नियोजक

उपस्थित

प्रार्थी श्रमिक की ओर से प्रतिनिधि :— श्री एस.एल.सोनगरा

अप्रार्थी नियोजक की ओर से प्रतिनिधि:— श्री श्याम गुप्ता

अधिनिर्णय दिनांक : 21-11-2012

अधिनिर्णय

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय नई दिल्ली के प्रासंगिक आदेश दि. 10-4-2002 के द्वारा निम्न निर्देश/विवाद,औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे तदुपरान्त "अधिनियम" से सम्बोधित किया जावेगा) की धारा 10(1)(घ) के अन्तर्गत इस न्यायाधिकरण को अधिनिर्णयार्थ सम्प्रेषित किया गया है:-

> "Whether the action of the Census Department through Director of Census Operation Rajasthan, Jaipur in discontinuing the services of Sh. Nand Kishore S/o Sh. Mool Chand Gurjar w.e.f. 30-6-1992 is legal and justified? If not, to what relief the workman is entitled and from what date ?"

2. निर्देश/विवाद, न्यायाधिकरण में प्राप्त होने पर पंजीबद्ध उपरान्त पक्षकारों को नोटिस/सूचना जारी का विधिवत् अवगत करवाया गया ।

3. इस अधिनिर्णय से इस न्यायाधिकरण में ऊपर वर्णित प्रकरण सं. औ. न्या./केन्द्रीय/19/2002 का निस्तारण किया जा रहा है । हालाँकि इसी प्रकार के अन्य और प्रकरण भी इस न्यायाधिकरण में लम्बित हैं एवं उन प्रकरणों में भी अप्रार्थी जो इस प्रकरण में है, वही है तथा उन प्रकरणों के तथ्य भी इस प्रकरण के तथ्यों से मिलते-जुलते हैं, साक्ष्य भी प्रायः समान रूप से आयी हैं एवं बहस भी पक्षकारों ने सभी प्रकरणों को समेकित करते हुए ही की है, अतः सभी प्रकरणों का हालाँकि अलग-अलग रूप से निस्तारण किया जा रहा है परन्तु प्रकरणों के तथ्य, पक्षकारों की साक्ष्य एवं दी गयी दलीलों आदि को देखते हुए सभी में विवेचन प्रायः समान ही है एवं उसी अनुरूप इस प्रकरण के अलावा अन्य कुल 12 प्रकरण हैं, उनका भी आज ही निस्तारण किया जा रहा है ।

4. इस प्रकरण में प्रार्थी ने अपने आपको कम्पायलर बताया है एवं उसने अपनी नियुक्ति तिथि 3-6-1991 एवं हटाने की तिथि 30-6-92 बतायी है । प्रार्थी ने सेवा में नियोजन व समाप्ति, दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से किया जाना बताया है । विशेष रूप से यहाँ यह उल्लेख करना भी समीचीन होगा कि प्रायः सभी प्रकरणों में दलीलें व साक्ष्य भी जिस रूप में आयी है उसमें बहस के दौरान पक्षकारों के विद्वान प्रतिनिधिगण ने यह अभिकथन किया कि चूंकि सभी प्रकरणों में साक्ष्य मौखिक व दस्तावेजों एक जैसी ही है, अतः किसी भी एक प्रकरण की दस्तावेजी साक्ष्य जिसमें कि उभयपक्ष द्वारा पेशशुदा सभी दस्तावेज प्रदर्शित हुए हैं, उसको इस प्रकरण के विनिश्चय के लिए आधारभूत माना जावे । अतः इस अभिकथन को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में उभयपक्ष की सभी प्रकरण में आयी हुई दस्तावेजी साक्ष्य को समेकित करते हुए मौखिक साक्ष्य के आलोक में उसका विवेचन व विश्लेषण कर विनिश्चय का आधार माना जा रहा है ।

5. प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित किया कि उसे अप्रार्थी विभाग द्वारा दिनांक 3-6-1991 से कम्पायलर के पद पर सेवा में नियोजित किया गया । नियुक्ति आदेश मौखिक था, लिखित में कोई आदेश नहीं दिया गया । बाद में सहायक निदेशक, जनगणना,

कोटा कार्यालय समाप्त हो गया एवं उसका कार्य निदेशक, जनगणना, राजस्थान जयपुर द्वारा किया जा रहा है । यह कार्य भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा महापंजीयक के तहत करवाया जाता है जिसमें जिला स्तर पर सहायक निदेशक व राज्य स्तर पर निदेशक जनगणना का कार्य करते हैं । इस कार्य के लिए कर्मकारों की नियुक्ति, पदों की स्वीकृति महापंजीयक, जनगणना, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा की जाती है जिसमें प्रार्थी श्रमिक के कम्पलायर के पद की स्वीकृति भी दिनांक 21-12-93 तक जारी की गयी थी । प्रार्थी श्रमिक ने अपनी नियुक्ति तिथि से 30-6-92 तक लगातार 240 दिन से अधिक समय तक कार्य किया है एवं प्रार्थी के पद की स्वीकृति भी महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा 30-11-93 तक बढ़ा दी गयी थी परन्तु इसके बावजूद भी प्रार्थी को 1-7-92 से कार्य पर आने से मना कर दिया एवं 1-7-92 को जब प्रार्थी कार्य पर गया तो उसकी सेवायें समाप्त कर दी गयी । इस सम्बन्ध में उसे कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया, मौखित रूप से सेवा समाप्त की गयी । प्रार्थी की सेवा समाप्ति छंटनी की तारीफ में आता है एवं सेवा समाप्ति से पहले प्रार्थी की वरिष्ठता सूची का कोई प्रकाशन भी नहीं किया गया, अन्त में आये पहले जाये सिद्धांत की पालना भी नहीं की गयी तथा छंटनी के आज्ञापक प्रावधानों की पालना भी नहीं की गयी, कार्य दिवसों की संख्या भी कम करने के लिए उसमें कृत्रिम रूप से कमी दिखाई गयी । प्रार्थी की सेवायें दिनांक 30-6-92 को समाप्त करना व सेवा समाप्ति से पहले धारा 25-एफ, जी, एच की पालना नहीं करना विधिसम्मत नहीं है । प्रार्थी द्वारा इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर बेंच में एक रिटयाचिका संख्या 4295/92 प्रस्तुत की गयी जो दिनांक 9-5-97 को निर्णित की गयी एवं प्रार्थी को समझौता अधिकारी के यहाँ कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया । समझौता अधिकारी के यहाँ वार्ता असफल हुई । फिर प्रार्थी ने पुनः एक रिटयाचिका माननीय उच्च न्यायालय में 2479/99 प्रस्तुत की जिसमें सरकार को औद्योगिक विवाद रेफर करने का आदेश दिया गया एवं उस आदेश के अनुसरण में भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा यह विवाद इस न्यायाधिकरण को रेफर किया गया । अतः प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट के माध्यम से उसके कम्पलायर/चेकर पद से अप्रार्थी द्वारा दिनांक 30-6-92 से मौखिक रूप से सेवायें समाप्त करना अवैध घोषित करने के साथ ही लगातार सेवा में माने जाने व पिछले समस्त वेतन व परिलाभों व सेवा की निरन्तरता के साथ सेवा में बहाल किये जाने के अनुतोष की मांग की है ।

6. अप्रार्थी द्वारा इसका जवाब पेश किया गया जिसमें वर्णित किया गया कि केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्येक 10 वर्ष में जनगणना का कार्य करवाया जाता है । वर्ष 1991 में भी पूरे देश में राजस्थान सहित जनगणना का कार्य करवाया गया । जनगणना के बढ़े हुए अतिरिक्त कार्य के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के पद अल्पावधि के लिए उपलब्ध करवाये जाते हैं एवं वे पद जनगणना कार्य पूरा होने के साथ की समाप्त हो जाते हैं । भारत के महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा भी अपने आदेश दिनांक 6-11-90 के द्वारा कुल 1864 पद 1-3-91 से 29-2-92 तक की अवधि के लिए स्वीकृत किये गये एवं पदों को बाद में तार दिनांक 4-3-92 के द्वारा जून, 92 तक जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी । अतः प्रार्थी का यह कथन असत्य है कि इसकी नियुक्ति मौखिक रूप से की गयी, अपितु इन पद हेतु विज्ञापन के अनुसार साक्षात्कार के आधार पर अनुबन्ध पर प्रार्थी पर नियुक्ति कम्पलायर के पद पर की गयी थी । प्रार्थी का प्रथम अनुबन्ध इसकी नियुक्ति तिथि से 29-2-92 तक व दूसरा अनुबन्ध 3-3-92 से 30-6-92 तक हस्ताक्षरित किया गया था । प्रार्थी का यह कथन भी गलत है कि उसके पद की स्वीकृति 21-12-93 तक ही जारी की गयी थी । सभी क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जिसमें कोटा कार्यालय भी सम्मिलित है, 30-6-92 को ही बन्द कर दिये गये थे एवं अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार पद समाप्ति के साथ ही प्रार्थी को सेवा से पृथक कर दिया गया था । प्रार्थी को अनुबन्ध में वर्णित समेकित वेतन रु. 900 प्रतिमाह पर अनुबन्धित किया गया था व उसने स्वयं ने अपनी इच्छा से अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये, अतः मौखिक रूप से नियुक्ति किये जाने का तथ्य असत्य व भ्रामक है । इसके अलावा महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा केवल नियमित पदों की स्वीकृति 31-12-93 तक जारी की गयी थी जबकि कम्पलाईर के पद तो 30-6-92 तक ही उपलब्ध थे । चूँकि प्रार्थी अनुबन्ध के आधार पर अनुबन्धित था, अतः वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाना या हटाने से पहले क्षतिपूर्ति दिया जाना कतई आवश्यक नहीं था एवं वैसे भी जनगणना का कार्य "उद्योग" की श्रेणी में नहीं आता है, ऐसा "भवानीशंकर गौतम बनाम निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, राज. जयपुर-प्रकरण सं. औ.न्या./केन्द्रीय/21/99" के मामले के दिये गये निर्णय से भी स्पष्ट है । इसके अलावा अपने जवाब में अप्रार्थी ने प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित तथ्यों को अस्वीकार करते हुए अन्त में प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट को खारिज किये जाने की प्रार्थना की है ।

7. इसके पश्चात साक्ष्य प्रार्थी में प्रार्थी श्रमिक नन्दकिशोर का शपथ-पत्र पेश किया गया, अप्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी एवं साक्ष्य अप्रार्थी में गवाह एच.सी.शर्मा का शपथ-पत्र पेश हुआ, प्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी । प्रलेखीय साक्ष्य में उभयपक्ष की ओर से कुछ प्रदर्श जिनमें कि महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 30-11-93 की प्रति, रेफ्रेन्स की प्रति, उभयपक्ष के मध्य निष्पादित संविदा-प्रपत्र, महापंजीयक कार्यालय से जारी तार की फोटोप्रति एवं इसके अनुसरण में निदेशक, निदेशालय, जनगणना राजस्थान, जयपुर द्वारा समस्त क्षेत्रीय जनगणना/सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 से समाप्त करने के पत्र व भारत सरकार के महापंजीयक जनगणना द्वारा जनगणना कार्य हेतु प्रत्येक राज्य के निदेशालय हेतु स्वीकृत पदों की संख्या आदि के पत्र हैं, को प्रदर्शित करवाया गया । हालाँकि सभी प्रकरण में ये पत्र प्रदर्शित नहीं हुए परन्तु चूँकि सभी के लिए यह सामग्री आधारभूत है, अतः सभी प्रकरणों के विनिश्चय के लिए इन्हें भी आधार माना गया है ।

8. उभयपक्ष की साक्ष्य समाप्ति के पश्चात बहस अन्तिम सुनी गयी । बहस के दौरान प्रार्थी की ओर से उनके विद्वान प्रतिनिधि ने दलील दी कि प्रार्थी की नियुक्ति एवं सेवा समाप्ति, दोनों ही मौखिक थीं । प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा काम किया, इस तथ्य को दोनों पक्ष स्वीकार करते हैं । जनगणना अधिनियम की धारा 4, 11 एवं 18 को उन्होंने उद्धृत किया । धारा 4 में जनगणना कार्य के लिए किनको

नियुक्त किया जायेगा वे किस प्रकार से पर्यवेक्षण किया जायेगा, इसका उपबंध है । धारा 11 में जनगणना कार्य की सूचना को हटाने या नष्ट करने या उन्हें कूट-रचित बनाने या अन्य कोई ऐसा ही अनुचित कृत्य करता है तो उसके लिए क्या दण्ड हो सकता है, इसके प्रावधान हैं तथा धारा 18 में नियम बनाने की शक्तियों का उल्लेख है । आगे इसी अधिनियम में कम्पलाईर के पद का उल्लेख हुआ है । उनके द्वारा संविधान के अनुच्छेद 53, 73 एवं 299 को भी उद्धृत किया गया है । जो अनुबन्ध निष्पादित किया जाना बताया जा रहा है उसमें तो प्रार्थी ने केवल हस्ताक्षर ही किये, बाकी सभी इबारत तो अप्रार्थी द्वारा ही भरी गयी है एवं कोई भी अनुबन्ध दोनों पक्षकारों का एक साथ हस्ताक्षर करने पर ही पूर्ण होता है । इस मामले में अनुबन्ध में जहाँ एक ओर प्रार्थी ने कोटा में हस्ताक्षर किये तो भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से वी.एस. सिसोदिया, निदेशक ने हस्ताक्षर किये जबकि वी.एस. सिसोदिया कोटा में उपस्थित नहीं होकर जयपुर में थे, अतः ऐसा अनुबन्ध विधिसम्मत नहीं कहा जा सकता है एवं इस मामले में अनुबन्ध के प्रावधान लागू भी नहीं होते हैं । प्रार्थी को तो रोजगार चाहिए था, अतः जहाँ पर भी अप्रार्थी ने हस्ताक्षर करवाये, वहाँ उसने हस्ताक्षर कर दिये । प्रार्थी का पद 30-11-93 तक उपलब्ध होने के बावजूद भी उसकी सेवायें 30-6-92 को ही समाप्त कर दी गयी एवं जब प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा की सेवायें दी हैं तो उसे एक माह का नोटिस अथवा नोटिस अवधि का वेतन व मुआवजा देकर ही सेवायें समाप्त की जानी चाहिए थीं, अतः इन समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी का क्लेम स्वीकार किया जावे व इस सम्बन्ध में उसकी ओर से निम्नलिखित न्यायनिर्णय उद्धृत किये गये :-

"(1) सावित्री विजय बनाम भारत संघ-2008 (5) डब्ल्यू.एल.सी./राज./पृष्ठ 340—इस न्यायनिर्णय में जनगणना विभाग में नियुक्त कर्मचारी की सेवायें धारा 25-एफ की पालना किये जाने के बगैर समाप्त किये जाने पर मामले को औद्योगिक न्यायाधिकरण को भेजे जाने हेतु निर्देश दिये गये ।

(2) अनूप शर्मा बनाम अधिशासी अभियन्ता, पी.एच.डी. खण्ड । पानीपत/हरियाणा—2010(2)आर.एल.डब्ल्यू. 1586(एस.सी)—इस मामले में धारा 25-एफ की पालना नहीं किये जाने पर कर्मचारी सेवा की निरन्तरता के साथ हकदार होंगे, ऐसा प्रतिपादित किया गया ।

(3) हरजिंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य भण्डारण निगम-2010 सीडीआर 401 (एस.सी.) के मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ नियोक्ता द्वारा "अन्त में आये प्रथम जाये" नियम का उल्लंघन करना सिद्ध हो जाता है तो फिर 240 दिन की अवधि तक कार्य करने की पूर्व शर्त अपेक्षित नहीं है ।

(4) कमिश्नर केन्द्रीय विद्यालय संघठन एवं अन्य बनाम अनिल कुमार सिंह व अन्य-(2003)10 एस.सी.सी.284—इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदात्मक नियुक्ति हुई है तो ऐसे कर्मकार की संविदा समाप्त होने की तिथि तक ही सेवा समाप्त नहीं की जानी चाहिए अपितु नियमित भर्ती तक उसकी सेवायें रखी जानी चाहिए थीं, अतः इस मामले में प्रार्थीगण को नियमित नियुक्ति हेतु आवेदन करने की अनुमति दी गयी ।

(5) राजस्थान राज्य बनाम गिरिराज प्रसाद एवं अन्य—2008 डब्ल्यू. एल.सी.(राज.) यू.सी. पृष्ठ 730—इस मामले में अंशकालीन कर्मकार को भी धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी माना गया ।"

9. इसके विपरीत अप्रार्थी की ओर से यह दलील दी गयी कि सर्वप्रथम तो प्रार्थी ने अपनी सेवा में नियुक्ति तथा समाप्ति दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखित रूप से बतायी है वह सर्वथा असत्य है, अपितु प्रार्थी की नियुक्ति लिखित अनुबन्ध के आधार पर हुई थी एवं यह लिखित अनुबन्ध स्वयं प्रार्थी के द्वारा हस्ताक्षरित है एवं ऐसे अनुबन्ध पर प्रार्थी ने अपने हस्ताक्षर होना भी स्वीकार किया है । अतः अब प्रार्थी उस अनुबन्ध से परे जाकर यदि कोई कथन करता है तो वह कोई महत्व नहीं रखता है । प्रार्थी ने अनुबन्ध के तथ्यों को ही छिपा दिया है । प्रार्थी ने यह विवाद भी करीबन 10-11 वर्ष की देरी से उठाया है । इसके अलावा जनगणना का कार्य तो जनगणना का कार्य तो भारत सरकार द्वारा प्रति 10 वर्ष में एक बार कराया जाता है एवं उसमें महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक राज्य में जनगणना कराने के लिए आकस्मिक रूप से जिन पदों की जितने समय के लिए आवश्यकता होती है, वही स्वीकृति जारी होती है एवं उस स्वीकृति के अनुसरण में ही राज्य स्तर पर जनगणना निदेशक द्वारा प्रत्येक जिले के लिए अनुबन्ध के आधार पर संविदाकर्मी रखे जाते हैं । प्रार्थी को भी संविदा के आधार पर रखा गया था । औ.वि. अधिनियम की धारा 2(00)(बीबी) में जहाँ किसी कर्मकार की संविदा के अनविनिकरण के कारण संविदा तिथि समाप्त होने पर सेवा समाप्त कर दी गयी है तो वह छंटनी की तारीफ में नहीं आता । अतः इस परिभाषा से ही यह स्पष्ट है कि इस मामले में प्रार्थी की छंटनी नहीं की गयी अपितु इसकी सेवायें संविदा समाप्त होने के साथ ही स्वतः समाप्त हो गयी थी । इसके अलावा अप्रार्थी की ओर से एक दलील यह भी दी गयी कि जनगणना निदेशक द्वारा जो पत्र दि. 30-11-93 को जारी किया गया था वह केवल उन्हीं कर्मकारों के सम्बन्ध में था जो पहले से ही नियमित रूप से नियुक्त होकर जनगणना के कार्य में लगे हुए थे, अन्यथा आकस्मिक रूप से या संविदा के आधार पर रखे गये संविदाकर्मियों की तो सेवायें 30-6-92 के पश्चात जारी नहीं रखने का स्वयं जनगणना निदेशक का तार दिनांक 4-3-92 का है जिसमें स्पष्ट कर दिया गया था कि क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जून, 92 तक ही काम कर पायेंगे एवं इसी अनुसरण में निदेशक, जनगणना राजस्थान द्वारा पूरे राजस्थान राज्य में क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया । अतः जब प्रार्थी का ना तो कोई कार्य शेष रहा एवं ना ही कोई स्वीकृति थी तो फिर कैसे इसे और आगे रखा जाता । इसके अलावा जनगणना विभाग किसी उद्योग की श्रेणी में भी नहीं आता है क्योंकि वहाँ पर कोई औद्योगिक एवं व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित नहीं होती है, यह राज्य का एक सार्वभौमिक कर्तव्य है । प्रार्थी स्वच्छ हाथों से न्यायाधिकरण के समक्ष नहीं आया है, अतः प्रार्थी का क्लेम स्टेटमेन्ट खारिज किया जावे । पूर्व में भी इस न्यायाधिकरण द्वारा इसी प्रकार के कुछ प्रकरण

खारिज किये जा चुके हैं । उक्त दलीलों के अलावा निम्न न्यायदृष्टांत भी अप्रार्थी की ओर से उद्धृत किये गये हैं :—

"(1) 1996 लेब.आई.सी. पृष्ठ 915(एस.सी.)—सुल्तान सिंह बनाम हरियाणा राज्य—इस मामले में जहाँ राज्य सरकार ने किसी औद्योगिक विवाद को औद्योगिक विवाद नहीं मानते हुए रेफर करने से इन्कार कर दिया तो माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सरकार के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया गया ।

(2) प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स बनाम श्रम न्यायालय कोझीकोड एवं अन्य—2000 लेब.आई.सी. 649 (केरला उ. न्या.)—इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदा के नवीनीकरण नहीं होने के कारण सेवायें समाप्त हो गयी हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(3) श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए एवं अन्य—आर.एल.डब्ल्यू. 2003 (1) राज. पृष्ठ 171—इस न्यायनिर्णय में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ कर्मकार संविदा पर निश्चित अवधि के लिए नियुक्त हुआ, उसने वह संविदा स्वीकार की एवं संविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात् सेवा समाप्त हुई तो कर्मकार सेवा में नियुक्त किये जाने का अधिकारी नहीं हो सकता ।

(4) अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा—2001(3)राज. पृष्ठ 1465—इस मामले में भी जहाँ अस्थायी रूप से या तदर्थ संविदा के आधार पर नियुक्ति हुई है तो सेवा समाप्ति के उपरान्त कोई लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं माना गया ।

(5) अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेश कुमार के. भट्ट—2000 लेब.आई.सी. 818 (गुजरात उ. न्या.)— इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी विशेष अवधि के लिए नियुक्ति हुई हो तो उस अवधि के समाप्त होने पर उस सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(6) एस.एम. निलाजकर बनाम टेलीकॉम डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कर्नाटका—2003(97) एफ.एल.आर. 608—इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी योजना के समाप्त होने के साथ ही कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो वह छंटनी की परिधि में नहीं आता है ।

(7) नवोदय विद्यालय बनाम श्रीमती के.आर. हेमावेती—2000 लेब. आई.सी. 3745(कर्नाटक उ.न्या.)—इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ अस्थायी नियुक्ति संविदा के अधीन निश्चित अवधि के लिए हुई है तो 240 दिन से ज्यादा काम करने पर भी उसकी सेवा अवधि समाप्त होने पर सेवा से पृथक किया जाना छंटनी की परिभाषा में नहीं आता ।"

10. हमने उभयपक्ष द्वारा दी गयी दलीलों तथा उद्धृत किये गये न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धांतों पर मनन किया ।

11. जहाँ तक प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत "सावित्री विजय" के निर्णय का सवाल है, इस निर्णय में तो मात्र सरकार को विवाद अधिनिर्णय के लिए निर्देशित किये जाने का आदेश दिया गया । अब हस्तगत मामले में प्रार्थी की सेवायें किस प्रकार की थीं, क्या वह नियमित रूप से भर्ती की नियमित प्रक्रिया से गुजरकर नियुक्त हुआ या उसे दैनिक अनुबन्ध पर या अवधि विशेष के लिए अनुबंधित किया गया ? इस सम्बन्ध में प्रार्थी की ओर से दलील दी गयी कि प्रार्थी को सेवा में मौखिक रूप से नियुक्त किया गया एवं मौखिक रूप से हटाया गया । अप्रार्थी की ओर से इसका खण्डन किया जाकर प्रार्थी द्वारा संविदा के रूप में नियुक्त होने के संविदा-प्रपत्र की ओर न्यायाधिकरण का ध्यान आकृष्ट किया गया । इस संविदा-पत्र का अवलोकन करने पर यह पाया जाता है कि इसमें प्राथी/प्रार्थीय को कम्पलायर/चेकर आकस्मिक श्रमिक/दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के रूप में संविदा निष्पादन की तिथि से लेकर 29-2-92 तक व उसके बाद में एक और संविदा-पत्र के द्वारा 30-6-92 तक रखा गया । अतः ऐसे में जब किसी नियोजन के सम्बन्ध में लिखित रूप से दस्तावेजात पक्षकारों के मध्य निष्पादित हुए हैं तो ऐसे में उन दस्तावेजात से परे जाकर कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार नहीं की जा सकती एवं ना ही अब यह प्रार्थी ऐसे दस्तावेज का खण्डन कर सकता है । स्वयं प्रार्थी ने अपनी जिरह में स्वीकार किया है मुझे कांट्रेक्ट पर रखा गया तथा एक अनुबन्ध समाप्त होने पर दूसरा अनुबन्ध-पत्र भरवाया गया मैंने 30-6-92 तक ही काम किया तथा जितने दिन काम किया उतने दिनों का वेतन मिल चुका है । अनुबन्ध हमने नहीं पढ़ा, बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर दिये । इस सम्बन्ध में न्यायाधिकरण का इतना ही कहना पर्याप्त है कि जहाँ एक व्यक्ति जनगणना विभाग में कार्य करने जा रहा है एवं उसने एक बार या दो बार अनुबन्ध अप्रार्थी के साथ किया है एवं वह बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर रहा है जबकि प्रार्थी उम्रयाप्ता व्यक्ति है तो क्या उससे ऐसी अपेक्षा की जा सकती है? इस सम्बन्ध में उत्तर नकारात्मक ही होगा । कोई भी व्यक्ति बिना पढ़े अनुबन्ध पर शायद ही हस्ताक्षर करेगा, यदि उसे अनुबन्ध की शर्तें मंजूर नहीं थी तो । अतः अब उस अनुबन्ध के सम्बन्ध में यह अभिकथन करना कि उसके खाली कागज पर हस्ताक्षर करा लिये गये एवं उसने अनुबन्ध नहीं पढ़ा, इस प्रकार की दलीलें स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है एवं यदि इस प्रकार की दलीलें किसी लिखित अनुबन्ध के सम्बन्ध में स्वीकार कर ली जायेंगी तो फिर अनुबन्ध की प्रत्येक शर्त या इबारत के खण्डन में मौखिक दलील आयेंगी एवं लिखित अनुबन्ध का कोई अर्थ नहीं रहेगा, जबकि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 में जहाँ कोई लिखित दस्तावेज निष्पादित किया गया है तो उस दस्तावेज के कन्टेन्ट्स (अन्तर्वस्तु) के सम्बन्ध में कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार किये जाने का निषेध है । अतः प्रार्थी की ओर से इस अनुबन्ध के खण्डन में जो मौखिक दलील दी गयी वह किसी भी रूप में स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है ।

12. प्रार्थी की ओर से यह दलील कि उसके अनुबन्ध की तिथि दिनांक 31-12-93 तक थी एवं उसे बीच में हटा दिया गया, सम्बन्ध में अप्रार्थी की ओर से महापंजीयक, जनगणना के तार की फोटोप्रति प्रदर्शित करवायी गयी है । इसमें यह वर्णित किया गया कि जो आयोजना से भिन्न या अस्थायी प्रकृति के पद थे, उन्हें समाप्त किये

जाने के निर्देश हैं एवं इसी के अनुसरण में जनगणना निदेशालय, राजस्थान द्वारा 30-6-92 को ऐसे पदों को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया एवं उसी के तहत प्रार्थी का अनुबन्ध समाप्त कर सेवायें समाप्त की गयीं तो इस सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त है कि निदेशक, जनगणना विभाग द्वारा पूर्व में वर्ष 90 में जो पद सृजित किये गये थे, वे जनगणना कार्य के लिए ही थे एवं जैसे ही जनगणना कार्य पूरा हो गया एवं उन पदों की आवश्यकता नहीं रही तो अनुबन्ध समाप्त कर दिया गया, इसमें किसी प्रकार की कोई दुर्भावना लेशमात्र भी नहीं थी एवं यह कार्य ना केवल राजस्थान अपितु पूरे भारत वर्ष में किया गया, अतः इसे विभेदात्मक या भेदभावपूर्वक भी नहीं कहा जा सकता है ।

13. अप्रार्थी की ओर से जो न्यायनिर्णय "प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स/प्रा. लि. कालीकट बनाम श्रम न्यायलय, कोजीकोड" का उद्धृत किया गया है एवं अन्य न्यायनिर्णय "श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए, अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बांसवाड़ा, अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेशकुमार के. भट्ट" जो उद्धृत किये गये हैं, इन सभी में यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि जहाँ कोई नियुक्ति अनुबन्ध के तहत हुई है तो फिर उस अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर या निश्चित अवधि समाप्त होने के फलस्वरूप यदि सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी नहीं माना जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम की पालना किया जाना अपेक्षित नहीं है। हस्तगत मामले में भी प्रार्थी की अनुबन्ध के तहत सेवायें समाप्त हुई है तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी की तारीफ में नहीं लिया जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना किया जाना लाजिमी नहीं कहा जा सकता ।

14. इस सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय का न्यायनिर्णय "सैक्रेट्री, स्टेट आफ कर्नाटका एवं अन्य बनाम उमादेवी एवं अन्य—(2006) 4 एस.सी.सी. पृष्ठ 1" का भी महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय के कुछ अंश इस प्रकार के विवाद के सम्बन्ध में निम्नानुसार है :—

> "Service Law—Casual Labour/Temporary Employee—Status and rights of—Unequal bargaining power—Effect—Held, such employees do not have any right to regular or permanent public employment—Further, temporary, contractual, casual, ad hoc or daily-wage public employment must be deemed to be accepted by the employee concerned fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it—Reasons for, discussed in detail—Labour Law."
>
> "Phenomenon of 'litigious employment' which had arisen due to issuance of such directions by High Courts, and even Supreme Court, highlighted—Held, merely because an employee had continued under cover of an order of the court, under 'litigious employment' or had been continued beyond the term of his appointment by the State or its instrumentalities, he would not be entitled to any right to be absorbed or made permanent in service, merely on the strength of such continuance, if the original appointment was not made by following a due process of selections as envisaged by the relevant rules—It is further not open to the court to prevent regular recruitment at the instance of such employees—Unsustainability of claim to permanence on basis of long continuance in irregular or illegal public employment, discussed in detail."

इसी न्यायनिर्णय के पैरा 30 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जो टिप्पणी की गयी है वह भी महत्वपूर्ण है जो निम्नानुसार है:—

> "Their Lordships cautioned that if directions are given to re-engage such persons in any other work or appoint them against existing vacancies, 'the judicial process would become another mode of recruitment dehors the rules'."

इसी न्यायनिर्णय में आगे पैरा नं. 45 एवं 47 के कुछ अंश भी निम्नानुसार है:—

> "While directing that appointments, temporary or casual, be regularised or made permanent, the courts are swayed by the fact that the person concerned has worked for sometime and in some cases for a considerable length of time. It is not as if the person who accepts an engagement either temporary or casual in nature, is not aware of the nature of his employment. He accepts the employment with open eyes. It may be true that he is not in a position to bargain- not at arm's length --since he might have been searching for some employment so as to eke out his livelihood and accepts whatever he gets. But on that ground alone, it would not be appropriate to jettison the constitutional scheme of appointment and to take the view that a person who has temporarily or casually got employed should be directed to be continued permanently. By doing so, it will be creating another mode of public appointment which is not permissible. If the court were to void a contractual employment of this nature on the ground that the parties were not having equal bargaining power, that too would not enable the court to grant any relief to that employee. A total embargo on such casual or temporary employment is not possible, given the exigencies of administration and if imposed, would only mean that some people who at least get employment temporarily, contractually or casually, would not be getting even that employment when securing of such employment brings at least some succour to them. After all, innumerable citizens of our vast country are in search of employment and one is not compelled to accept a casual or temporary employment if one is not inclined to go in for such an emloyment. It is in that context that one has to proceed on the basis that the employment was

accepted fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it. In other words, even while accepting the employment, the person concerned knows the nature of his employment. It is not an appointment to a post in the real sense of the term. The claim acquired by him in the post in which he is temporarily employed or the interest in that post cannot be considered to be of such a magnitude as to enable the giving up of the procedure established, for making regular appointments to available posts in the services of the State. The argument that since one has been working for some time in the post, it will not be just to discontinue him, even though he was aware of the nature of the employment when he first took it up, is not (sic) one that would enable the jettisoning of the procedure established by law for public employment and would have to fail when tested on the touchstone of constitutionality and equality of opportunity enshrined in Article 14 of the Constitutions."

"When a person enters a temporary employment or gets engagement as a contractual or casual worker and the engagement is not based on a proper selection as recognised by the relevant rules or procedure, he is aware of the consequences of the appointment being temporary, casual or contractual in nature. Such a person cannot invoke the theory of legitimate expectation for being confirmed in the post when an appointment to the post could be made only by following a proper procedure for selection and in cases concerned, in consultation with the Public Service Commission. Therefore, the theory of legitimate expectation cannot be successfully advanced by temporary, contractual or casual employees."

15. इसके अलावा "राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर बनाम सदासुख गूर्जर-आर.एल.डब्ल्यू. 2002(4) राज. पृष्ठ 2500" के मामले में माननीय उच्चतम न्यायलय ने यह प्रतिपादित किया कि जहाँ कर्मकार की अनुबन्ध के तहत निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति हुई है एवं अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर एवं अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने पर कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान की पालना अपेक्षित नहीं है ।

16. इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) में "छंटनी" की परिभाषा में जो कर्मकार की सेवायें समाप्त करना बताया गया है, उसके अपवाद (बीबी) में यह वर्णित है कि जहाँ वर्तमान कर्मकार की संविदा के नवीनीकरण के अभाव में सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता ।

17. अत: उपरोक्त विधिक स्थिति एवं न्यायनिर्णयों के आलोक में यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि जहाँ संविदाकर्मी की सेवायें संविदा के तहत समाप्त हो चुकी हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता । इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ऊपर उद्धृत किये गये "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में इस दलील को भी अस्वीकृत कर दिया गया कि अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करते समय कर्मकार ने उसे पढ़ा ही नहीं, आदि बाबत आपत्तियाँ इस निर्णय के आलोक में किंचित मात्र स्वीकार योग्य नहीं रहती है ।

18. इसके अलावा "मोह. राजमोहम्मद बनाम औ. न्या. एवं श्रम न्यायालय, वारंगल एवं अन्य-2003(2) एल.एल.जे. पृष्ठ 1149" के मामले में माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जनगणना विभाग के सम्बन्ध में निम्न निष्कर्ष निकाला गया है:-

"The Census Department of the Government of India cannot be said to be an Industry under Section 2(j) of the Industrial Disputes Act, as the functions and activities carried on by the said Department is purely severeign functions and welfare of the entire nation depends on the information collected, tabulated and prepared by the said department. Hence, the respondent cannot be called to be an Industry within the meaning of Section 2(j) of the Industrial Disputes Act. The function of enumeration of Census work is purely a sovereign function."

19. इसके अलावा एक और न्यायनिर्णय "रामलत बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य-2011(130) एफ.एल.आर. (इला. उ. न्या.) पृष्ठ 484" का महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय में भी माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कुष्ठ उन्मूलन योजना समाप्त हो जाने पर उस योजना में लगे कर्मकारों द्वारा राज्य के अन्य विभाग में समायोजन किये जाने की याचिका पर निम्नानुसार निष्कर्ष दिया गया है :-

"Appointment—Under the National Leprosy Eradication Programme launched by Central Government—Non-extention of scheme—work refused—Writ Court directed the State to take policy decision for their absorption in any other medical or non-medical department—Approach to State Government—Absorption refused—Legality of Rightly observed that the absorption of the petitioners against post available in other medical health department would only amount to back door entry which is legally not permissible—No interference warranted—Petition dismissed."

20. अत: ऊपर वर्णित न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धातों की विधिक स्थिति आदि के विवेचन के उपरान्त यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रार्थी एक संविदा के अधीन नियुक्त कर्मी था ना कि मौखिक रूप से उसे सेवा में नियोजित किया गया एवं ना ही उसे मौखिक रूप से हटाया गया, अपितु संविदा समाप्त होने के उपरान्त उसकी सेवायें समाप्त हुई, अत: ऐसे में उसकी सेवायें समाप्त होना किसी भी रूप में "छंटनी" की परिधि में नहीं आता है । प्रार्थी की संविदा निष्पादन के सम्बन्ध में दी गयी दलीलें भी ऊपर किये गये विवेचन व माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य"

के मामले में दिये गये निर्णय से स्वत: सार रहित हो जाती हैं एवं माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने तो ऊपर उद्धृत किये गये न्यायनिर्णय में भारत सरकार के जनगणना विभाग को "उद्योग" की श्रेणी में ही नहीं माना है एवं इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) के अपवाद (बीबी) के तहत जहाँ सेवायें अनुबन्ध के समाप्ति के कारण समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी की परिधि में नहीं लाया जा सकता है एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना भी अपेक्षित नहीं है। प्राथी स्वयं ने अनुबन्ध निष्पादित किये जाने के तथ्य को स्वीकार किया है। अनुबन्ध के तहत ही उसने अपनी सेवायें दी हैं। तब उस अनुबन्ध की वैधता का विनिश्चय इस मामले में नहीं किया जा सकता है कि वह अनुबन्ध वैध था या अवैध क्योंकि वह अनुबन्ध अब समाप्त हो चुका है। इसके अलावा प्राथी द्वारा अपना विवाद भी करीबन 10 वर्ष की देरी से उठाया गया है जिसका भी कोई संतोषप्रद कारण प्रकट नहीं किया गया है। प्राथी की सेवायें अप्रार्थी द्वारा मनमाने तरीके से या भेदभावपूर्वक समाप्त नहीं की जाकर पूरे भारत वर्ष के अन्य जनगणना कर्मियों के साथ समाप्त की गयी है। यह प्राथी व अन्य प्रार्थीगण में से कोई यदि भरती की नियमित प्रक्रिया से गुजरे तो वे उस भरती प्रक्रिया में शामिल किये जाने योग्य भी नहीं थे क्योंकि कुछ प्रार्थीगण तो अधिकतम आयु सीमा से भी काफी ऊपर की आयु सीमा तक पहुंच चुके थे। अत: इन सभी तथ्यों एवं ऊपर किये गये विवेचन का समेकित सार यही है कि प्रार्थी की इस मामले में सेवा समाप्ति जो 30-6-92 को अप्रार्थी द्वारा की गयी है, वह अनुबन्ध की समाप्ति के फलस्वरूप की गयी है एवं ऐसे में प्राथी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं बनता है।

परिणामस्वरूप भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश क्रमांक एल-42012/77/98-आईआर (डीयू) दिनांक 10-4-2002 के जरिये सम्प्रेषित निर्देश/रेफ्रेन्स को इसी अनुरूप उत्तरित किया जाता है कि हस्तगत मामले में अप्रार्थी निदेशक, जनगणना विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रार्थी नन्दकिशोर की जो सेवायें समाप्त की गयी है, वह अनुबन्ध के तहत ही की गयी है एवं ऐसे में उनका यह कृत्य उचित एवं वैध था। अत: प्रार्थी ओमप्रकाश किसी प्रकार का कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

प्रकाश चन्द्र पगारीया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2013

का.आ. 352.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डायरेक्टर, सेन्सस ऑपरेशन, जयपुर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कोटा के पंचाट (आईडी संख्या 22/2002) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 6-1-2013 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-42012/68/1998-आईआर (डीयू)]
सुमति सकलानी, अनुभाग अधिकारी

New Delhi, the 15th January, 2013

S.O. 352.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award (Ref. No. 22/2002) of Industrial Tribunal, Kota as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the The Director, Census Operations, Jaipur and their workman, which was received by the Central Government on 6-1-2013.

[No. L-42012/68/1998-IR (DU)]

SUMATI SAKLANI, Section Officer

अनुबन्ध

औद्योगिक न्यायाधिकरण/केन्द्रीय/कोटा/राजस्थान

पीठासीन अधिकारी: श्री प्रकाश चन्द्र पगारीया, आर.एच.जे.एस.
निर्देश प्रकरण क्रमांक औ.न्या./केन्द्रीय/-22/2002
दिनांक स्थापित : 10-5-2002

प्रसंग : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश क्रमांक एल-42012/68/98-आई.आर./डीयू/दिनांक 10-4-2002 निर्देश/विवाद अन्तर्गत धारा 10(1)(घ) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

मध्य

श्रीमती लक्ष्मी पत्नी श्री चन्दरवीर पाठक, कोटा।

—प्रार्थीया श्रमिक

एवं

डॉयरेक्टर, सेन्सस ऑपरेशन, 6-बी झालाना डूँगरी, जयपुर।

—अप्रार्थी नियोजक

उपस्थित

प्रार्थी श्रमिक की ओर से प्रतिनिधि :— श्री एस.एल. सोनगरा

अप्रार्थी नियोजक की ओर से प्रतिनिधि:— श्री सी.बी. सोरल

अधिनिर्णय दिनांक : 21-11-2012

अधिनिर्णय

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश दि. 10-4-2002 के द्वारा निम्न निर्देश/विवाद, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे तदुपरान्त "अधिनियम" से सम्बोधित किया जावेगा) की धारा 10(1)(घ) के अन्तर्गत इस न्यायाधिकरण को अधिनिर्णयार्थ सम्प्रेषित किया गया है:-

"Whether the action of the Census Department through Director of Census Operation Rajasthan, Jaipur in discontinuing the services of Smt. Laxmi W/o Shri Chandervir Pathak w.e.f. 30-6-1992 is legal and justified? If not, to what relief the workman is entitled and from what date?"

2. निर्देश/विवाद, न्यायाधिकरण में प्राप्त होने पर पंजीबद्ध उपरान्त पक्षकारों को नोटिस/सूचना जारी का विधिवत् अवगत करवाया गया ।

3. इस अधिनिर्णय से इस न्यायाधिकरण में ऊपर वर्णित प्रकरण सं. औ. न्या./केन्द्रीय/-18/2001 का निस्तारण किया जा रहा है । हालांकि इसी प्रकार के अन्य और प्रकरण भी इस न्यायाधिकरण में लम्बित हैं एवं उन प्रकरणों में भी अप्रार्थी जो इस प्रकरण में है, वही है तथा उन प्रकरणों के तथ्य भी इस प्रकरण के तथ्यों से मिलते-जुलते हैं, साक्ष्य भी प्राय: समान रूप से आयी है एवं बहस भी पक्षकारों ने सभी प्रकरणों को समेकित करते हुए ही की है, अत: सभी प्रकरणों का हालांकि अलग-अलग रूप से निस्तारण किया जा रहा है परन्तु प्रकरणों के तथ्य, पक्षकारों की साक्ष्य एवं दी गयी दलीलों आदि को देखते हुए सभी में विवेचन प्राय: समान ही है एवं उसी अनुरूप इस प्रकरण के अलावा अन्य कुल 12 प्रकरण हैं, उनका भी आज ही निस्तारण किया जा रहा है ।

4. इस प्रकरण में प्रार्थीया ने अपने आपको कम्पायलर बताया है एवं उसने नियुक्ति तिथि 8-4-1991 एवं हटाने की तिथि 30-6-92 बतायी है । प्रार्थी ने सेवा में नियोजन व समाप्ति, दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से किया जाना बताया है । विशेष रूप से यहाँ यह उल्लेख करना भी समीचीन होगा कि प्राय: सभी प्रकरणों में दलीलें व साक्ष्य भी जिस रूप में आयी है उसमें बहस के दौरान पक्षकारों के विद्धान प्रतिनिधिगण ने यह अभिकथन किया कि चूंकि सभी प्रकरणों में साक्ष्य मौखिक व दस्तावेजों एक जैसी ही है, अत: किसी भी एक प्रकरण की दस्तावेजी साक्ष्य जिसमें कि उभयपक्ष द्वारा पेशशुदा सभी दस्तावेज प्रदर्शित हुए हैं, उसको इस प्रकरण के विनिश्चय के लिए आधारभूत माना जावे । अत: इस अभिकथन को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में उभयपक्ष की सभी प्रकरण में आयी हुई दस्तावेजी साक्ष्य को समेकित करते हुए मौखिक साक्ष्य के आलोक में उसका विवेचन व विश्लेषण कर विनिश्चय का आधार माना जा रहा है ।

5. प्रार्थीया ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित किया कि उसे अप्रार्थी विभाग द्वारा दिनांक 24-4-1991 से कम्पायलर के पद पर सेवा में नियोजित किया गया । नियुक्ति आदेश मौखिक था, लिखित में कोई आदेश नहीं दिया गया । बाद में सहायक निदेशक, जनगणना, कोटा कार्यालय समाप्त हो गया एवं उसका कार्य निदेशक, जनगणना, राजस्थान जयपुर द्वारा किया जा रहा है । यह कार्य भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा महापंजीयक के तहत करवाया जाता है जिसमें जिला स्तर पर सहायक निदेशक व राज्य स्तर पर निदेशक जनगणना का कार्य करते हैं । इस कार्य के लिए कर्मकारों की नियुक्ति, पदों की स्वीकृति महापंजीयक, जनगणना, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा की जाती है जिसमें प्रार्थीया श्रमिक के कम्पायलर के पद की स्वीकृति भी दिनांक 21-12-93 तक जारी की गयी थी । प्रार्थीया श्रमिक ने अपनी नियुक्ति तिथि से 30-6-92 तक लगातार 240 दिन से अधिक समय तक कार्य किया है एवं प्रार्थीया के पद की स्वीकृति भी महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा 30-11-93 तक बढ़ा दी गयी थी परन्तु इसके बावजूद भी प्रार्थीया को 1-7-92 से कार्य पर आने से मना कर दिया एवं 1-7-92 को जब प्रार्थीया कार्य पर गया तो उसकी सेवायें समाप्त कर दी गयी । इस सम्बन्ध में उसे कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया, मौखिक रूप से सेवा समाप्त की गयी । प्रार्थीया की सेवा समाप्ति छंटनी की तारीफ में होता है एवं सेवा समाप्ति से पहले प्रार्थीया की वरिष्ठता सूची का कोई प्रकाशन भी नहीं किया गया, अन्त में आये पहले जाये सिद्धांत की पालना भी नहीं की गयी तथा छंटनी के आज्ञापक प्रावधानों की पालना भी नहीं की गयी, कार्य दिवसों की संख्या भी कम करने के लिए उसमें कृत्रिम रूप से कमी दिखाई गयी । प्रार्थीया की सेवायें दिनांक 30-6-92 को समाप्त करना व सेवा समाप्ति से पहले धारा 25-एफ, जी, एच की पालना नहीं करना विधिसम्मत नहीं है । प्रार्थीया द्वारा इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर बेंच में एक रिट याचिका संख्या 4295/92 प्रस्तुत की गयी जो दिनांक 9-5-97 को निर्णित की गयी एवं प्रार्थीया को समझौता अधिकारी के यहाँ कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया । समझौता अधिकारी के यहाँ वार्ता असफल हुई । फिर प्रार्थीया ने पुन: एक रिट याचिका माननीय उच्च न्यायालय में 2479/99 प्रस्तुत की जिसमें सरकार को औद्योगिक विवाद रेफर करने का आदेश दिया गया एवं उस आदेश के अनुसरण में भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा यह विवाद इस न्यायाधिकरण को रेफर किया गया । अत: प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट के माध्यम से उसके कम्पायलर पद से अप्रार्थी द्वारा दिनांक 30-6-92 से मौखिक रूप से सेवायें समाप्त करना अवैध घोषित करने के साथ ही लगातार सेवा में माने जाने व पिछले वेतन व परिलाभों व सेवा की निरन्तरता के साथ सेवा में बहाल किये जाने के अनुतोष की मांग की है ।

6. अप्रार्थी द्वारा इसका जवाब पेश किया गया जिसमें वर्णित किया गया कि केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्येक 10 वर्ष में जनगणना का कार्य करवाया जाता है । वर्ष 1991 में भी पूरे देश में राजस्थान सहित जनगणना का कार्य करवाया गया । जनगणना के बढ़े हुए अतिरिक्त कार्य के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के पद अल्पावधि के लिए उपलब्ध करवाये जाते हैं एवं वे पद जनगणना कार्य पूरा होने के साथ की समाप्त हो जाते हैं । भारत के महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा भी अपने आदेश दिनांक 6-11-90 के द्वारा कुल 1864 पद 1-3-91 से 29-2-92 तक की अवधि के लिए स्वीकृत किये गये एवं पदों को बाद में तार दिनांक 4-3-92 के द्वारा जून, 92 तक जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी । अत: प्रार्थीया का यह कथन असत्य है कि इसकी नियुक्ति मौखिक रूप से की गयी, अपितु इन पद हेतु विज्ञापन के अनुसार साक्षात्कार के आधार पर अनुबन्ध पर प्रार्थी पर नियुक्ति कम्पायलर के पद पर की गयी थी । प्रार्थीया का प्रथम अनुबन्ध इसकी नियुक्ति तिथि से 29-2-92 तक व दूसरा अनुबन्ध 3-3-92 से 30-6-92 तक हस्ताक्षरित किया गया था । प्रार्थी का यह कथन भी गलत है कि उसके पद की स्वीकृति 21-12-93 तक ही जारी की गयी थी। सभी क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जिसमें कोटा कार्यालय भी सम्मिलित है, 30-6-92 को ही बन्द कर दिये गये थे एवं अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार पद समाप्ति के साथ ही प्रार्थीया

को सेवा से पृथक कर दिया गया था । प्रार्थीया का अनुबन्ध में वर्णित समेकित वेतन रु. 900 प्रतिमाह पर अनुबन्धित किया गया था वे उसने स्वयं ने अपनी इच्छा से अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये, अत: मौखिक रूप से नियुक्ति किये जाने का तथ्य असत्य व भ्रामक है । इसके अलावा महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा केवल नियमित पदों की स्वीकृति 31-12-93 तक जारी की गयी थी जबकि कम्पायलर के पद तो 30-6-92 तक ही उपलब्ध थे । चूँकि प्रार्थीया अनुबन्ध के आधार पर अनुबन्धित था, अत: वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाना या हटाने से पहले क्षतिपूर्ति दिया जाना कतई आवश्यक नहीं था एवं वैसे भी जनगणना का कार्य "उद्योग" की श्रेणी में नहीं आता है, ऐसा "भवानीशंकर गौतम बनाम निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, राज. जयपुर-प्रकरण सं. औ.न्या./केन्द्रीय/21/99" के मामले में दिये गये निर्णय से भी स्पष्ट है । इसके अलावा अपने जवाब में अप्रार्थी ने प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित तथ्यों को अस्वीकार करते हुए अन्त में प्रार्थीया के क्लेम स्टेटमेन्ट को खारिज किये जाने की प्रार्थना की है ।

7. इसके पश्चात साक्ष्य प्रार्थीया में प्रार्थीया श्रमिक श्रीमती लक्ष्मी का शपथ-पत्र पेश किया गया, अप्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी एवं साक्ष्य अप्रार्थी में गवाह एच.सी.शर्मा का शपथ-पत्र पेश हुआ, प्रार्थीया द्वारा उससे जिरह की गयी । प्रलेखीय साक्ष्य में उभयपक्ष की ओर से कुछ प्रदर्श जिनमें कि महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 30-11-93 की प्रति, रेफ्रेन्स की प्रति, उभयपक्ष के मध्य निष्पादित संविदा-प्रपत्र, महापंजीयक कार्यालय से जारी तार की फोटोप्रति एवं इसके अनुसरण में निदेशक, निदेशालय, जनगणना राजस्थान, जयपुर द्वारा समस्त क्षेत्रीय जनगणना/सारणीय कार्यालयों को 30-6-92 से समाप्त करने के पत्र व भारत सरकार के महापंजीयक जनगणना द्वारा जनगणना कार्य हेतु प्रत्येक राज्य के निदेशालय हेतु स्वीकृत पदों की संख्या आदि के पत्र हैं, को प्रदर्शित करवाया गया । हालाँकि सभी प्रकरण में ये पत्र प्रदर्शित नहीं हुए परन्तु चूंकि सभी के लिए यह सामग्री आधारभूत है, अत: सभी प्रकरणों के विनिश्चय के लिए इन्हें भी आधार माना गया है ।

8. उभयपक्ष की साक्ष्य समाप्ति के पश्चात् बहस अन्तिम सुनी गयी । बहस के दौरान प्रार्थी की ओर से उनके विद्वान प्रतिनिधि ने दलील दी कि प्रार्थीया की नियुक्ति एवं सेवा समाप्ति, दोनों ही मौखिक थीं । प्रार्थीया ने 240 दिन से ज्यादा काम किया, इस तथ्य को दोनों पक्ष स्वीकार करते हैं । जनगणना अधिनियम की धारा 4, 11 एवं 18 को उन्होंने उद्धृत किया । धारा 4 में जनगणना कार्य के लिए किनको नियुक्त किया जायेगा व किस प्रकार से पर्यवेक्षण किया जायेगा, इसका उपबंध है । धारा 11 में जनगणना कार्य की सूचना को हटाने या नष्ट करने या उन्हें कूट-रचित बनाने या अन्य कोई ऐसा ही अनुचित कृत्य करता है तो उसके लिए क्या दण्ड हो सकता है, इसके प्रावधान हैं तथा धारा 18 में नियम बनाने की शक्तियों का उल्लेख है । आगे इसी अधिनियम में कम्पायलर के पद का उल्लेख हुआ है । उनके द्वारा संविधान के अनुच्छेद 53, 73 एवं 299 को भी उद्धृत किया गया है । जो अनुबन्ध निष्पादित किया जाना बताया जा रहा है उसमें तो प्रार्थी ने केवल हस्ताक्षर ही किये, बाकी सभी इबारत तो अप्रार्थी द्वारा ही भरी गयी है एवं कोई भी अनुबन्ध दोनों पक्षकारों का एक साथ हस्ताक्षर करने पर ही पूर्ण होता है । इस मामले में अनुबन्ध में जहाँ एक ओर प्रार्थीया ने कोटा में हस्ताक्षर किये तो भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से वी.एस. सिसोदिया, निदेशक ने हस्ताक्षर किये जबकि वी.एस. सिसोदिया कोटा में उपस्थित नहीं होकर जयपुर में थे, अत: ऐसा अनुबन्ध विधिसम्मत नहीं कहा जा सकता है एवं इस मामले में अनुबन्ध के प्रावधान लागू भी नहीं होते हैं । प्रार्थीया को तो रोजगार चाहिए था, अत: जहाँ पर भी अप्रार्थी ने हस्ताक्षर करवाये, वहाँ उसने हस्ताक्षर कर दिये । प्रार्थीया का पद 30-11-93 तक उपलब्ध होने के बावजूद भी उसकी सेवायें 30-6-92 को ही समाप्त कर दी गयी एवं जब प्रार्थीया ने 240 दिन से ज्यादा की सेवायें दी हैं तो उसे एक माह का नोटिस अथवा नोटिस अवधि का वेतन व मुआवजा देकर ही सेवायें समाप्त की जानी चाहिए थीं, अत: इन समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थीया का क्लेम स्वीकार किया जावे व इस सम्बन्ध में उसकी ओर से निम्नलिखित न्यायनिर्णय उद्धृत किये गये :

"(1) सावित्री विजय बनाम भारत संघ-2008 (5) डब्ल्यू.एल.सी./राज./पृष्ठ 340 इस न्यायनिर्णय में जनगणना विभाग में नियुक्त कर्मकारों की सेवायें धारा 25-एफ की पालना किये जाने के बगैर समाप्त किये जाने पर मामले को औद्योगिक न्यायाधिकरण को भेजे जाने हेतु निर्देश दिये गये ।

(2) अनूप शर्मा बनाम अधिशासी अभियन्ता, पी.एच.डी. खण्ड । पानीपत/हरियाणा 2010(2)आर.एल.डब्ल्यू. 1586(एस.सी.) इस मामले में धारा 25-एफ की पालना नहीं किये जाने पर कर्मचारी सेवा की निरन्तरता के साथ हकदार होंगे, ऐसा प्रतिपादित किया गया ।

(3) हरजिंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य भण्डारण निगम 2010 सीडीआर 401 (एस.सी.) के मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ नियोक्ता द्वारा "अन्त में आये प्रथम जाये" नियम का उल्लंघन करना सिद्ध हो जाता है तो फिर 240 दिन की अवधि तक कार्य करने की पूर्व शर्त अपेक्षित नहीं है ।

(4) कमिश्नर केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं अन्य बनाम अनिल कुमार सिंह व अन्य (2003)10 एस.सी.सी.284 इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ सांविदात्मक नियुक्ति हुई है तो ऐसे कर्मकार की संविदा समाप्त होने की तिथि तक की सेवा समाप्त नहीं की जानी चाहिए अपितु नियमित भर्ती तक उसकी सेवायें रखी जानी चाहिए थीं, अत: इस मामले में प्रार्थीगण को नियमित नियुक्ति हेतु आवेदन करने की अनुमति दी गयी ।

(5) राजस्थान राज्य बनाम गिरिराज प्रसाद एवं अन्य 2008 डब्ल्यू. एल.सी.(राज.) यू.सी. पृष्ठ 730 इस मामले में अंशकालीन कर्मकार को भी धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी माना गया ।"

9. इसके विपरीत अप्रार्थी की ओर से यह दलील दी गयी कि सर्वप्रथम तो प्रार्थी ने अपनी सेवा में *नियुक्ति* तथा *समाप्ति* दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से बतायी है वह सर्वथा असत्य है, अपितु प्रार्थीया की नियुक्ति लिखित अनुबन्ध के आधार पर हुई थी एवं यह *लिखित अनुबन्ध स्वयं प्रार्थीया* के द्वारा हस्ताक्षरित है एवं ऐसे *अनुबन्ध* पर प्रार्थीया ने अपने हस्ताक्षर होना भी स्वीकार किया है । अत: अब प्रार्थीया उस अनुबन्ध से परे जाकर यदि कोई कथन करती है तो वह कोई महत्व नहीं रखता है । *प्रार्थीया* ने *अनुबन्ध* के तथ्यों को ही छिपा दिया है । प्रार्थीया ने यह विवाद भी करीबन 10-11 वर्ष की देरी से उठाया है । इसके अलावा जनगणना का कार्य तो भारत सरकार द्वारा प्रति 10 वर्ष में एक बार *कराया* जाता है एवं उसमें *महापंजीयक*, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक राज्य में जनगणना कराने के लिए आकस्मिक रूप से जिन पदों की जितने समय के लिए आवश्यकता होती है, *वही स्वीकृति* जारी होती है एवं उस *स्वीकृति* के अनुसरण में ही राज्य स्तर पर जनगणना निदेशक द्वारा प्रत्येक जिले के लिए अनुबन्ध के आधार पर संविदाकर्मी रखे जाते हैं । प्रार्थीया को भी संविदा के आधार पर रखा गया था । औ.वि. *अधिनियम* की धारा 2(00)(बीबी) में जहाँ किसी कर्मकार की संविदा के अनविनिकरण के कारण संविदा तिथि समाप्त होने पर सेवा समाप्त कर दी गयी है तो वह छंटनी की तारीफ में नहीं आता । अत: इस परिभाषा से ही यह स्पष्ट है कि इस मामले में प्रार्थी की छंटनी नहीं की गयी अपितु इसकी सेवायें संविदा समाप्त होने के साथ ही स्वत: समाप्त हो गयी थी । इसके अलावा अप्रार्थी की ओर से एक दलील यह भी दी गयी कि जनगणना निदेशक द्वारा जो पत्र दि. 30-11-93 को जारी किया गया था । वह केवल उन्हीं कर्मकारों के सम्बन्ध में था जो पहले से ही नियमित रूप से नियुक्त होकर जनगणना के कार्य में लगे हुए थे, अन्यथा आकस्मिक रूप से या संविदा के आधार पर रखे गये संविदाकर्मियों की तो सेवायें 30-6-92 के पश्चात् जारी नहीं रखने का स्वयं जनगणना निदेशक का तार दिनांक 4-3-92 का है जिसमें स्पष्ट कर दिया गया था कि क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जून, 92 तक ही काम कर पायेंगे एवं इसी अनुसरण में निदेशक, जनगणना राजस्थान द्वारा पूरे राजस्थान राज्य में क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया । अत: जब प्रार्थीया का ना तो कोई कार्य शेष रहा एवं ना ही कोई स्वीकृति थी तो फिर कैसे इसे और आगे रखा जाता । इसके अलावा जनगणना विभाग किसी उद्योग की श्रेणी में भी नहीं आता है क्योंकि वहाँ पर कोई औद्योगिक एवं व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित नहीं होती है, यह राज्य का एक सार्वभौमिक कर्तव्य है । प्रार्थीया स्वच्छ हाथों से न्यायाधिकरण के समक्ष नहीं आया है, अत: प्रार्थीया का क्लेम स्टेटमेन्ट खारिज किया जावे । पूर्व में भी इस न्यायाधिकरण द्वारा इसी प्रकार के कुछ प्रकरण खारिज किये जा चुके हैं । उक्त दलीलों के अलावा निम्न न्यायदृष्टांत भी अप्रार्थी की ओर से उद्धृत किये गये हैं :—

"(1) 1996 लेब.आई.सी. पृष्ठ 915(एस.सी.)—सुल्तान सिंह बनाम हरियाणा राज्य—इस मामले में जहाँ राज्य सरकार ने किसी औद्योगिक विवाद को औद्योगिक विवाद नहीं मानते हुए रेफर करने से इन्कार कर दिया तो *माननीय उच्चतम न्यायालय* द्वारा सरकार के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया गया ।

(2) प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स बनाम श्रम न्यायालय कोजीकोड एवं अन्य—2000 लेब.आई.सी. 649 (केरला उ. न्या.)—इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदा के नवीनीकरण नहीं होने के कारण सेवायें समाप्त हो गयी हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(3) श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए एवं अन्य—आर.एल.डब्ल्यू. 2003 (1) राज. पृष्ठ 171—इस न्यायनिर्णय में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ कर्मकार संविदा पर निश्चित अवधि के लिए नियुक्त हुआ, उसने वह संविदा स्वीकार की एवं संविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात सेवा समाप्त हुई तो कर्मकार सेवा में नियुक्त किये जाने का अधिकारी नहीं हो सकता ।

(4) अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा—2001(3)राज. पृष्ठ 1465—इस मामले में भी जहाँ अस्थायी रूप से या तदर्थ संविदा के आधार पर नियुक्ति हुई है तो सेवा समाप्ति के उपरान्त कोई लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं माना गया ।

(5) अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेश कुमार के. भट्ट—2000 लेब.आई.सी. 818 (गुजरात उ. न्या.)— इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी विशेष अवधि के लिए नियुक्ति हुई हो तो उस अवधि के समाप्त होने पर उस सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(6) एस.एम. निलाजकर बनाम टेलीकॉम डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कर्नाटका—2003(97) एफ.एल.आर. 608—इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी योजना के समाप्त होने के साथ ही कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो वह छंटनी की परिधि में नहीं आता है ।

(7) नवोदय विद्यालय बनाम श्रीमती के.आर. हेमावेत्ती—2000 लेब. आई.सी. 3745(कर्नाटक उ.न्या.)—इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ अस्थायी नियुक्ति संविदा के अधीन निश्चित अवधि के लिए हुई है तो 240 दिन से ज्यादा काम करने पर भी उसकी सेवा अवधि समाप्त होने पर सेवा से पृथक किया जाना छंटनी की परिभाषा में नहीं आता ।"

10. हमने उभयपक्ष द्वारा दी गयी दलीलों तथा उद्धृत किये गये न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धातों पर मनन किया ।

11. जहाँ तक प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत "सावित्री विजय" के निर्णय का सवाल है, इस निर्णय में तो मात्र सरकार को विवाद अधिनिर्णय के लिए निर्देशित किये जाने का आदेश दिया गया । अब

हस्तगत मामले में प्रार्थी की सेवायें किस प्रकार की थीं, क्या वह नियमित रूप से भरती की नियमित प्रक्रिया से गुजरकर नियुक्त हुआ या उसे दैनिक अनुबन्ध पर या अवधि विशेष के लिए अनुबंधित किया गया ? इस सम्बन्ध में प्रार्थी की ओर से दलील दी गयी कि प्रार्थी को सेवा में मौखिक रूप से नियुक्त किया गया एवं मौखिक रूप से हटाया गया । अप्रार्थी की ओर से इसका खण्डन किया जाकर प्रार्थी द्वारा संविदा के रूप में नियुक्त होने के संविदा-प्रपत्र की ओर न्यायाधिकरण का ध्यान आकृष्ट किया गया । इस संविदा-पत्र का अवलोकन करने पर यह पाया जाता है कि इसमें प्रार्थी/प्रार्थीया को कम्पायलर/चेकर/आकस्मिक/श्रमिक/दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के रूप में संविदा निष्पादन की तिथि से लेकर 29-2-92 तक व उसके बाद में एक और संविदा-पत्र के द्वारा 30-6-92 तक रखा गया । अत: ऐसे में जब किसी नियोजन के सम्बन्ध में लिखित रूप से दस्तावेजात पक्षकारों के मध्य निष्पादित हुए हैं तो ऐसे में उन दस्तावेजात से परे जाकर कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार नहीं की जा सकती एवं ना ही अब यह प्रार्थी ऐसे दस्तावेज का खण्डन कर सकता है । स्वयं प्रार्थी ने अपनी जिरह में स्वीकार किया है मुझे कांट्रेक्ट पर रखा गया तथा एक अनुबन्ध समाप्त होने पर दूसरा अनुबन्ध-पत्र भरवाया गया तथा मैंने 30-6-92 तक ही काम किया तथा जितने दिन काम किया उतने दिनों का वेतन मिल चुका है । अनुबन्ध हमने नहीं पढ़ा, बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर दिये । इस सम्बन्ध में न्यायाधिकरण का इतना ही कहना पर्याप्त है कि जहाँ एक व्यक्ति जनगणना विभाग में कार्य करने जा रहा है एवं उसने एक बार या दो बार अनुबन्ध अप्रार्थी के साथ किया है एवं वह बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर रहा है जबकि प्रार्थी उम्रप्राप्ता व्यक्ति है तो क्या उससे ऐसी अपेक्षा की जा सकती है? इस सम्बन्ध में उत्तर नकारात्मक ही होगा । कोई भी व्यक्ति बिना पढ़े अनुबन्ध पर शायद ही हस्ताक्षर करेगा, यदि उसे अनुबन्ध की शर्तें मंजूर नहीं थी तो । अत: अब उस अनुबन्ध के सम्बन्ध में यह अभिकथन करना कि उसके खाली कागज पर हस्ताक्षर करा लिये गये एवं उसने अनुबन्ध नहीं पढ़ा, इस प्रकार की दलीलें स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है एवं यदि इस प्रकार की दलीलें किसी लिखित अनुबन्ध के सम्बन्ध में स्वीकार कर ली जायेंगी तो फिर अनुबन्ध की प्रत्येक शर्त या इबारत के खण्डन में मौखिक दलील आयेंगी एवं लिखित अनुबन्ध का कोई अर्थ नहीं रहेगा, जबकि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 में जहाँ कोई लिखित दस्तावेज निष्पादित किया गया है तो उस दस्तावेज के कन्टेन्ट्स (अन्तर्वस्तु) के सम्बन्ध में कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार किये जाने का निषेध है । अत: प्रार्थी की ओर से इस अनुबन्ध के खण्डन में जो मौखिक दलील दी गयी वह किसी भी रूप में स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है ।

12. प्रार्थी की ओर से यह दलील कि उसके अनुबन्ध की तिथि दिनांक 31-12-93 तक थी एवं उसे बीच में हटा दिया गया, इस सम्बन्ध में अप्रार्थी की ओर से महापंजीयक, जनगणना के तार की फोटोप्रति प्रदर्शित करवायी गयी है । इसमें यह वर्णित किया गया कि जो आयोजना से भिन्न या अस्थायी प्रकृति के पद थे, उन्हें समाप्त किये जाने के निर्देश हैं एवं इसी के अनुसरण में जनगणना निदेशालय, राजस्थान द्वारा 30-6-92 को ऐसे पदों को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया एवं उसी के तहत प्रार्थी का अनुबन्ध समाप्त कर सेवायें समाप्त की गयी तो इस सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त है कि निदेशक, जनगणना विभाग द्वारा पूर्व में वर्ष 90 में जो पद सृजित किये गये थे, वे जनगणना कार्य के लिए ही थे एवं जैसे ही जनगणना कार्य पूरा हो गया एवं उन पदों की आवश्यकता नहीं रही तो अनुबन्ध समाप्त कर दिया गया, इसमें किसी प्रकार की कोई दुर्भावना लेशमात्र भी नहीं थी एवं यह कार्य ना केवल राजस्थान अपितु पूरे भारत वर्ष में किया गया, अत: इसे विभेदात्मक या भेदभावपूर्वक भी नहीं कहा जा सकता है ।

13. अप्रार्थी की ओर से जो न्यायनिर्णय "प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स/प्रा. लि. कालीकट बनाम श्रम न्यायालय, कोजीकोड" का उद्‌धृत किया गया है एवं अन्य न्यायनिर्णय "श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए, अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेशकुमार के. भट्ट" जो उद्‌धृत किये गये हैं, इन सभी में यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि जहाँ कोई नियुक्ति अनुबन्ध के तहत हुई है तो फिर उस अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर या निश्चित अवधि समाप्त होने के फलस्वरूप यदि सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी नहीं माना जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम की पालना किया जाना अपेक्षित नहीं है । हस्तगत मामले में भी प्रार्थी की अनुबन्ध के तहत सेवायें समाप्त हुई है तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी की तारीफ में नहीं लिया जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना किया जाना लाजिमी नहीं कहा जा सकता ।

14. इस सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय का न्यायनिर्णय "सैक्रेट्री, स्टेट आफ कर्नाटका एवं अन्य बनाम उमादेवी एवं अन्य—(2006) 4 एस.सी.सी. पृष्ठ 1" का भी महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय के कुछ अंश इस प्रकार के विवाद के सम्बन्ध में निम्नानुसार है :—

> "Service Law—Casual Labour/Temporary Employee—Status and rights of—Unequal bargaining power—Effect—Held, such employees do not have any right to regular or permanent public employment—Further, temporary, contractual, casual, ad hoc or daily-wage public employment must be deemed to be accepted by the employee concerned fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it—Reasons for, discussed in detail—Labour Law."
>
> "Phenonmenon of 'litigious employment' which had arisen due to issuance of such directions by High Courts, and even Supreme Court, highlighted—Held, merely because an employee had continued under cover of an order of the court, under 'litigious

employment' or had been continued beyond the term of his appointment by the State or its instrumentalities, he would not be entitled to any right to be absorbed or made permanent in service, merely on the strength of such continuance, if the original appointment was not made by following a due process of selections as envisaged by the relevant rules—It is further not open to the court to prevent regular recruitment at the instance of such employees—Unsustainability of claim to permanence on basis of long continuance in irregular or illegal public employment, discussed in detail."

इसी न्यायनिर्णय के पैरा 30 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जो टिप्पणी की गयी है वह भी महत्वपूर्ण है जो निम्नानुसार है:—

"Their Lordships cautioned that if directions are given to re-engage such persons in any other work or appoint them against existing vacancies, 'the judicial process would become another mode of recruitment dehors the rules."

इसी न्यायनिर्णय में आगे पैरा नं. 45 एवं 47 के कुछ अंश भी निम्नानुसार हैं:—

"While directing that appointments, temporary or casual, be regularised or made permanent, the courts are swayed by the fact that the person concerned has worked for some time and in some cases for a considerable length of time. It is not as if the person who accepts an engagement either temporary or casual in nature, is not aware of the nature of his employment. He accepts the employment with open eyes. It may be true that he is not in a position to bargain- not at arm's length—since he might have been searching for some employment so as to eke out his livelihood and accepts whatever he gets. But on that ground alone, it would not be appropriate to jettison the constitutional scheme of appointment and to take the view that a person who has temporarily or casually got employed should be directed to be continued permanently. By doing so, it will be creating another mode of public appointment which is not permissible. If the court were to void a contractual employment of this nature on the ground that the parties were not having equal bargaining power, that too would not enable the court to grant any relief to that employee. A total embargo on such casual or temporary employment is not possible, given the exigencies of administration and if imposed, would only mean that some people who at least get employment temporarily, contractually or casually, would not be getting even that employment when securing of such employment brings at least some succour to them. After all, innumerable citizens of our vast country are in search of employment and one is not compelled to accept a casual or temporary employment if one is not inclined to go in for such an emloyment. It is in that context that one has to proceed on the basis that the employment was accepted fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it. In other words, even while accepting the employment, the person concerned knows the nature of his employment. It is not an appointment to a post in the real sense of the term. The claim acquired by him in the post in which he is temporarily employed or the interest in that post cannot be considered to be of such a magnitude as to enable the giving up of the procedure established, for making regular appointments to available posts in the services of the State. The argument that since one has been working for some time in the post, it will not be just to discontinue him, even though he was aware of the nature of the employment when he first took it up, is not (sic) one that would enable the jettisoning of the procedure established by law for public employment and would have to fail when tested on the touchstone of constitutionality and equality of opportunity enshrined in Article 14 of the Constitutions."

"When a person enters a temoporary employment or gets engagement as a contractual or casual worker and the engagement is not based on a proper selection as recognised by the relevant rules or procedure, he is aware of the consequences of the appointment being temporary, casual or contractual in nature. Such a person cannot invoke the theory of legitimate expectation for being confirmed in the post when an appointment to the post could be made only by following a proper procedure for selection and in cases concerned, in consultation with the Public Service Commission. Therefore, the theory of legitimate expectation cannot be successfully advanced by temporary, contractual or casual employees."

15. इसके अलावा "राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर बनाम सदासुख गूर्जर-आर.एल.डब्ल्यू. 2002(4) रांज. पृष्ठ 2500" के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह प्रतिपादित किया कि जहाँ कर्मकार की अनुबन्ध के तहत निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति हुई है एवं अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर एवं अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने पर कर्मकार की सेवायें समाप्त हो

जाती हैं तो ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान की पालना अपेक्षित नहीं है ।

16. इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) में "छंटनी" की परिभाषा में जो कर्मकार की सेवायें समाप्त करना बताया गया है, उसके अपवाद (बीबी) में यह वर्णित है कि जहां वर्तमान कर्मकार की संविदा के नवीनीकरण के अभाव में सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता ।

17. अत: उपरोक्त विधिक स्थिति एवं न्यायनिर्णयों के आलोक में यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि जहाँ संविदाकर्मी की सेवायें संविदा के तहत समाप्त हो चुकी हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता । इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ऊपर उद्दृत किये गये "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में इस दलील को भी अस्वीकृत कर दिया गया कि अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करते समय कर्मकार ने उसे पढ़ा ही नहीं, आदि बाबत आपत्तियां इस निर्णय के आलोक में किंचित मात्र स्वीकार योग्य नहीं रहती हैं ।

18. इसके अलावा "मोह. राजमोहम्मद बनाम औ.न्या. एवं श्रम न्यायालय, वारंगल एवं अन्य-2003(2) एल.एल.जे. पृष्ठ 1149" के मामले में माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जनगणना विभाग के सम्बन्ध में निम्न निष्कर्ष निकाला गया है:

> "The Census Department of the Government of India cannot be said to be an Industry under Section 2(j) of the Industrial Disputes Act, as the functions and activities carried on by the said Department is purely sovereign functions and welfare of the entire nation depends on the information collected, tabulated and prepared by the said department. Hence, the respondent cannot be called to be an Industry within the meaning of Section 2(j) of the Industrial Disputes Act. The function of enumeration of Census work is purely a sovereign function."

19. इसके अलावा एक और न्यायनिर्णय "रामलत बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य-2011(130) एफ.एल.आर. (इला.उ.न्या.) पृष्ठ 484" का महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय में भी माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कुष्ठ उन्मूलन योजना समाप्त हो जाने पर उस योजना में लगे कर्मकारों द्वारा राज्य के अन्य विभाग में समायोजन किये जाने की याचिका पर निम्नानुसार निष्कर्ष दिया गया है :-

> "Appointment --Under the National Leprosy Eradication Programme launched by Central Government Non-extention of scheme ---work refused---Writ Court directed the State to take policy decision for their absorption in any other medical or non-medical department - Approach to State Government--- Absorption refused---- Legality of Rightly observed that the absorption of the petitioners against post available in other medical health department would only amount to back door entry which is legally not permissible No interference warranted Petition dismissed."

20. अत: ऊपर वर्णित न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धातों की विधिक स्थिति आदि के विवेचन के उपरान्त यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रार्थी एक संविदा के अधीन नियुक्त कर्मी था ना कि मौखिक रूप से उसे सेवा में नियोजित किया गया एवं ना ही उसे मौखिक रूप से हटाया गया, अपितु संविदा समाप्त होने के उपरान्त उसकी सेवायें समाप्त हुई, अत: ऐसे में उसकी सेवायें समाप्त होना किसी भी रूप में "छंटनी" की परिधि में नहीं आता है । प्रार्थी की संविदा निष्पादन के सम्बन्ध में दी गयी दलीलें भी ऊपर किये गये विवेचन व माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में दिये गये निर्णय से स्वत: सार रहित हो जाती हैं एवं माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने तो ऊपर उद्दृत किये गये न्यायनिर्णय में भारत सरकार के जनगणना विभाग को "उद्योग" की श्रेणी में ही नहीं माना है एवं इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) के अपवाद (बीबी) के तहत जहाँ सेवायें अनुबन्ध के समाप्ति के कारण समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी की परिधि में नहीं लाया जा सकता है एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना भी अपेक्षित नहीं है । प्रार्थी स्वयं ने अनुबन्ध निष्पादित किये जाने के तथ्य को स्वीकार किया है । अनुबन्ध के तहत ही उसने अपनी सेवायें दी हैं । अब उस अनुबन्ध की वैधता का विनिश्चय इस मामले में नहीं किया जा सकता है कि वह अनुबन्ध वैध था या अवैध क्योंकि वह अनुबन्ध अब समाप्त हो चुका है । इसके अलावा प्रार्थी द्वारा अपना विवाद भी करीबन 10 वर्ष की देरी से उठाया गया है जिसका भी कोई संतोषप्रद कारण प्रकट नहीं किया गया है । प्रार्थी की सेवायें अप्रार्थी द्वारा मनमाने तरीके से या भेदभावपूर्वक समाप्त नहीं की जाकर पूरे भारतवर्ष के अन्य जनगणना कर्मियों के साथ समाप्त की गयी है । यह प्रार्थी व अन्य प्रार्थीगण में से कोई यदि भरती की नियमित प्रक्रिया से गुजरे तो वे उस भरती प्रक्रिया में शामिल किये जाने योग्य भी नहीं थे क्योंकि कुछ प्रार्थीगण तो अधिकतम आयु सीमा से भी काफी ऊपर की आयु सीमा तक पहुंच चुके थे । अत: इन सभी तथ्यों एवं ऊपर किये गये विवेचन का समेकित सार यही है कि प्रार्थी की इस मामले में सेवा समाप्ति जो 30.6.92 को अप्रार्थी द्वारा की गयी है, वह अनुबन्ध की समाप्ति के फलस्वरूप की गयी है एवं ऐसे में प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं बनता है ।

परिणामस्वरूप भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश क्रमांक एल-42012/68/98 आईआर (डीयू) दिनांक 10-4-2002 के जरिये सम्प्रेषित निर्देश/रेफ्रेन्स को इसी अनुरूप उत्तरित किया जाता है कि हस्तगत मामले में अप्रार्थी निदेशक, जनगणना विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रार्थीया श्रीमती लक्ष्मी की जो सेवायें समाप्त की गयी है, वह अनुबन्ध के तहत ही की गयी है एवं ऐसे में उनका यह कृत्य उचित एवं वैद्य था । अत: प्रार्थीया श्रीमती लक्ष्मी किसी प्रकार का कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

प्रकाश चन्द्र पगारीया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2013

का.आ. 353.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डायरेक्टर सेन्सस ऑपरेशन, जयपुर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कोटा के पंचाट (संदर्भ संख्या 27/2002) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 6-1-2013 को प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल-42012/107/1998-आईआर (डीयू)]
सुमति सकलानी, अनुभाग अधिकारी

New Delhi, the 15th January, 2013

S.O. 353.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 27/2002) of Industrial Tribunal, Kota as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the The Director, Census Operations, Jaipur and their workman, which was received by the Central Government on 6-1-2013.

[No. L-42012/107/1998-IR (DU)]
SUMATI SAKLANI, Section Officer

अनुबन्ध

औद्योगिक न्यायाधिकरण/केन्द्रीय/कोटा/राजस्थान

पीठासीन अधिकारी: श्री प्रकाश चन्द्र पगारीया, आर.एच.जे.एस.
निर्देश प्रकरण क्रमांक औ.न्या./केन्द्रीय/-27/2002
दिनांक स्थापित : 10-5-2002

प्रसंग : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश क्रमांक एल-42012/107/98-आईआर/डीयू/दिनांक 10-4-2002 निर्देश/विवाद अन्तर्गत धारा 10(1)(घ) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

मध्य

दयाराम पुत्र गणपतलाल छीपा, म.नं. 3-एल 20, विज्ञाननगर, कोटा ।

—प्रार्थी श्रमिक

एवं

डॉयरेक्टर, सेन्सस ऑपरेशन, 6-बी झालाना डूँगरी, जयपुर ।

—अप्रार्थी नियोजक

उपस्थित

प्रार्थी श्रमिक की ओर से प्रतिनिधि :— श्री एस.एल.सोनगरा

अप्रार्थी नियोजक की ओर से प्रतिनिधि:— श्री श्याम गुप्ता

अधिनिर्णय दिनांक : 21-11-2012

अधिनिर्णय

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश दि. 10-4-2002 के द्वारा निम्न निर्देश/विवाद, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे तदुपरान्त "अधिनियम" से सम्बोधित किया जावेगा) की धारा 10(1)(घ) के अन्तर्गत इस न्यायाधिकरण को अधिनिर्णयार्थ सम्प्रेषित किया गया है:-

> "Whether the action of the Census Department through Director of Census Operation Rajasthan, Jaipur in discontinuing the servies of Sh. Daya Ram S/o Sh. Ganpat Lal Chipa w.e.f. 30-6-1992 is legal and justified? If not, to what relief the workman is entitled and from what date ?"

2. निर्देश/विवाद, न्यायाधिकरण में प्राप्त होने पर पंजीबद्ध उपरान्त पक्षकारों को नोटिस/सूचना जारी का विधिवत् अवगत करवाया गया ।

3. इस अधिनिर्णय से इस न्यायाधिकरण में ऊपर वर्णित प्रकरण सं. औ.न्या./केन्द्रीय/-27/2002 का निस्तारण किया जा रहा है । हालाँकि इसी प्रकार के अन्य और प्रकरण भी इस न्यायाधिकरण में लम्बित हैं एवं उन प्रकरणों में भी अप्रार्थी जो इस प्रकरण में है, वही है तथा उन प्रकरणों के तथ्य भी इस प्रकरण के तथ्यों से मिलते-जुलते हैं, साक्ष्य भी प्राय: समान रूप से आयी है एवं बहस भी पक्षकारों ने सभी प्रकरणों को समेकित करते हुए ही की है, अत: सभी प्रकरणों का हालाँकि अलग-अलग रूप से निस्तारण किया जा रहा है परन्तु प्रकरणों के तथ्य, पक्षकारों की साक्ष्य एवं दी गयी दलीलों आदि को देखते हुए सभी में विवेचन प्राय: समान ही है एवं उसी अनुरूप इस प्रकरण के अलावा अन्य कुल 12 प्रकरण हैं, उनका भी आज ही निस्तारण किया जा रहा है ।

4. इस प्रकरण में प्रार्थी ने अपने आपको कम्पायलर बताया है एवं उसने अपनी नियुक्ति तिथि 2-7-1991 एवं हटाने की तिथि 30-6-92 बतायी है । प्रार्थी ने सेवा में नियोजन व समाप्ति, दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से किया जाना बताया है । विशेष रूप से यहाँ यह उल्लेख करना भी समीचीन होगा कि प्राय: सभी प्रकरणों में दलीलें व साक्ष्य भी जिस रूप में आयी है उसमें बहस के दौरान पक्षकारों के विद्वान प्रतिनिधिगण ने यह अभिकथन किया कि चूँकि सभी प्रकरणों में साक्ष्य मौखिक व दस्तावेजी एक जैसी ही है, अत: किसी भी एक प्रकरण की दस्तावेजी साक्ष्य जिसमें कि उभयपक्ष द्वारा पेशशुदा सभी दस्तावेज प्रदर्शित हुए हैं, उसको इस प्रकरण के विनिश्चय के लिए आधारभूत माना जावे । अत: इस अभिकथन को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में उभयपक्ष की सभी प्रकरण में आयी हुई दस्तावेजी साक्ष्य को समेकित करते हुए मौखिक साक्ष्य के आलोक में उसका विवेचन व विश्लेषण कर विनिश्चय का आधार माना जा रहा है ।

5. प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित किया कि उसे अप्रार्थी विभाग द्वारा दिनांक 2-7-1991 से कम्पायलर के पद पर सेवा

में नियोजित किया गया । नियुक्ति आदेश मौखिक था, लिखित में कोई आदेश नहीं दिया गया । बाद में सहायक निदेशक, जनगणना, कोटा कार्यालय समाप्त हो गया एवं उसका कार्य निदेशक जनगणना, राजस्थान, जयपुर द्वारा किया जा रहा है । यह कार्य भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा महापंजीयक के तहत करवाया जाता है जिसमें जिला स्तर पर सहायक निदेशक व राज्य स्तर पर निदेशक जनगणना का कार्य करते हैं । इस कार्य के लिए कर्मकारों की नियुक्ति, पदों की स्वीकृति महापंजीयक, जनगणना, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा की जाती है जिसमें प्रार्थी श्रमिक के कम्पायलर के पद की स्वीकृति भी दिनांक 21-12-93 तक जारी की गयी थी । प्रार्थी श्रमिक ने अपनी नियुक्ति तिथि से 30-6-92 तक लगातार 240 दिन से अधिक समय तक कार्य किया है एवं प्रार्थी के पद की स्वीकृति भी महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा 30-11-93 तक बढ़ा दी गयी थी परन्तु इसके बावजूद भी प्रार्थी को 1-7-92 से कार्य पर आने से मना कर दिया एवं 1-7-92 को जब प्रार्थी कार्य पर गया तो उसकी सेवायें समाप्त कर दी गयी । इस सम्बन्ध में उसे कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया, मौखित रूप से सेवा समाप्त की गयी । प्रार्थी की सेवा समाप्ति छंटनी की तारीफ में आता है एवं सेवा समाप्ति से पहले प्रार्थी की वरिष्ठता सूची का कोई प्रकाशन भी नहीं किया गया, अन्त में आये पहले जाये सिद्धांत की पालना भी नहीं की गयी तथा छंटनी के आज्ञापक प्रावधानों की पालना भी नहीं की गयी, कार्यदिवसों की संख्या भी कम करने के लिए उसमें कृत्रिम रूप से कमी दिखाई गयी । प्रार्थी की सेवायें दिनांक 30-6-92 को समाप्त करना व सेवा समाप्ति से पहले धारा 25-एफ, जी, एच की पालना नहीं करना विधिसम्मत नहीं है । प्रार्थी द्वारा इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर बेंच में एक रिटयाचिका संख्या 4295/92 प्रस्तुत की गयी जो दिनांक 9-5-97 को निर्णित की गयी एवं प्रार्थी को समझौता अधिकारी के यहाँ कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया । समझौता अधिकारी के यहाँ वार्ता असफल हुई । फिर प्रार्थी ने पुनः एक रिटयाचिका माननीय उच्च न्यायालय में 2479/99 प्रस्तुत की जिसमें सरकार को औद्योगिक विवाद रेफर करने का आदेश दिया गया एवं उस आदेश के अनुसरण में भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा यह विवाद इस न्यायाधिकरण को रेफर किया गया । अतः प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट के माध्यम से उसके कम्पलाईर/चेकर पद से अप्रार्थी द्वारा दिनांक 30-6-92 से मौखिक रूप से सेवायें समाप्त करना अवैध घोषित करने के साथ ही लगातार सेवा में माने जाने व पिछले समस्त वेतन व परिलाभों व सेवा की निरन्तरता के साथ सेवा में बहाल किये जाने के अनुतोष की मांग की है ।

6. अप्रार्थी द्वारा इसका जवाब पेश किया गया जिसमें वर्णित किया गया कि केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्येक 10 वर्ष में जनगणना का कार्य करवाया जाता है । वर्ष 1991 में भी पूरे देश में राजस्थान सहित जनगणना का कार्य करवाया गया । जनगणना के बढ़े हुए अतिरिक्त कार्य के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के पद अल्पावधि के लिए उपलब्ध करवाये जाते हैं एवं वे पद जनगणना कार्य पूरा होने के साथ को समाप्त हो जाते हैं । भारत के महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा भी अपने आदेश दिनांक 6-11-90 के द्वारा कुल 1864 पद 1-3-91 से 29-2-92 तक की अवधि के लिए स्वीकृति किये गये एवं पदों को बाद में तार दिनांक 4-3-92 के द्वारा जून; 92 तक जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी । अतः प्रार्थी का यह कथन असत्य है कि इसकी नियुक्ति मौखिक रूप से की गयी, अपितु इन पद हेतु विज्ञापन के अनुसार साक्षात्कार के आधार पर अनुबन्ध पर प्रार्थी की नियुक्ति कम्पलाईर के पद पर की गयी थी । प्रार्थी का प्रथम अनुबन्ध इसकी नियुक्ति तिथि से 29-2-92 तक व दूसरा अनुबन्ध 3-3-92 से 30-6-92 तक हस्ताक्षरित किया गया था । प्रार्थी का यह कथन भी गलत है कि उसके पद की स्वीकृति 21-12-93 तक ही जारी की गयी । सभी क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जिसमें कोटा कार्यालय भी सम्मिलित है, 30-6-92 को ही बन्द कर दिये गये थे एवं अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार पद समाप्ति के साथ ही प्रार्थी को सेवा से पृथक कर दिया गया था । प्रार्थी को अनुबन्ध में वर्णित समेकित वेतन रु. 900 प्रतिमाह पर अनुबन्धित किया गया था वे उसने स्वयं ने अपनी इच्छा से अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये, अतः मौखिक रूप से नियुक्ति किये जाने का तथ्य असत्य व भ्रामक है । इसके अलावा महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा केवल नियमित पदों की स्वीकृति 31-12-93 तक जारी की गयी थी जबकि कम्पलाईर के पद तो 30-6-92 तक ही उपलब्ध थे । चूँकि प्रार्थी अनुबन्ध के आधार पर अनुबन्धित था, अतः वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाना या हटाने से पहले क्षतिपूर्ति दिया जाना कतई आवश्यक नहीं था एवं वैसे भी जनगणना का कार्य "उद्योग" की श्रेणी में नहीं आता है, ऐसा "भवानीशंकर गौतम बनाम निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, राज. जयपुर-प्रकरण सं. औ.न्या./केन्द्रीय/21/99" के मामले में दिये गये निर्णय से भी स्पष्ट है । इसके अलावा अपने जवाब में अप्रार्थी ने प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित तथ्यों को अस्वीकार करते हुए अन्त में प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट को खारिज किये जाने की प्रार्थना की है ।

7. इसके पश्चात् साक्ष्य प्रार्थी में प्रार्थी श्रमिक दयाराम का शपथ-पत्र पेश किया गया, अप्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी एवं साक्ष्य अप्रार्थी में गवाह एच.सी.शर्मा का शपथ-पत्र पेश हुआ, प्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी । प्रलेखीय साक्ष्य में उभयपक्ष की ओर से कुछ प्रदर्श जिनमें कि महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 30-11-93 की प्रति, रेफ्रेन्स की प्रति, उभयपक्ष के मध्य निष्पादित संविदा-प्रपत्र, महापंजीयक कार्यालय से जारी तार की फोटोप्रति एवं इसके अनुसरण में निदेशक, निदेशालय, जनगणना राजस्थान, जयपुर द्वारा समस्त क्षेत्रीय जनगणना/सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 से समाप्त करने के पत्र व भारत सरकार के महापंजीयक जनगणना द्वारा जनगणना कार्य हेतु प्रत्येक राज्य के निदेशालय हेतु स्वीकृत पदों का संख्या आदि के पत्र हैं, को प्रदर्शित करवाया गया । हालाँकि सभी प्रकरण में ये पत्र प्रदर्शित नहीं हुए परन्तु चूँकि सभी के लिए यह सामग्री आधारभूत है, अतः सभी प्रकरणों के विनिश्चय के लिए इन्हें भी आधार माना गया है ।

8. उभयपक्ष की साक्ष्य समाप्ति के पश्चात् बहस अन्तिम सुनी गयी । बहस के दौरान प्रार्थी की ओर से उनके विद्वान प्रतिनिधि ने दलील दी कि प्रार्थी की नियुक्ति एवं सेवा समाप्ति, दोनों ही मौखिक थीं । प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा काम किया, इस तथ्य को दोनों पक्ष स्वीकार करते हैं । *जनगणना* अधिनियम की धारा 4, 11 एवं 18 को उन्होंने उद्धृत किया । धारा 4 में जनगणना कार्य के लिए किनको नियुक्त किया जायेगा व किस प्रकार से पर्यवेक्षण किया जायेगा, इसका उपबंध है । धारा 11 में *जनगणना* कार्य की सूचना को हटाने या नष्ट करने या उन्हें कूट-रचित बनाने या अन्य कोई ऐसा ही अनुचित कृत्य करता है तो उसके लिए क्या दण्ड हो सकता है, इसके प्रावधान हैं तथा धारा 18 में नियम बनाने की शक्तियों का उल्लेख है । आगे इसी अधिनियम में कम्पलाईर के पद का उल्लेख हुआ है । उनके द्वारा संविधान के अनुच्छेद 53, 73 एवं 299 को भी उद्धृत किया गया है । जो अनुबन्ध निष्पादित किया जाना बताया जा रहा है उसमें तो प्रार्थी ने केवल हस्ताक्षर ही किये, बाकी सभी इबारत तो अप्रार्थी द्वारा ही भरी गयी है एवं कोई भी अनुबन्ध दोनों पक्षकारों का एक साथ हस्ताक्षर करने पर ही पूर्ण होता है । इस मामले में अनुबन्ध में जहाँ एक ओर प्रार्थी ने कोटा में हस्ताक्षर किये तो भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से वी.एस. सिसोदिया, निदेशक ने हस्ताक्षर किये जबकि वी.एस. सिसोदिया कोटा में उपस्थित नहीं होकर जयपुर में थे, अत: ऐसा अनुबन्ध विधिसम्मत नहीं कहा जा सकता है एवं इस मामले में अनुबन्ध के प्रावधान लागू भी नहीं होते हैं । प्रार्थी को तो रोजगार चाहिए था, अत: जहाँ पर भी अप्रार्थी ने हस्ताक्षर करवाये, वहाँ उसने हस्ताक्षर कर दिये । प्रार्थी का पद 30-11-93 तक उपलब्ध होने के बावजूद भी उसकी सेवायें 30-6-92 को ही समाप्त कर दी गयी एवं जब प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा की सेवायें दी हैं तो उसे एक माह का नोटिस अथवा नोटिस अवधि का वेतन व मुआवजा देकर ही सेवायें समाप्त की जानी चाहिए थीं, अत: इन समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी का क्लेम स्वीकार किया जावे व इस सम्बन्ध में उसकी ओर से निम्नलिखित न्यायनिर्णय उद्धृत किये गये :-

"(1) सावित्री विजय बनाम भारत संघ-2008 (5) डब्ल्यू.एल.सी./राज./पृष्ठ 340—इस *न्यायनिर्णय* में *जनगणना* विभाग में नियुक्त कर्मचारी की सेवायें धारा 25-एफ की पालना किये जाने के बगैर समाप्त किये जाने पर मामले को औद्योगिक न्यायाधिकरण को भेजे जाने हेतु निर्देश दिये गये ।

(2) अनूप शर्मा बनाम *अधिशासी अभियन्ता*, पी.एच.डी. खण्ड I पानीपत/हरियाणा—2010(2)आर.एल.डब्ल्यू. 1586(एस.सी)—इस मामले में धारा 25-एफ की पालना नहीं किये जाने पर कर्मचारी सेवा की निरन्तरता के साथ हकदार होंगे, ऐसा प्रतिपादित किया गया ।

(3) हरजिंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य भण्डारण निगम-2010 सीडीआर 401 (एस.सी.) के मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ नियोक्ता द्वारा "अन्त में आये प्रथम जाये" नियम का उल्लंघन करना सिद्ध हो जाता है तो फिर 240 दिन की अवधि तक कार्य करने की पूर्व शर्त अपेक्षित नहीं है ।

(4) कमिश्नर केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं अन्य बनाम अनिल कुमार सिंह व अन्य-(2003)10 एस.सी.सी.284—इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदात्मक नियुक्ति हुई है तो ऐसे कर्मकार की संविदा समाप्त होने की तिथि तक की सेवा समाप्त नहीं की जानी चाहिए अपितु नियमित भरती तक उसकी सेवायें रखी जानी चाहिए थीं, अत: इस मामले में प्रार्थीगण को नियमित नियुक्ति हेतु आवेदन करने की अनुमति दी गयी ।

(5) राजस्थान राज्य बनाम गिरिराज प्रसाद एवं अन्य—2008 डब्ल्यू.एल.सी.(राज.) यू.सी. पृष्ठ 730—इस मामले में अंशकालीन कर्मकार को भी धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी माना गया ।"

9. इसके विपरीत अप्रार्थी की ओर से यह दलील दी गयी कि सर्वप्रथम तो प्रार्थी ने अपनी सेवा में नियुक्ति तथा समाप्ति दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से बतायी है यह सर्वथा असत्य है, अपितु प्रार्थी की नियुक्ति लिखित अनुबन्ध के आधार पर हुई थी एवं यह लिखित अनुबन्ध स्वयं प्रार्थी के द्वारा हस्ताक्षरित है एवं ऐसे अनुबन्ध पर प्रार्थी ने अपने हस्ताक्षर होना भी स्वीकार किया है । अत: अब प्रार्थी उस अनुबन्ध से परे जाकर यदि कोई कथन करता है तो वह कोई महत्व नहीं रखता है । प्रार्थी ने अनुबन्ध के तथ्यों को ही छिपा दिया है । प्रार्थी ने यह विवाद भी करीबन 10-11 वर्ष की देरी से उठाया है । इसके अलावा *जनगणना* का कार्य तो भारत सरकार द्वारा प्रति 10 वर्ष में एक बार कराया जाता है एवं उसमें महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक राज्य में जनगणना कराने के लिए आकस्मिक रूप से जिन पदों की जितने समय के लिए आवश्यकता होती है, वही स्वीकृति जारी होती है एवं उस स्वीकृति के अनुसरण में ही राज्य स्तर पर जनगणना निदेशक द्वारा प्रत्येक जिले के लिए अनुबन्ध के आधार पर संविदाकर्मी रखे जाते हैं । प्रार्थी को भी संविदा के आधार पर रखा गया था । औ.वि. अधिनियम की धारा 2(oo)(बीबी) में जहाँ किसी कर्मकार की संविदा के अनविनिकरण के कारण संविदा तिथि समाप्त होने पर सेवा समाप्त कर दी गयी है तो वह छंटनी की तारीफ में नहीं आता । अत: इस परिभाषा से ही यह स्पष्ट है कि इस मामले में प्रार्थी की छंटनी नहीं की गयी अपितु इसकी सेवायें संविदा समाप्त होने के साथ ही स्वत: समाप्त हो गयी थी । इसके अलावा अप्रार्थी की ओर से एक दलील यह भी दी गयी कि जनगणना निदेशक द्वारा जो पत्र दि. 30-11-93 को जारी किया गया था वह केवल उन्हीं कर्मकारों के सम्बन्ध में था जो पहले से ही नियमित रूप से नियुक्त होकर जनगणना के कार्य में लगे हुए थे, अन्यथा आकस्मिक रूप से या संविदा के आधार पर रखे गये संविदाकर्मियों की तो सेवायें 30-6-92 के पश्चात जारी नहीं रखने का स्वयं जनगणना निदेशक का तार दिनांक 4-3-92 का है जिसमें स्पष्ट कर दिया गया था कि क्षेत्रीय *सारणीयन कार्यालय* जून, 92 तक ही काम कर पायेंगे एवं इसी

अनुसरण में निदेशक, जनगणना राजस्थान द्वारा पूरे राजस्थान राज्य में क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया । अत: जब प्रार्थी का ना तो कोई कार्य शेष रहा एवं ना ही कोई स्वीकृति थी तो फिर कैसे इसे और आगे रखा जाता । इसके अलावा जनगणना विभाग किसी उद्योग की श्रेणी में भी नहीं आता है क्योंकि वहाँ पर कोई औद्योगिक एवं व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित नहीं होती हैं, यह राज्य का एक सार्वभौमिक कर्तव्य है । प्रार्थी स्वच्छ हाथों से न्यायाधिकरण के समक्ष नहीं आया है, अत: प्रार्थी का क्लेम स्टेटमेन्ट खारिज किया जावे । पूर्व में भी इस न्यायाधिकरण द्वारा इसी प्रकार के कुछ प्रकरण खारिज किये जा चुके हैं । उक्त दलीलों के अलावा निम्न न्यायदृष्टांत भी अप्रार्थी की ओर से उद्धृत किये गये हैं :—

"(1) 1996 लेब.आई.सी. पृष्ठ 915(एस.सी.)—सुल्तान सिंह बनाम हरियाणा राज्य—इस मामले में जहाँ राज्य सरकार ने किसी औद्योगिक विवाद को औद्योगिक विवाद नहीं मानते हुए रेफर करने से इन्कार कर दिया तो माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सरकार के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया गया ।

(2) प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स बनाम श्रम न्यायालय कोजीकोड एवं अन्य—2000 लेब.आई.सी. 649 (केरला उ. न्या.)—इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदा के नवीनीकरण नहीं होने के कारण सेवायें समाप्त हो गयी हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(3) श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए एवं अन्य—आर.एल.डब्ल्यू. 2003 (1) राज. पृष्ठ 171—इस न्यायनिर्णय में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ कर्मकार संविदा पर निश्चित अवधि के लिए नियुक्त हुआ, उसने वह संविदा स्वीकार की एवं संविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात सेवा समाप्त हुई तो कर्मकार सेवा में नियुक्त किये जाने का अधिकारी नहीं हो सकता ।

(4) अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा—2001(3)राज. पृष्ठ 1465—इस मामले में भी जहाँ अस्थायी रूप से या तदर्थ संविदा के आधार पर नियुक्ति हुई है तो सेवा समाप्ति के उपरान्त कोई लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं माना गया ।

(5) अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेश कुमार के. भट्ट—2000 लेब.आई.सी. 818 (गुजरात उ. न्या.)— इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी विशेष अवधि के लिए नियुक्ति हुई हो तो उस अवधि के समाप्त होने पर उस सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(6) एस.एम. निलाजकर बनाम टेलीकॉम डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कर्नाटका—2003(97) एफ.एल.आर. 608—इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी योजना के समाप्त होने के साथ ही कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो वह छंटनी की परिधि में नहीं आता है ।

(7) नवोदय विद्यालय बनाम श्रीमती के.आर. हेमावेत्ती—2000 लेब. आई.सी. 3745(कर्नाटक उ.न्या.)—इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ अस्थायी नियुक्ति संविदा के अधीन निश्चित अवधि के लिए हुई है तो 240 दिन से ज्यादा काम करने पर भी उसकी सेवा अवधि समाप्त होने पर सेवा से पृथक किया जाना छंटनी की परिभाषा में नहीं आता ।"

10. हमने उभयपक्ष द्वारा दी गयी दलीलों तथा उद्धृत किये गये न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धांतों पर मनन किया ।

11. जहाँ तक प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत "सावित्री विजय" के निर्णय का सवाल है, इस निर्णय में तो मात्र सरकार को विवाद अधिनिर्णय के लिए निर्देशित किये जाने का आदेश दिया गया । अब हस्तगत मामले में प्रार्थी की सेवायें किस प्रकार की थीं, क्या वह नियमित रूप से भरती की नियमित प्रक्रिया से गुजरकर नियुक्त हुआ या उसे दैनिक अनुबन्ध पर या अवधि विशेष के लिए अनुबंधित किया गया ? इस सम्बन्ध में प्रार्थी की ओर से दलील दी गयी कि प्रार्थी को सेवा में मौखिक रूप से नियुक्त किया गया एवं मौखिक रूप से हटाया गया । अप्रार्थी की ओर से इसका खण्डन किया जाकर प्रार्थी द्वारा संविदा के रूप में नियुक्त होने के संविदा-प्रपत्र की ओर न्यायाधिकरण का ध्यान आकृष्ट किया गया । इस संविदा-पत्र का अवलोकन करने पर यह पाया जाता है कि इसमें प्रार्थी/प्रार्थीया को कम्पायलर/चेकर/आकस्मिक श्रमिक/दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के रूप में संविदा निष्पादन की तिथि से लेकर 29-2-92 तक व उसके बाद में एक और संविदा-पत्र के द्वारा 30-6-92 तक रखा गया । अत: ऐसे में जब किसी नियोजन के सम्बन्ध में लिखित रूप से दस्तावेजात पक्षकारों के मध्य निष्पादित हुए हैं तो ऐसे में उन दस्तावेजात से परे जाकर कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार नहीं की जा सकती एवं ना ही अब यह प्रार्थी ऐसे दस्तावेज का खण्डन कर सकता है । स्वयं प्रार्थी ने अपनी जिरह में स्वीकार किया है मुझे कांट्रेक्ट पर रखा गया तथा एक अनुबन्ध समाप्त होने पर दूसरा अनुबन्ध-पत्र भरवाया गया मैंने 30-6-92 तक ही काम किया तथा जितने दिन काम किया उतने दिनों का वेतन मिल चुका है । अनुबन्ध हमने नहीं पढ़ा, बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर दिये । इस सम्बन्ध में न्यायाधिकरण का इतना ही कहना पर्याप्त है कि जहाँ एक व्यक्ति जनगणना विभाग में कार्य करने जा रहा है एवं उसने एक बार या दो बार अनुबन्ध अप्रार्थी के साथ किया है एवं वह बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर रहा है जबकि प्रार्थी उम्रप्राप्त व्यक्ति है तो क्या उससे ऐसी अपेक्षा की जा सकती है? इस सम्बन्ध में उत्तर नकारात्मक ही होगा । कोई भी व्यक्ति बिना पढ़े अनुबन्ध पर शायद ही हस्ताक्षर करेगा, यदि उसे अनुबन्ध की शर्तें मंजूर नहीं थी तो । अत: अब उस अनुबन्ध के सम्बन्ध में यह अभिकथन करना कि उसके खाली कागज पर हस्ताक्षर करा लिये गये एवं उसने अनुबन्ध नहीं पढ़ा, इस प्रकार की दलीलें स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती

है एवं यदि इस प्रकार की दलीलें किसी लिखित अनुबन्ध के सम्बन्ध में स्वीकार कर ली जायेंगी तो फिर अनुबन्ध की प्रत्येक शर्त या इबारत के खण्डन में मौखिक दलील आयेंगी एवं लिखित अनुबन्ध का कोई अर्थ नहीं रहेगा, जबकि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 में जहां कोई लिखित दस्तावेज निष्पादित किया गया है तो उस दस्तावेज के कन्टेन्ट्स (अन्तर्वस्तु) के सम्बन्ध में कोइ मौखिक साक्ष्य स्वीकार किये जाने का निषेध है । अत: प्रार्थी की ओर से इस अनुबन्ध के खण्डन में जो मौखिक दलील दी गयी वह किसी भी रूप में स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है ।

12. प्रार्थी की ओर से यह दलील कि उसके अनुबन्ध की तिथि दिनांक 31-12-93 तक थी एवं उसे बीच में हटा दिया गया, सम्बन्ध में अप्रार्थी की ओर से महापंजीयक, जनगणना के तार की फोटोप्रति प्रदर्शित करवायी गयी है । इसमें यह वर्णित किया गया कि जो आयोजना से भिन्न या अस्थायी प्रकृति के पद थे, उन्हें समाप्त किये जाने के निर्देश हैं एवं इसी के अनुसरण में जनगणना निदेशालय, राजस्थान द्वारा 30-6-92 को ऐसे पदों को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया एवं उसी तहत प्रार्थी का अनुबन्ध समाप्त कर सेवायें समाप्त की गयी तो इस सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त है कि निदेशक, जनगणना विभाग द्वारा पूर्व में वर्ष 90 में जो पद सृजित किये गये थे, वे जनगणना कार्य के लिए ही थे एवं जैसे ही जनगणना कार्य पूरा हो गया एवं उन पदों की आवश्यकता नहीं रही तो अनुबन्ध समाप्त कर दिया गया, इसमें किसी प्रकार की कोई दुर्भावना लेशमात्र भी नहीं थी एवं यह कार्य ना केवल राजस्थान अपितु पूरे भारत वर्ष में किया गया, अत: इसे विभेदात्मक या भेदभावपूर्वक भी नहीं कहा जा सकता है ।

13. अप्रार्थी की ओर से जो न्यायनिर्णय "प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स/प्रा. लि. कालीकट बनाम श्रम न्यायालय, कोजीकोड" का उदृत किया गया है एवं अन्य न्यायनिर्णय "श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए, अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेशकुमार के. भट्ट" जो उद्धृत किये गये हैं, इन सभी में यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि जहाँ कोई नियुक्ति अनुबन्ध के तहत हुई है तो फिर उस अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर या निश्चित अवधि समाप्त होने के फलस्वरूप यदि सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी नहीं माना जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम की पालना किया जाना अपेक्षित नहीं है। हस्तगत मामले में भी प्रार्थी की अनुबन्ध के तहत सेवायें समाप्त हुई है तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी की तारीफ में नहीं लिया जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना किया जाना लाजिमी नहीं कहा जा सकता ।

14. इस सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय का न्यायनिर्णय "सैक्रेट्री, स्टेट आफ कर्नाटका एवं अन्य बनाम उमादेवी एवं अन्य—(2006) 4 एस.सी.सी. पृष्ठ 1" का भी महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय के कुछ अंश इस प्रकार के विवाद के सम्बन्ध में निम्नानुसार हैं :—

"Service Law—Casual Labour/Temporary Employee—Status and rights of—Unequal bargaining power—Effect—Held, such employees do not have any right to regular or permanent public employment—Further, temporary, contractual, casual, ad hoc or daily-wage pubic employment must be deemed to be accepted by the employee concerned fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it—Reasons for, discussed in detail—Labour Law."

"Phenonmenon of 'litigious employment' which had arisen due to issuance of such directions by High Courts, and even Supreme Court, highlighted—Held, merely because an employee had continued under cover of an order of the court, under 'litigious employment' or had been continued beyond the term of his appointment by the State or its instrumentalities, he would not be entitled to any right to be absorbed or made permanent in service, merely on the strength of such continuance, if the original appointment was not made by following a due process of selections as envisaged by the relevant rules—It is further not open to the court to prevent regular recruitment at the instance of such employees—Unsustainability of claim to permanence on basis of long continuance in irregular or illegal public employment, discussed in detail."

इसी न्यायनिर्णय के पैरा 30 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जो टिप्पणी की गयी है वह भी महत्वपूर्ण है जो निम्नानुसार हैं:—

"Their Lordships cautioned that if directions are given to re-engage such persons in any other work or appoint them against existing vacancies, 'the judicial process would become another mode of recruitment dehors the rules'."

इसी न्यायनिर्णय में आगे पैरा नं. 45 एवं 47 के कुछ अंश भी निम्नानुसार हैं:—

"While directing that appointments, temporary or casual, be regularised or made permanent, the courts are swayed by the fact that the person concerned has worked for some time and in some cases for a considerable length of time. It is not as if the person who accepts an engagement either temporary or casual in nature, is not aware of the nature of his employment. He accepts the employment with open eyes. It may be true that he is not in a position to bargain- not at arm's length—since he might have been searching for some employment so as to eke out his livelihood and accepts whatever he gets. But on that ground alone, it would not be appropriate to jettison the constitutional scheme of appointment and to take the view that a person who has temporarily or casually got employed should be

directed to be continued permanently. By doing so, it will be creating another mode of public appointment which is not permissible. If the court were to void a contractual employment of this nature on the ground that the parties were not having equal bargaining power, that too would not enable the court to grant any relief to that employee. A total embargo on such casual or temporary employment is not possible, given the exigencies of administration and if imposed, would only mean that some people who at least get employment temporarily, contractually or casually, would not be getting even that employment when securing of such employment brings at least some succour to them. After all, innumerable citizens of our vast country are in search of employment and one is not compelled to accept a casual or temporary employment if one is not inclined to go in for such an emloyment. It is in that context that one has to proceed on the basis that the employment was accepted fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it. In other words, even while accepting the employment, the person concerned knows the nature of his employment. It is not an appointment to a post in the real sense of the term. The claim acquired by him in the post in which he is temporarily employed or the interest in that post cannot be considered to be of such a magnitude as to enable the giving up of the procedure established, for making regular appointments to available posts in the services of the State. The argument that since one has been working for some time in the post, it will not be just to discontinue him, even though he was aware of the nature of the employment when he first took it up, is not (sic) one that would enable the jettisoning of the procedure established by law for public employment and would have to fail when tested on the touchstone of constitutionality and equality of opportunity enshrined in Article 14 of the Constitutions."

"When a person enters a temoporary employment or gets engagement as a contractual or casual worker and the engagement is not based on a proper selection as recognised by the relevant rules or procedure, he is aware of the consequences of the appointment being temporary, casual or contractual in nature. Such a person cannot invoke the theory of legitimate expectation for being confirmed in the post when an appointment to the post could be made only by following a proper procedure for selection and in cases concerned, in consultation with the Public Service Commission. Therefore, the theory of legitimate expectation cannot be successfully advanced by temporary, contractual or casual employees."

15. इसके अलावा "राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर बनाम सदासुख गूर्जर-आर.एल.डबल्यू. 2002(4) राज. पृष्ठ 2500" के मामले में माननीय उच्चतम न्यायलय ने यह प्रतिपादित किया कि जहाँ कर्मकार की अनुबन्ध के तहत निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति हुई है एवं अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर एवं अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने पर कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान की पालना अपेक्षित नहीं है ।

16. इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) में "छंटनी" की परिभाषा में जो कर्मकार की सेवायें समाप्त करना बताया गया है, उसके अपवाद (बीबी) में यह वर्णित है कि जहां वर्तमान कर्मकार की संविदा के नवीनीकरण के अभाव में सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता ।

17. अत: उपरोक्त विधिक स्थिति एवं न्यायनिर्णयों के आलोक में यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि जहाँ संविदाकर्मी की सेवायें संविदा के तहत समाप्त हो चुकी हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता । इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ऊपर उद्दृत किये गये "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में इस दलील को भी अस्वीकृत कर दिया गया कि अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करते समय कर्मकार ने उसे पढ़ा ही नहीं, आदि बाबत आपत्तियां इस निर्णय के आलोक में किंचित मात्र स्वीकार योग्य नहीं रहती है ।

18. इसके अलावा "मोह. राजमोहम्मद बनाम औ.न्या. एवं श्रम न्यायालय, वारंगल एवं अन्य-2003(2) एल.एल.जे. पृष्ठ 1149" के मामले में माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जनगणना विभाग के सम्बन्ध में निम्न निष्कर्ष निकाला गया है:-

"The Census Department of the Government of India cannot be said to be an Industry under Section 2(j) of the Industrial Disputes Act, as the functions and activities carried on by the said Department is purely severeign functions and welfare of the entire nation depends on the information collected, tabulated and prepared by the said department. Hence, the respondent cannot be called to be an Industry within the meaning of Section 2(j) of the Industrial Disputes Act. The function of enumeration of Census work is purely a sovereign function."

19. इसके अलावा एक और न्यायनिर्णय "रामलत बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य-2011(130) एफ.एल.आर. (इला.उ.न्या.) पृष्ठ 484" का महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय में भी माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कुष्ठ उन्मूलन योजना समाप्त हो जाने पर उस योजना में लगे कर्मकारों द्वारा राज्य के अन्य विभाग में समायोजन किये जाने की याचिका पर निम्नानुसार निष्कर्ष दिया गया है :-

"Appointment--Under the National Leprosy Eradication Programme launched by Central Government— Non-extention of scheme—work refused—Writ Court directed the State to take policy decision for their absorption in any other medical or non-medical department Approach to State

Government— Absorption refused— Legality of Rightly observed that the absorption of the petitioners against post available in other medical health department would only amount to back door entry which is legally not permissible—No interference warranted—Petition dismissed."

20. अत: ऊपर वर्णित न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धातों की विधिक स्थिति आदि के विवेचन के उपरान्त यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रार्थी एक संविदा के अधीन नियुक्त कर्मी था ना कि मौखिक रूप से उसे सेवा में नियोजित किया गया एवं ना ही उसे मौखिक रूप से हटाया गया, अपितु संविदा समाप्त होने के उपरान्त उसकी सेवायें समाप्त हुई, अत: ऐसे में उसकी सेवायें समाप्त होना किसी भी रूप में "छंटनी" की परिधि में नहीं आता है । प्रार्थी की संविदा निष्पादन के सम्बन्ध में दी गयी दलीलें भी ऊपर किये गये विवेचन व माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में दिये गये निर्णय से स्वत: सार रहित हो जाती हैं एवं माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने तो ऊपर उद्धृत किये गये न्यायनिर्णय में भारत सरकार के जनगणना विभाग को "उद्योग" की श्रेणी में ही नहीं माना है एवं इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) के अपवाद (बीबी) के तहत जहाँ सेवायें अनुबन्ध के समाप्ति के कारण समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी की परिधि में नहीं लाया जा सकता है एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना भी अपेक्षित नहीं है । प्रार्थी स्वयं ने अनुबन्ध निष्पादित किये जाने के तथ्य को स्वीकार किया है । अनुबन्ध के तहत ही उसने अपनी सेवायें दी हैं । तब उस अनुबन्ध की वैधता का विनिश्चय इस मामले में नहीं किया जा सकता है कि वह अनुबन्ध वैध था या अवैध क्योंकि वह अनुबन्ध अब समाप्त हो चुका है । इसके अलावा प्रार्थी द्वारा अपना विवाद भी करीबन 10 वर्ष की देरी से उठाया गया है जिसका भी कोई संतोषप्रद कारण प्रकट नहीं किया गया है । प्रार्थी की सेवायें अप्रार्थी द्वारा मनमाने तरीके से या भेदभावपूर्वक समाप्त नहीं की जाकर पूरे भारतवर्ष के अन्य जनगणना कर्मियों के साथ समाप्त की गयी है । यह प्रार्थी व अन्य प्रार्थीगण में से कोई यदि भरती की नियमित प्रक्रिया से गुजरे तो वे उस भरती प्रक्रिया में शामिल किये जाने योग्य भी नहीं थे क्योंकि कुछ प्रार्थीगण तो अधिकतम आयु सीमा से भी काफी ऊपर की आयु सीमा तक पहुँच चुके थे । अत: इन सभी तथ्यों एवं ऊपर किये गये विवेचन का समेकित सार यही है कि प्रार्थी की इस मामले में सेवा समाप्ति जो 30-6-92 को अप्रार्थी द्वारा की गयी है, वह अनुबन्ध की समाप्ति के फलस्वरूप की गयी है एवं ऐसे में प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं बनता है ।

परिणामस्वरूप भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासंगिक आदेश क्रमांक एल-42012/107/98-आईआर (डीयू) दिनांक 10-4-2002 के जरिये सम्प्रेषित निर्देश/रेफ्रेन्स को इसी अनुरूप उत्तरित किया जाता है कि हस्तगत मामले में अप्रार्थी निदेशक, जनगणना विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रार्थी दयाराम की जो सेवायें की गयी है, वह अनुबन्ध के तहत ही की गयी है एवं ऐसे में उनका यह कृत्य उचित एवं वैद्य था । अत: प्रार्थी दयाराम किसी प्रकार का कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

प्रकाश चन्द्र पगारीया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2013

का.आ. 354.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार डायरेक्टर सेन्सस ऑपरेशन, जयपुर के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कोटा के पंचाट (आईडी संख्या 26/2002) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 6-1-2013 को प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल-42012/109/1998-आईआर (डीयू)]

सुमति सकलानी, अनुभाग अधिकारी

New Delhi, the 15th January, 2013

S.O. 354.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 26/2002) of Industrial Tribunal, Kota as shown in the Annexure, in the Industrial Dispute between the The Director, Census Operations, Jaipur and their workman, which was received by the Central Government on 6-1-2013.

[No. L-42012/109/1998-IR (DU)]

SUMATI SAKLANI, Section Officer

अनुबन्ध

औद्योगिक न्यायाधिकरण/केन्द्रीय/कोटा/राजस्थान

पीठासीन अधिकारी: श्री प्रकाश चन्द्र पगारीया, आर.एच.जे.एस.
निर्देश प्रकरण क्रमांक औ.न्या./केन्द्रीय/-26/2002
दिनांक स्थापित : 10-5-2002

प्रसंग : भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के आदेश क्रमांक एल-42012/109/98-आईआर/डीयू/दिनांक 10-4-2002 निर्देश/विवाद अन्तर्गत धारा 10(1)(घ) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

मध्य

दानमल मीणा पुत्र धन्नालाल मीणा, राजकीय प्राईमरी स्कूल के पास शिवपुरा, कोटा ।

...प्रार्थी श्रमिक

एवं

डॉयरेक्टर, सेन्सस ऑपरेशन, 6-बी झालाना डूँगरी, जयपुर ।

...अप्रार्थी नियोजक

उपस्थित

प्रार्थी श्रमिक की ओर से प्रतिनिधि :— श्री एस.एल.सोनगरा

अप्रार्थी नियोजक की ओर से प्रतिनिधि:— श्री श्याम गुप्ता

अधिनिर्णय दिनांक : 21-11-2012

अधिनिर्णय

भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश दि. 10-4-2002 के द्वारा निम्न निर्देश/विवाद, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (जिसे तदुपरान्त "अधिनियम" से सम्बोधित किया जावेगा) की धारा 10(1)(घ) के अन्तर्गत इस न्यायाधिकरण को अधिनिर्णयार्थ सम्प्रेषित किया गया है:-

> "Whether the action of the Census Department through Director of Census Operation Rajasthan, Jaipur in discontinuing the services of Sh. Dan Mal Meena S/o Sh. Dhana Lal Meena w.e.f. 30-6-1992 is legal and justified? If not, to what relief the workman is entitled and from what date ?"

2. निर्देश/विवाद, न्यायाधिकरण में प्राप्त होने पर पंजीबद्ध उपरान्त पक्षकारों को नोटिस/सूचना जारी का विधिवत् अवगत करवाया गया ।

3. इस अधिनिर्णय से इस न्यायाधिकरण में ऊपर वर्णित प्रकरण सं. औ.न्या./केन्द्रीय/-26/2002 का निस्तारण किया जा रहा है । हालाँकि इसी प्रकार के अन्य और प्रकरण भी इस न्यायाधिकरण में लम्बित हैं एवं उन प्रकरणों में भी अप्रार्थी जो इस प्रकरण में है, वही है तथा उन प्रकरणों के तथ्य भी इस प्रकरण के तथ्यों से मिलते-जुलते हैं, साक्ष्य भी प्राय: समान रूप से आयी है एवं बहस भी पक्षकारों ने सभी प्रकरणों को समेकित करते हुए ही की है, अत: सभी प्रकरणों का हालाँकि अलग-अलग रूप से निस्तारण किया जा रहा है परन्तु प्रकरणों के तथ्य, पक्षकारों की साक्ष्य एवं दी गयी दलीलों आदि को देखते हुए सभी में विवेचन प्राय: समान ही है एवं उसी अनुरूप इस प्रकरण के अलावा अन्य कुल 12 प्रकरण हैं, उनका भी आज ही निस्तारण किया जा रहा है ।

4. इस प्रकरण में प्रार्थी ने अपने आपको कम्पायलर बताया है एवं उसने नियुक्ति तिथि 25-7-1991 एवं हटाने की तिथि 30-6-92 बतायी है । प्रार्थी ने सेवा में नियोजन व समाप्ति, दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से किया जाना बताया है । विशेष रूप से यहाँ यह उल्लेख करना भी समीचीन होगा कि प्राय: सभी प्रकरणों में दलीलें व साक्ष्य भी जिस रूप में आयी है उसमें बहस के दौरान पक्षकारों के विद्वान प्रतिनिधिगण ने यह अभिकथन किया कि चूँकि सभी प्रकरणों में साक्ष्य मौखिक व दस्तावेजी एक जैसी ही है, अत: किसी भी एक प्रकरण की दस्तावेजी साक्ष्य जिसमें कि उभयपक्ष द्वारा पेशशुदा सभी दस्तावेज प्रदर्शित हुए हैं, उसको इस प्रकरण के विनिश्चय के लिए आधारभूत माना जावे । अत: इस अभिकथन को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में उभयपक्ष की सभी प्रकरण में आयी हुई दस्तावेजी साक्ष्य को समेकित करते हुए मौखिक साक्ष्य के आलोक में उसका विवेचन व विश्लेषण कर विनिश्चय का आधार माना जा रहा है ।

5. प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित किया कि उसे अप्रार्थी विभाग द्वारा दिनांक 25-7-1991 से कम्पायलर के पद पर सेवा में नियोजित किया गया । नियुक्ति आदेश मौखिक था, लिखित में कोई आदेश नहीं दिया गया । बाद में सहायक निदेशक, जनगणना, कोटा कार्यालय समाप्त हो गया एवं उसका कार्य जनगणना, राजस्थान जयपुर द्वारा किया जा रहा है । यह कार्य भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा महापंजीयक के तहत करवाया जाता है जिसमें जिला स्तर पर सहायक निदेशक व राज्य स्तर पर निदेशक जनगणना का कार्य करते हैं । इस कार्य के लिए कर्मकारों की नियुक्ति, पदों की स्वीकृति महापंजीयक, जनगणना, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा की जाती है जिसमें प्रार्थी श्रमिक के कम्पायलर के पद की स्वीकृति भी दिनांक 21-12-93 तक जारी की गयी थी । प्रार्थी श्रमिक ने अपनी नियुक्ति तिथि से 30-6-92 तक लगातार 240 दिन से अधिक समय तक कार्य किया है एवं प्रार्थी के पद की स्वीकृति भी महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा 30-11-93 तक बढ़ा दी गयी थी परन्तु इसके बावजूद भी प्रार्थी को 1-7-92 से कार्य पर आने से मना कर दिया एवं 1-7-92 को जब प्रार्थी कार्य पर गया तो उसकी सेवायें समाप्त कर दी गयी । इस सम्बन्ध में उसे कोई लिखित आदेश नहीं दिया गया, मौखिक रूप से सेवा समाप्त की गयी । प्रार्थी की सेवा समाप्ति छंटनी की तारीफ में आता है एवं सेवा समाप्ति से पहले प्रार्थी की वरिष्ठता सूची का कोई प्रकाशन भी नहीं किया गया, अन्त में आये पहले जाये सिद्धांत की पालना भी नहीं की गयी तथा छंटनी के आज्ञापक प्रावधानों की पालना भी नहीं की गयी, कार्य दिवसों की संख्या भी कम करने के लिए उसमें कृत्रिम रूप से कमी दिखाई गयी । प्रार्थी की सेवायें दिनांक 30-6-92 को समाप्त करना व सेवा समाप्ति से पहले धारा 25-एफ, जी, एच की पालना नहीं करना विधिसम्मत नहीं है । प्रार्थी द्वारा इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर बेंच में एक रिट याचिका संख्या 4295/92 प्रस्तुत की गयी जो दिनांक 9-5-97 को निर्णित की गयी एवं प्रार्थी को समझौता अधिकारी के यहाँ कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया । समझौता अधिकारी के यहाँ वार्ता असफल हुई । फिर प्रार्थी ने पुन: एक रिट याचिका माननीय उच्च न्यायालय में 2479/99 प्रस्तुत की जिसमें सरकार को औद्योगिक विवाद रेफर करने का आदेश दिया गया एवं उस आदेश के अनुसरण में भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा यह विवाद इस न्यायाधिकरण को रेफर किया गया । अत: प्रार्थी ने अपने क्लेम स्टेटमेन्ट के माध्यम से उसके कम्पायलर/चेकर पद से अप्रार्थी द्वारा दिनांक 30-6-92 से मौखिक रूप से सेवायें समाप्त करना अवैध घोषित करने के साथ ही लगातार सेवा में माने जाने व पिछले वेतन व परिलाभों व सेवा की निरन्तरता के साथ सेवा में बहाल किये जाने के अनुतोष की मांग की है ।

6. अप्रार्थी द्वारा इसका जवाब पेश किया गया जिसमें वर्णित किया गया कि केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रत्येक 10 वर्ष में जनगणना का कार्य करवाया जाता है । वर्ष 1991 में भी पूरे देश में राजस्थान सहित जनगणना का कार्य करवाया गया । जनगणना के बढ़े हुए अतिरिक्त कार्य के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के पद अल्पावधि के लिए उपलब्ध करवाये जाते हैं एवं वे पद जनगणना कार्य पूरा होने के साथ की समाप्त हो जाते हैं । भारत के महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा भी अपने आदेश दिनांक 6-11-90 के द्वारा कुल 1864 पद 1-3-91 से 29-2-92 तक की अवधि के लिए स्वीकृत

किये गये एवं पदों को बाद में तार दिनांक 4-3-92 के द्वारा जून, 92 तक जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी । अत: प्रार्थी का यह कथन असत्य है कि इसकी नियुक्ति मौखिक रूप से की गयी, अपितु इन पद हेतु विज्ञापन के अनुसार साक्षात्कार के आधार पर अनुबन्ध पर प्रार्थी की नियुक्ति कम्पायलर के पद पर की गयी थी । प्रार्थी का प्रथम अनुबन्ध इसकी नियुक्ति तिथि से 29-2-92 तक व दूसरा अनुबन्ध 3-3-92 से 30-6-92 तक हस्ताक्षरित किया गया था । प्रार्थी का यह कथन भी गलत है कि उसके पद की स्वीकृति 21-12-93 तक ही जारी की गयी । सभी क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जिसमें कोटा कार्यालय भी सम्मिलित है, 30-6-92 को ही बन्द कर दिये गये थे एवं अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार पद समाप्ति के साथ ही प्रार्थी को सेवा से पृथक कर दिया गया था । प्रार्थी का अनुबन्ध में वर्णित समेकित वेतन रु. 900 प्रतिमाह पर अनुबन्धित किया गया था वे उसने स्वयं ने अपनी इच्छा से अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये, अत: मौखिक रूप से नियुक्ति किये जाने का तथ्य असत्य व भ्रामक है । इसके अलावा महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा केवल नियमित पदों की स्वीकृति 31-12-93 तक जारी की गयी थी जबकि कम्पायलर के पद तो 30-6-92 तक ही उपलब्ध थे । चूँकि प्रार्थी अनुबन्ध के आधार पर अनुबन्धित था, अत: वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाना या हटाने से पहले क्षतिपूर्ति दिया जाना कतई आवश्यक नहीं था एवं वैसे भी जनगणना का कार्य "उद्योग" की श्रेणी में नहीं आता है, ऐसा "भवानीशंकर गौतम बनाम निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, राज. जयपुर-प्रकरण सं. औ.न्या./केन्द्रीय/21/99" के मामले में दिये गये निर्णय से भी स्पष्ट है । इसके अलावा अपने जवाब में अप्रार्थी ने प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट में वर्णित तथ्यों को अस्वीकार करते हुए अन्त में प्रार्थी के क्लेम स्टेटमेन्ट को खारिज किये जाने की प्रार्थना की है ।

7. इसके पश्चात साक्ष्य प्रार्थी में प्रार्थी श्रमिक दानमल का शपथ पत्र पेश किया गया, अप्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी एवं साक्ष्य अप्रार्थी में गवाह एच.सी.शर्मा का शपथ-पत्र पेश हुआ, प्रार्थी द्वारा उससे जिरह की गयी । प्रलेखीय साक्ष्य में उभयपक्ष की ओर से कुछ प्रदर्श जिनमें कि महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 30-11-93 की प्रति, रेफ्रेन्स की प्रति, उभयपक्ष के मध्य निष्पादित संविदा-प्रपत्र, महापंजीयक कार्यालय से जारी तार की फोटोप्रति एवं इसके अनुसरण में निदेशक, निदेशालय, जनगणना राजस्थान, जयपुर द्वारा समस्त क्षेत्रीय जनगणना/सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 से समाप्त करने के पत्र व भारत सरकार के महापंजीयक जनगणना द्वारा जनगणना कार्य हेतु प्रत्येक राज्य के निदेशालय हेतु स्वीकृत पदों की संख्या आदि के पत्र हैं, को प्रदर्शित करवाया गया । हालाँकि सभी प्रकरण में ये पत्र प्रदर्शित नहीं हुए परन्तु चूँकि सभी के लिए यह सामग्री आधारभूत है, अत: सभी प्रकरणों के विनिश्चय के लिए इन्हें भी आधार माना गया है ।

8. उभयपक्ष की साक्ष्य समाप्ति के पश्चात बहस अन्तिम सुनी गयी । बहस के दौरान प्रार्थी की ओर से उनके विद्वान प्रतिनिधि ने दलील दी कि प्रार्थी की नियुक्ति एवं सेवा समाप्ति, दोनों ही मौखिक थीं । प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा काम किया, इस तथ्य को दोनों पक्ष स्वीकार करते हैं । जनगणना अधिनियम की धारा 4, 11 एवं 18 को उन्होंने उद्धृत किया । धारा 4 में जनगणना कार्य के लिए किनको नियुक्त किया जायेगा व किस प्रकार से पर्यवेक्षण किया जायेगा, इसका उपबंध है । धारा 11 में जनगणना कार्य की सूचना को हटाने या नष्ट करने या उन्हें कूट-रचित बनाने या अन्य कोई ऐसा ही अनुचित कृत्य करता है तो उसके लिए क्या दण्ड हो सकता है, इसके प्रावधान हैं तथा धारा 18 में नियम बनाने की शक्तियों का उल्लेख है । आगे इसी अधिनियम में कम्पायलर के पद का उल्लेख हुआ है । उनके द्वारा संविधान के अनुच्छेद 53, 73 एवं 299 को भी उद्धृत किया गया है । जो अनुबन्ध निष्पादित किया जाना बताया जा रहा है उसमें तो प्रार्थी ने केवल हस्ताक्षर ही किये, बाकी सभी इबारत तो अप्रार्थी द्वारा ही भरी गयी है एवं कोई भी अनुबन्ध दोनों पक्षकारों का एक साथ हस्ताक्षर करने पर ही पूर्ण होता है । इस मामले में अनुबन्ध में जहाँ एक ओर प्रार्थी ने कोटा में हस्ताक्षर किये तो भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से वी.एस. सिसोदिया, निदेशक ने हस्ताक्षर किये जबकि वी.एस. सिसोदिया कोटा में उपस्थित नहीं होकर जयपुर में थे, अत: ऐसा अनुबन्ध विधिसम्मत नहीं कहा जा सकता है एवं इस मामले में अनुबन्ध के प्रावधान लागू भी नहीं होते हैं । प्रार्थी को तो रोजगार चाहिए था, अत: जहाँ पर भी अप्रार्थी ने हस्ताक्षर करवाये, वहाँ उसने हस्ताक्षर कर दिये । प्रार्थी का पद 30-11-93 तक उपलब्ध होने के बावजूद भी उसकी सेवायें 30-6-92 को ही समाप्त कर दी गयी एवं जब प्रार्थी ने 240 दिन से ज्यादा की सेवायें दी हैं तो उसे एक माह का नोटिस अथवा नोटिस अवधि का वेतन व मुआवजा देकर ही सेवायें समाप्त की जानी चाहिए थीं, अत: इन समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थी का क्लेम स्वीकार किया जावे व इस सम्बन्ध में उसकी ओर से निम्नलिखित न्यायनिर्णय उद्धृत किये गये :-

"(1) सावित्री विजय बनाम भारत संघ-2008 (5) डब्ल्यू.एल.सी./राज./पृष्ठ 340—इस न्यायनिर्णय में जनगणना विभाग में नियुक्त कर्मकारों की सेवायें धारा 25-एफ की पालना किये जाने के बगैर समाप्त किये जाने पर मामले को औद्योगिक न्यायाधिकरण को भेजे जाने हेतु निर्देश दिये गये ।

(2) अनूप शर्मा बनाम अधिशासी अभियन्ता, पी.एच.डी. खण्ड-1 पानीपत/हरियाणा—2010(2)आर.एल.डब्ल्यू. 1586(एस.सी)—इस मामले में धारा 25-एफ की पालना नहीं किये जाने पर कर्मचारी सेवा की निरन्तरता के साथ हकदार होंगे, ऐसा प्रतिपादित किया गया ।

(3) हरजिंदर सिंह बनाम पंजाब राज्य भण्डारण निगम-2010 सीडीआर 401 (एस.सी.) के मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ नियोक्ता द्वारा "अन्त में आये प्रथम जाये" नियम का उल्लंघन करना सिद्ध हो जाता है तो फिर 240 दिन की अवधि तक कार्य करने की पूर्व शर्त अपेक्षित नहीं है ।

(4) कमिश्नर केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं अन्य बनाम अनिल कुमार सिंह व अन्य-(2003)10 एस.सी.सी. 284 इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदात्मक नियुक्ति हुई है

तो ऐसे कर्मकार की संविदा समाप्त होने की तिथि तक ही सेवा समाप्त नहीं की जानी चाहिए अपितु नियमित भर्ती तक उसकी सेवायें रखी जानी चाहिए थीं, अत: इस मामले में प्रार्थीगण को नियमित नियुक्ति हेतु आवेदन करने की अनुमति दी गयी ।

(5) राजस्थान राज्य बनाम गिरिराज प्रसाद एवं अन्य—2008 डब्ल्यू. एल.सी.(राज.) यू.सी. पृष्ठ 730—इस मामले में अंशकालीन कर्मकार को भी धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान का लाभ प्राप्त करने का अधिकारी माना गया ।"

9. इसके विपरीत अप्रार्थी की ओर से यह दलील दी गयी कि सर्वप्रथम तो प्रार्थी ने अपनी सेवा में नियुक्ति तथा समाप्ति दोनों ही अप्रार्थी द्वारा मौखिक रूप से बतायी है वह सर्वथा असत्य है, अपितु प्रार्थी की नियुक्ति लिखित अनुबन्ध के आधार पर हुई थी एवं यह लिखित अनुबन्ध स्वयं प्रार्थी के द्वारा हस्ताक्षरित है एवं ऐसे अनुबन्ध पर प्रार्थी ने अपने हस्ताक्षर होना भी स्वीकार किया है । अत: अब प्रार्थी उस अनुबन्ध से परे जाकर यदि कोई कथन करता है तो वह कोई महत्व नहीं रखता है । प्रार्थी ने अनुबन्ध के तथ्यों को ही छिपा दिया है । प्रार्थी ने यह विवाद भी करीबन 10-11 वर्ष की देरी से उठाया है । इसके अलावा जनगणना का कार्य तो भारत सरकार द्वारा प्रति 10 वर्ष में एक बार कराया जाता है एवं उसमें महापंजीयक, जनगणना, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक राज्य में जनगणना कराने के लिए आकस्मिक रूप से जिन पदों की जितने समय के लिए आवश्यकता होती है, वही स्वीकृति जारी होती है एवं उस स्वीकृति के अनुसरण में ही राज्य स्तर पर जनगणना निदेशक द्वारा प्रत्येक जिले के लिए अनुबन्ध के आधार पर संविदाकर्मी रखे जाते हैं । प्रार्थी को भी संविदा के आधार पर रखा गया था । औ.वि. अधिनियम की धारा 2(oo)(बीबी) में जहाँ किसी कर्मकार की संविदा के अनविनिकरण के कारण संविदा तिथि समाप्त होने पर सेवा समाप्त कर दी गयी है तो वह छंटनी की तारीफ में नहीं आता । अत: इस परिभाषा से ही यह स्पष्ट है कि इस मामले में प्रार्थी की छंटनी नहीं की गयी अपितु इसकी सेवायें संविदा समाप्त होने के साथ ही स्वत: समाप्त हो गयी थी । इसके अलावा अप्रार्थी की ओर से एक दलील यह भी दी गयी कि जनगणना निदेशक द्वारा जो पत्र दि. 30-11-93 को जारी किया गया था वह केवल उन्हीं कर्मकारों के सम्बन्ध में था जो पहले से ही नियमित रूप से नियुक्त होकर जनगणना के कार्य में लगे हुए थे, अन्यथा आकस्मिक रूप से या संविदा के आधार पर रखे गये संविदाकर्मियों की तो सेवायें 30-6-92 के पश्चात् जारी नहीं रखने का स्वयं जनगणना निदेशक का तार दिनांक 4-3-92 का है जिसमें स्पष्ट कर दिया गया था कि क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालय जून, 92 तक ही काम कर पायेगें एवं इसी अनुसरण में निदेशक, जनगणना राजस्थान द्वारा पूरे राजस्थान राज्य में क्षेत्रीय सारणीयन कार्यालयों को 30-6-92 को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया । अत: जब प्रार्थी का ना तो कोई कार्य शेष रहा एवं ना ही कोई स्वीकृति थी तो फिर कैसे इसे और आगे रखा जाता । इसके अलावा जनगणना विभाग किसी उद्योग की श्रेणी में भी नहीं आता है क्योंकि वहाँ पर कोई औद्योगिक एवं व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित नहीं होती हैं, यह राज्य का एक सार्वभौमिक कर्तव्य है । प्रार्थी स्वच्छ हाथों से न्यायाधिकरण के समक्ष नहीं आया है, अत: प्रार्थी का क्लेम स्टेटमेन्ट खारिज किया जावे । पूर्व में भी इस न्यायाधिकरण द्वारा इसी प्रकार के कुछ प्रकरण खारिज किये जा चुके हैं । उक्त दलीलों के अलावा निम्न न्यायदृष्टांत भी अप्रार्थी की ओर से उद्धृत किये गये हैं :—

"(1) 1996 लेब.आई.सी. पृष्ठ 915(एस.सी.)—सुल्तान सिंह बनाम हरियाणा राज्य—इस मामले में जहाँ राज्य सरकार ने किसी औद्योगिक विवाद को औद्योगिक विवाद नहीं मानते हुए रेफर करने से इन्कार कर दिया तो माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सरकार के निर्णय में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया गया ।

(2) प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स बनाम श्रम न्यायालय कोजीकोड एवं अन्य—2000 लेब.आई.सी. 649 (केरला उ. न्या.)—इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ संविदा के नवीनीकरण नहीं होने के कारण सेवायें समाप्त हो गयी हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(3) श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए एवं अन्य—आर.एल.डब्ल्यू. 2003 (1) राज. पृष्ठ 171- इस न्यायनिर्णय में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ कर्मकार संविदा पर निश्चित अवधि के लिए नियुक्त हुआ, उसने वह संविदा स्वीकार की एवं संविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात् सेवा समाप्त हुई तो कर्मकार सेवा में नियुक्त किये जाने का अधिकारी नहीं हो सकता ।

(4) अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा- -2001(3) राज. पृष्ठ 1465—इस मामले में भी जहाँ अस्थायी रूप से या तदर्थ संविदा के आधार पर नियुक्ति हुई है तो सेवा समाप्ति के उपरान्त कोई लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं माना गया ।

(5) अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेश कुमार के. भट्ट -2000 लेब.आई.सी. 818 (गुजरात उ. न्या.)— इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी विशेष अवधि के लिए नियुक्ति हुई हो तो उस अवधि के समाप्त होने पर उस सेवा समाप्ति को छंटनी नहीं माना जा सकता ।

(6) एस.एम. निलाजकर बनाम टेलीकॉम डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, कर्नाटका- 2003(97) एफ.एल.आर. 608—इस मामले में प्रतिपादित किया गया कि जहाँ किसी योजना के समाप्त होने के साथ ही कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो वह छंटनी की परिधि में नहीं आता है ।

(7) नवोदय विद्यालय बनाम श्रीमती के.आर. हेमावेत्ती- 2000 लेब. आई.सी. 3745 (कर्नाटक उ.न्या.) -इस मामले में यह प्रतिपादित किया गया कि जहाँ अस्थायी नियुक्ति संविदा के अधीन निश्चित अवधि के लिए हुई है तो 240 दिन से ज्यादा काम करने पर भी उसकी सेवा अवधि समाप्त होने पर सेवा से पृथक किया जाना छंटनी की परिभाषा में नहीं आता ।"

10. हमने उभयपक्ष द्वारा दी गयी दलीलों तथा उद्धृत किये गये न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धांतों पर मनन किया ।

11. जहाँ तक प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत "सावित्री विजय" के निर्णय का सवाल है, इस निर्णय में तो मात्र सरकार को विवाद अधिनिर्णय के लिए निर्देशित किये जाने का आदेश दिया गया । अब हस्तगत मामले में प्रार्थी की सेवायें किस प्रकार की थीं, क्या वह नियमित रूप से भरती की नियमित प्रक्रिया से गुजरकर नियुक्त हुआ या उसे दैनिक अनुबन्ध पर या अवधि विशेष के लिए अनुबंधित किया गया ? इस सम्बन्ध में प्रार्थी की ओर से दलील दी गयी कि प्रार्थी को सेवा में मौखिक रूप से नियुक्त किया गया एवं मौखिक रूप से हटाया गया । अप्रार्थी की ओर से इसका खण्डन किया जाकर प्रार्थी द्वारा संविदा के रूप में नियुक्त होने के संविदा-प्रपत्र की ओर न्यायाधिकरण का ध्यान आकृष्ट किया गया । इस संविदा-पत्र का अवलोकन करने पर यह पाया जाता है कि इसमें प्रार्थी/प्रार्थीया को कम्पायलर/चेकर/आकस्मिक श्रमिक/दैनिक वेतन भोगी श्रमिक के रूप में संविदा निष्पादन की तिथि से लेकर 29-2-92 तक व उसके बाद में एक और संविदा-पत्र के द्वारा 30-6-92 तक रखा गया । अत: ऐसे में जब किसी नियोजन के सम्बन्ध में लिखित रूप से दस्तावेजात पक्षकारों के मध्य निष्पादित हुए हैं तो ऐसे में उन दस्तावेजात से परे जाकर कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार नहीं की जा सकती एवं ना ही अब यह प्रार्थी ऐसे दस्तावेज का खण्डन कर सकता है । स्वयं प्रार्थी ने अपनी जिरह में स्वीकार किया है मुझे कांट्रेक्ट पर रखा गया तथा एक अनुबन्ध समाप्त होने पर दूसरा अनुबन्ध-पत्र भरवाया गया मैंने 30-6-92 तक ही काम किया तथा जितने दिन काम किया उतने दिनों का वेतन मिल चुका है । अनुबन्ध हमने नहीं पढ़ा, बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर दिये । इस सम्बन्ध में न्यायाधिकरण का इतना ही कहना पर्याप्त है कि जहाँ एक व्यक्ति जनगणना विभाग में कार्य करने जा रहा है एवं उसने एक बार या दो बार अनुबन्ध अप्रार्थी के साथ किया है एवं वह बिना पढ़े ही हस्ताक्षर कर रहा है जबकि प्रार्थी उम्रयाप्ता व्यक्ति है तो क्या उससे ऐसी अपेक्षा की जा सकती है? इस सम्बन्ध में उत्तर नकारात्मक ही होगा । कोई भी व्यक्ति बिना पढ़े अनुबन्ध पर शायद ही हस्ताक्षर करेगा, यदि उसे अनुबन्ध की शर्तें मंजूर नहीं थी तो । अत: अब उस अनुबन्ध के सम्बन्ध में यह अभिकथन करना कि उसके खाली कागज पर हस्ताक्षर करा लिये गये एवं उसने अनुबन्ध नहीं पढ़ा, इस प्रकार की दलीलें स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है एवं यदि इस प्रकार की दलीलें किसी लिखित अनुबन्ध के सम्बन्ध में स्वीकार कर ली जायेंगी तो फिर अनुबन्ध की प्रत्येक शर्त या इबारत के खण्डन में मौखिक दलील आयेंगी एवं लिखित अनुबन्ध का कोई अर्थ नहीं रहेगा, जबकि भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 में जहाँ कोई लिखित दस्तावेज निष्पादित किया गया है तो उस दस्तावेज के कन्टेन्ट्स (अन्तर्वस्तु) के सम्बन्ध में कोई मौखिक साक्ष्य स्वीकार किये जाने का निषेध है । अत: प्रार्थी की ओर से इस अनुबन्ध के खण्डन में जो मौखिक दलील दी गयी वह किसी भी रूप में स्वीकार किये जाने योग्य नहीं रहती है ।

12. प्रार्थी की ओर से यह दलील कि उसके अनुबन्ध की तिथि दिनांक 31-12-93 तक थी एवं उसे बीच में हटा दिया गया, इस सम्बन्ध में अप्रार्थी की ओर से महापंजीयक, जनगणना के तार की फोटोप्रति प्रदर्शित करवायी गयी है । इसमें यह वर्णित किया गया कि जो आयोजना से भिन्न या अस्थायी प्रकृति के पद थे, उन्हें समाप्त किये जाने के निर्देश हैं एवं इसी के अनुसरण में जनगणना निदेशालय, राजस्थान द्वारा 30-6-92 को ऐसे पदों को समाप्त किये जाने का आदेश दिया गया एवं उसी के तहत प्रार्थी का अनुबन्ध समाप्त कर सेवायें समाप्त की गयी तो इस सम्बन्ध में इतना ही कहना पर्याप्त है कि निदेशक, जनगणना विभाग द्वारा पूर्व में वर्ष 90 में जो पद सृजित किये गये थे, वे जनगणना कार्य के लिए ही थे एवं जैसे ही जनगणना कार्य पूरा हो गया एवं उन पदों की आवश्यकता नहीं रही तो अनुबन्ध समाप्त कर दिया गया, इसमें किसी प्रकार की कोई दुर्भावना लेशमात्र भी नहीं थी एवं यह कार्य ना केवल राजस्थान अपितु पूरे भारत वर्ष में किया गया, अत: इसे विभेदात्मक या भेदभावपूर्वक भी नहीं कहा जा सकता है ।

13. अप्रार्थी की ओर से जो न्यायनिर्णन "प्रबन्धक, जयभारत प्रिन्टर्स एवं पब्लिशर्स/प्रा. लि. कालीकट बनाम श्रम न्यायलय, कोजीकोड" का उद्धृत किया गया है एवं अन्य न्यायनिर्णय "श्यामलाल सोनी बनाम जेडीए, अनिल कुमार शर्मा बनाम जिला महिला विकास अभिकरण, बाँसवाड़ा अधिशासी अभियन्ता, भवन एवं पथ विभाग, राजकोट बनाम रमेशकुमार के. भट्ट" जो उद्धृत किये गये हैं, इन सभी में यह स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि जहाँ कोई नियुक्ति अनुबन्ध के तहत हुई है तो फिर उस अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर या निश्चित अवधि समाप्त होने के फलस्वरूप यदि सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे छंटनी नहीं माना जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम की पालना किया जाना अपेक्षित नहीं है। हस्तगत मामले में भी प्रार्थी की अनुबन्ध के तहत सेवायें समाप्त हुई हैं तो ऐसी सेवा समाप्ति को छंटनी की तारीफ में नहीं लिया जा सकता एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना किया जाना लाजिमी नहीं कहा जा सकता ।

14. इस सम्बन्ध में माननीय उच्चतम न्यायालय का न्यायनिर्णय "सैक्रेट्री, स्टेट ऑफ कर्नाटका एवं अन्य बनाम उमादेवी एवं अन्य (2006) 4 एस.सी.सी. पृष्ठ 1" का भी महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय के कुछ अंश इस प्रकार के विवाद के सम्बन्ध में निम्नानुसार है :

> "Service Law—Casual Labour/Temporary Employee—Status and rights of Unequal bargaining power—Effect—Held, such employees do not have any right to regular or permanent public employment—Further, temporary, contractual, casual, ad hoc or daily-wage pubic employment must be deemed to be accepted by the employee concerned fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it Reasons for, discussed in detail—Labour Law."

"Phenonmenon of 'litigious employment' which had arisen due to issuance of such directions by High Courts, and even Supreme Court, hiqhlighted- -Held, merely because an employee had continued under cover of an order of the court, under 'litigious employment' or had been continued beyond the term of his appointment by the State or its instrumentalities, he would not be entitled to any right to be absorbed or made permanent in service, merely on the strength of such continuance, if the original appointment was not made by following a due process of selections as envisaged by the relevant rules—It is further not open to the court to prevent regular recruitment at the instance of such employees—Unsustainability of claim to permanence on basis of long continuance in irregular or illegal public employment, discussed in detail."

इसी न्यायनिर्णय के पैरा 30 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा जो टिप्पणी की गयी है वह भी महत्वपूर्ण है जो निम्नानुसार है:-

"Their Lordships cautioned that if directions are given to re-engage such persons in any other work or appoint them against existing vacancies, 'the judicial process would become another mode of recruitment dehors the rules'."

इसी न्यायनिर्णय में आगे पैरा नं. 45 एवं 47 के कुछ अंश भी निम्नानुसार हैं: -

"While directing that appointments, temporary or casual, be regularised or made permanent, the courts are swayed by the fact that the person concerned has worked for some time and in some cases for a considerable length of time. It is not as if the person who accepts an engagement either temporary or casual in nature, is not aware of the nature of his employment. He accepts the employment with open eyes. It may be true that he is not in a position to bargain- not at arm's length—since he might have been searching for some employment so as to eke out his livelihood and accepts whatever he gets. But on that ground alone, it would not be appropriate to jettison the constitutional scheme of appointment and to take the view that a person who has temporarily or casually got employed should be directed to be continued permanently. By doing so, it will be creating another mode of public appointment which is not permissible. If the court were to void a contractual employment of this nature on the ground that the parties were not having equal bargaining power, that too would not enable the court to grant any relief to that employee. A total embargo on such casual or temporary employment is not possible, given the exigencies of administration and if imposed, would only mean that some people who at least get employment temporarily, contractually or casually, would not be getting even that employment when securing of such employment brings at least some succour to them. After all, innumerable citizens of our vast country are in search of employment and one is not compelled to accept a casual or temporary employment if one is not inclined to go in for such an emloyment. It is in that context that one has to proceed on the basis that the employment was accepted fully knowing the nature of it and the consequences flowing from it. In other words, even while accepting the employment, the person concerned knows the nature of his " employment. It is not an appointment to a post in the real sense of the term. The claim acquired by him in the post in which he is temporarily employed or the interest in that post cannot be considered to be of such a magnitude as to enable the giving up of the procedure established, for making regular appointments to available posts in the services of the State. The argument that since one has been working for some time in the post, it will not be just to discontinue him, even though he was aware of the nature of the employment when he first took it up, is not (sic) one that would enable the jettisoning of the procedure established by law for public employment and would have to fail when tested on the touchstone of constitutionality and equality of opportunity enshrined in Article 14 of the Constitutions."

"When a person enters a temporary employment or gets engagement as a contractual or casual worker and the engagement is not based on a proper selection as recognised by the relevant rules or procedure, he is aware of the consequences of the appointment being temporary, casual or contractual in nature. Such a aperson cannot invoke the theory of legitimate expectation for being confirmed in the post when an appointment to the post could be made only by following a proper procedure for selection and in cases concerned, in consultation with the Public Service Commission. Therefore, the theory of legitimate expectation cannot be successfully advanced by temporary, contractual or casual employees."

इसके अलावा "राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जयपुर बनाम सदासुख गूर्जर-आर.एल.डब्ल्यू. 2002(4) राज. पृष्ठ 2500" के मामले में माननीय उच्चतम न्यायलय ने यह प्रतिपादित किया कि जहाँ कर्मकार की अनुबन्ध के तहत निश्चित अवधि के लिए नियुक्ति हुई है एवं अनुबन्ध का नवीनीकरण नहीं करने पर एवं अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने पर कर्मकार की सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो ऐसे में धारा 25-एफ अधिनियम के प्रावधान की पालना अपेक्षित नहीं है ।

16. इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) में "छंटनी" की परिभाषा में जो कर्मकार की सेवायें समाप्त करना बताया गया है, उसके अपवाद (बीबी) में यह वर्णित है कि जहाँ वर्तमान कर्मकार की संविदा के नवीनीकरण के अभाव में सेवायें समाप्त हो जाती हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता ।

17. अत: उपरोक्त विधिक स्थिति एवं न्यायनिर्णयों के आलोक में यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि जहाँ संविदाकर्मी की सेवायें संविदा के तहत समाप्त हो चुकी हैं तो उसे "छंटनी" नहीं माना जा सकता । इसके अलावा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा ऊपर उद्धृत किये गये "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में इस दलील को भी अस्वीकृत कर दिया गया कि अनुबन्ध पर हस्ताक्षर करते समय कर्मकार ने उसे पढ़ा ही नहीं, आदि बाबत आपत्तियाँ इस निर्णय के आलोक में किंचित मात्र स्वीकार योग्य नहीं रहती है ।

18. इसके अलावा "मोह., राजमोहम्मद बनाम औ.न्या. एवं श्रम न्यायालय, वारंगल एवं अन्य-2003(2) एल.एल.जे. पृष्ठ 1149" के मामले में माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जनगणना विभाग के सम्बन्ध में निम्न निष्कर्ष निकाला गया है:-

> "The Census Department of the Government of India cannot be said to be an Industry under Section 2(j) of the Industrial Disputes Act, as the functions and activities carried on by the said Department is purely severeign functions and welfare of the entire nation depends on the information collected, tabulated and prepared by the said department. Hence, the respondent cannot be called to be an Industry within the meaning of Section 2(j) of the Industrial Disputes Act. The function of enumeration of Census work is purely a sovereign function."

19. इसके अलावा एक और न्यायनिर्णय "रामलत बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य-2011(130) एफ.एल.आर. (इला.उ.न्या.) पृष्ठ 484" का महत्वपूर्ण है । इस न्यायनिर्णय में भी माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कुष्ठ उन्मूलन योजना समाप्त हो जाने पर उस योजना में लगे कर्मकारों द्वारा राज्य के अन्य विभाग में समायोजन किये जाने की याचिका पर निम्नानुसार निष्कर्ष दिया गया है :-

> "Appointmen—Under the National Leprosy Eradication Programme launched by Central Government— Non-extention of scheme—work refused—Writ Court directed the State to take policy decision for their absorption in any other medical or non-medical department— Approach to State Government— Absorption refused— Legality of Rightly observed that the absorption of the petitioners against post available in other medical health department would only amount to back door entry which is legally not permissible—No interference warranted—Petition dismissed."

20. अत: ऊपर वर्णित न्यायनिर्णयों में प्रतिपादित सिद्धातों की विधिक स्थिति आदि के विवेचन के उपरान्त यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रार्थी एक संविदा के अधीन नियुक्त कर्मी था ना कि मौखिक रूप से उसे सेवा में नियोजित किया गया एवं ना ही उसे मौखिक रूप से हटाया गया, अपितु संविदा समाप्त होने के उपरान्त उसकी सेवायें समाप्त हुई, अत: ऐसे में उसकी सेवायें समाप्त होना किसी भी रूप में "छंटनी" की परिधि में नहीं आता है । प्रार्थी की संविदा निष्पादन के सम्बन्ध में दी गयी दलीलें भी ऊपर किये गये विवेचन व माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा "कर्नाटक राज्य बनाम उमादेवी एवं अन्य" के मामले में दिये गये निर्णय से स्वत: सार रहित हो जाती हैं एवं माननीय आन्ध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने तो ऊपर उद्धृत किये गये न्यायनिर्णय में भारत सरकार के जनगणना विभाग को "उद्योग" की श्रेणी में ही नहीं माना है एवं इसके अलावा अधिनियम की धारा 2(oo) के अपवाद (बीबी) के तहत जहाँ सेवायें अनुबन्ध के समाप्ति के कारण समाप्त हो जाती है तो उसे छंटनी की परिधि में नहीं लाया जा सकता है एवं ऐसे में धारा 25-एफ की पालना भी अपेक्षित नहीं है । प्रार्थी स्वयं ने अनुबन्ध निष्पादित किये जाने के तथ्य को स्वीकार किया है । अनुबन्ध के तहत ही उसने अपनी सेवायें दी हैं । तब उस अनुबन्ध की वैधता का विनिश्चय इस मामले में नहीं किया जा सकता है कि वह अनुबन्ध वैध था या अवैध क्योंकि वह अनुबन्ध अब समाप्त हो चुका है । इसके अलावा प्रार्थी द्वारा अपना विवाद भी करीबन 10 वर्ष की देरी से उठाया गया है जिसका भी कोई संतोषप्रद कारण प्रकट नहीं किया गया है । प्रार्थी की सेवायें अप्रार्थी द्वारा मनमाने तरीके से या भेदभावपूर्वक समाप्त नहीं की जाकर पूरे भारत वर्ष के अन्य जनगणना कर्मियों के साथ समाप्त की गयी है । यह प्रार्थी व अन्य प्रार्थीगण में से कोई यदि भर्ती की नियमित प्रक्रिया से गुजरे तो वे उस भर्ती प्रक्रिया में शामिल किये जाने योग्य भी नहीं थे क्योंकि कुछ प्रार्थीगण तो अधिकतम आयु सीमा से भी काफी ऊपर की आयु सीमा तक पहुँच चुके थे । अत: इन सभी तथ्यों एवं ऊपर किये गये विवेचन का समेकित सार यही है कि प्रार्थी की इस मामले में सेवा समाप्ति जो 30-6-92 को अप्रार्थी द्वारा की गयी है, वह अनुबन्ध की समाप्ति के फलस्वरूप की गयी है एवं ऐसे में प्रार्थी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं बनता है ।

परिणामस्वरूप भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रासांगिक आदेश क्रमांक एल-42012/109/2002-आईआर (डीयू) दिनांक 10-4-2002 के जरिये सम्प्रेषित निर्देश/रेफ्रेन्स को इसी अनुरूप उत्तरित किया जाता है कि हस्तगत मामले में अप्रार्थी निदेशक, जनगणना विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा प्रार्थी दानमल की जो सेवायें की गयी है, वह अनुबन्ध के तहत ही की गयी है एवं ऐसे में उनका यह कृत्य उचित एवं वैद्य था । अत: प्रार्थी दानमल किसी प्रकार का कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है ।

प्रकाश चन्द्र पगारीया, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2013

का.आ. 355.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार पूर्वोत्तर रेलवे के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, लखनऊ के पंचाट (संदर्भ संख्या 42/2008) को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 15-1-2013 को प्राप्त हुआ था ।

[सं. एल-41011/20/2008-आई आर (बी-I)]

सुमति सकलानी, अनुभाग अधिकारी

New Delhi, the 15th January, 2013

